जबलपुर
शुक्रवार 13 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-12
वर्ष : 20, अंक : 285
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00
मौसम
अधि. 26
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



एमओयू के बाद हस्ताक्षर दिखाते हुए

## एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का किया शुभारंभ

## भगवान विश्वकर्मा के साक्षात अवतार हैं इंजीनियर्स :सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्तमान समय में हमारे इंजीनियर्स साक्षात भगवान विश्वकर्मा के अवतार हैं। जैसा कहो, निर्माण कर देते हैं। लोक निर्माण विभाग ने पिछले 2 वर्षों के कार्यों के आधार पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इस अवधि में सराहनीय कार्य हुए हैं। डॉ. यादव गुरुवार को रवींद्र भवन में लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माण सिर्फ ईंट-पत्थर का संयोजन नहीं, एक अभिनव कला है। इसमें उत्कृष्ट दृष्टिकोण के साथ दीर्घकालिक कार्य योजना को अपनाया जाना चाहिए।

> सड़क एवं भवन विकास कार्यों के लिए हुए 4 एमओयू

**कार्यशाला नवाचारों की श्रृंखला का महत्वपूर्ण कदमः सिंह**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने क्षमता संवर्धन कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि विभाग की उस निरंतर सुधार यात्रा का प्रतीक है।

## संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जारी किया नया वीडियो, दावा- विपक्ष का चरित्र सामने आया

# कांग्रेस के 20-25 सांसदों ने स्पीकर को गालियां दी, प्रधानमंत्री को भी धमकी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुरुवार को संसद के बजट सत्र का 12वां दिन रहा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हुए हंगामे को लेकर नया वीडियो पोस्ट किया है। रिजिजू ने ने सोशल मीडिया पर पोस्ट वीडियो के साथ लिखा कि यह कांग्रेस सांसद द्वारा बनाया गया अवैध वीडियो क्लिप है।



किरेन रिजिजू | निशिकांत दुबे | राहुल गांधी

**वीडियो में** तेज आवाज में विरोध जताते दिखे सांसद



### भाजपा की मांगः राहुल की सांसदी रद्द हो, चुनाव लड़ना बैन किया जाए

भाजपा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ एक मूल प्रस्ताव पेश किया। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि उन्होंने नोटिस में बताया है कि राहुल गांधी सोरोस फाउंडेशन, फोर्ड फाउंडेशन और यूएसएआईडी के साथ जुड़े हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए थाईलैंड, कंबोडिया, वियतनाम और यूएस जैसे देशों की यात्रा की है। निशिकांत ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की।

### राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव नहीं लाएगी सरकार

राहुल गांधी के खिलाफ सरकार विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव नहीं लाएगी। सरकार इस मामले में सख्त कार्रवाई करने के इरादे में नहीं है। हालांकि, बताया जा रहा है कि राहुल गांधी ने कल लोकसभा में जो भाषण दिया था, उसमें कही गई कुछ बातें और आरोप प्रमाणित नहीं थे। ऐसे में संभावना इस बात की तेज हो गई है कि राहुल गांधी के लोकसभा में दिए गए ।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### दूरदर्शन की न्यूज रीडर रहीं सरला माहेश्वरी का निधन

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन का जाना पहचाना चेहरा और पॉपुलर न्यूज रीडर सरला माहेश्वरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 71 वर्ष की उम्र में आखिरी सांस ली। उनके चाहने वालों में शोक की लहर दौड़ गई है। सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले याद करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की।



### टी20 वर्ल्ड कपः टीम इंडिया ने नामीबिया को हराया

नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम ने नामीबिया को हराकर लगातार दूसरी जीत इस टूर्नामेंट में हासिल कर ली है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 9 विकेट खोकर 209 रन टांगे थे। जवाब में नामीबिया की टीम 116 रन तक पहुंच पाई और 93 रन से मैच हार गई। (विस्तृत खबर पेज 7 पर)

### रूस में वाट्सएप बैन हुआ मैक्स के उपयोग की अपील

**नई दिल्ली।** रूस ने स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में वॉट्सएप पर देशभर में बैन कर दिया है। क्रेमलिन ने नागरिकों से अब सरकारी मैक्स मैसेंजर इस्तेमाल करने की अपील की है।



### राजपाल की जमानत याचिका की खारिज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव की चेक बाउंस मामले की दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पर सुनवाई हुई, कोर्ट ने जमानत देने से मना कर दिया। 16 फरवरी को सुनवाई होगी।



**ट्रेड डील :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा

# डील की फैक्टशीट में संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की चर्चा इन दिनों सभी जगह है। इस डील की फैक्टशीट पर हाल ही में व्हाइट हाउस द्वारा कुछ बदलाव किए गए थे। अब इन बदलावों पर जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए हैं। यह दोनों देशों की साझा समझ को भी प्रदर्शित करते हैं। मीडिया से बात करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच में पारस्परिक लाभ और व्यापारिक लाभ को ध्यान में रखकर एक अंतरिम समझौते पर सहमति बनी थी। इसे संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है। अमेरिका की तरफ से इसमें जो भी संशोधन किए गए हैं, वह पूरी तरह से आपसी समझ को प्रदर्शित करते हैं। गौर हो कि लंबी बातचीत और कई दौर की मीटिंग के बाद आखिरकार भारत और अमेरिका के बीच एक समझौते पर मुहर लगी थी।




> *मंत्रालय ने कहा कि डील को संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है।*

**ये हुए बदलाव**

- *भारत द्वारा जिन अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने या समाप्त करने की बात पहले कही गई थी, उनमें से कुछ दालों को हटा दिया गया*
- *अमेरिका ने पहले 500 बिलियन डॉलर की खरीद पर भारत के प्रतिबद्ध होने की बात कही थी, इसे बाद में संशोधित करके 'इरादा रखता है' वाली बात जोड़ी गई*



रणधीर जायसवाल

> ***दोनों देशों के बीच में** पारस्परिक लाभ और व्यापारिक लाभ को ध्यान में रखकर एक अंतरिम समझौते पर सहमति बनी थी*

### सरकार ने किसानों के हितों को ताक पर नहीं रखा

ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से लगातार भारत और अमेरिका के बीच में तनाव बना हुआ था। यह तनाव इतना बढ़ गया कि ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को भी खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दी। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगातार बनाए गए दबाव के बाद भी सरकार ने किसानों के हितों को ताक पर नहीं रखा। महीनों की वार्ता के बाद आखिरकार दोनों देश एक समझौते पर पहुंचे।

### बंग्लादेश के जनादेश के बाद मुद्दों पर आगे विचार

बांग्लादेश में चुनावों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव के परिणामों का इंतजार करना चाहिए ताकि स्पष्ट हो सके कि जनता का जनादेश किस प्रकार का आया है,।

### ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भारत आएंगे

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के भारत दौरा को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा 18 से 22 फरवरी 2026 तक भारत के राजकीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति लूला दिल्ली में आयोजित होने वाले दूसरे एआई समिट (19-20 फरवरी) में भाग लेंगे।

### भारत-कनाडा सुरक्षा सहयोग को मिली मजबूती

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के कनाडा के ओटावा दौरे के संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि एनएसए ने अपने कनाडाई समकक्ष से मुलाकात की, जो सुरक्षा मामलों में चल रहे सहयोग और समन्वय का हिस्सा है।

**सिंगरौली में अंधविश्वास से खूनी खेल**

## जादू-टोने के शक में महिला और पुरुष के सिर किए धड़ से अलग

> दो अन्य लोग घायल पड़ोस में रहने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली



घटनास्थल पर पड़े शव

जिले के अतरवां गांव में जादू-टोना के संदेह पर एक महिला और एक पुरुष की निर्मम हत्या कर दी गई। आरोपियों ने मरने वालों के सिर धड़ से अलग कर दिए। इस दौरान बीच-बचाव का प्रयास करने पहुंचे दो अन्य लोगों पर भी वार किए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम अतरवां स्थित बैरिहवां टोला में रहने वाले छत्रपति सिंह ने पड़ोस में ही रहने वाले कमल नारायण सिंह और फूलकली सिंह की हत्या कर दी।

**'घूसखोर पंडत' के नाम पर कड़ी आपत्ति**

## सुप्रीम कोर्टः नया नाम बताओ वर्ना इसे रिलीज नहीं होने देंगे

> समाज के किसी वर्ग को अपमानित या बदनाम करने की इजाजत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फाइल फोटो

फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने संकेत दिया कि यदि फिल्म का नाम नहीं बदला गया तो इसकी रिलीज़ की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने निर्माताओं से कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समाज के किसी वर्ग को अपमानित या बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि रचनात्मक स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह पूर्णतः निरंकुश नहीं है। इसे संवैधानिक मूल्यों व सामाजिक संवेदनशीलता के दायरे में रहकर ही प्रयोग किया जाना चाहिए।

**अवैध खननः** कार्रवाई करने गई थी टीम

## वन कर्मचारियों को घेर बंधक बनाया और पीटा

> 30 से अधिक लोगों ने घटना को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

वन विभाग की सीमा में कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर कोल माफिया ने हमला कर दिया है,जिसमें रेंजर शहित कई वन कर्मियों के साथ मारपीट की गई है। रेंजर सहित वन अमले को बंधक बनाकर मारपीट की गई है। कोल माफियाओं के साथ 30 से अधिक लोगों की भीड़ ने घटना को अंजाम दिया है। यह घटना बुधवार की बीती रात में हुई है। सोन नदी के किनारे कोल माफिया लंबे समय से अवैध उत्खनन कर कोयले का परिवहन कर रहे थे।



मारपीट का फोटो सामने आया

**सीहोर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी**

## 22 घायल, 9 नर्मदापुरम रेफर शादी से लौटते समय हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

रेहटी थाना क्षेत्र में सलकनपुर के पास नकटीतलाई के निकट गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। नए रोड से अचानक नीचे उतरने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।



घायलों का अस्पताल में उपचार

### पुलिया से गिरकर 3 युवकों की मौत

**नर्मदापुरम।** सिवनी मालवा तहसील के ग्राम हथनापुर स्थित कीर ढाबे के पास गुरुवार सुबह पुलिया के नीचे तीन युवकों के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



## चार नए श्रम कानून के विरोध में ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन




भोपाल के एमपी नगर का दृश्य

**मप्र में 10 लाख करोड़ से अधिक का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित हुआ**

**भोपाल।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के ज्वॉइंट प्लेटफॉर्म से जुड़े कर्मचारी शामिल रहे। वे केंद्र सरकार की कथित एंटी-लेबर, एंटी-फार्मर और एंटी-नेशनल एवं प्रो-कॉर्पोरेट पॉलिसी के विरोध में एक दिन की हड़ताल पर थे। एक दिवसीय इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, सेवा तथा बैंक, बीमा, केंद्र, बीएसएनएल, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव एवं अन्य संस्थानों की ट्रेड यूनियनों के आह्वान हुआ।

**रुद्राक्ष महोत्सवः** 12 से 21 फरवरी तक डायवर्ट रहेगा इंदौर-भोपाल हाईवे

## ट्रकों को लगाना होगा 116 किमी का अतिरिक्त चक्कर

> इंदौर तक की 192 किमी की दूरी हुई 308 किमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम में 14 फरवरी से शुरू होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जुटने के अनुमान के चलते इंदौर-भोपाल हाईवे पर गुरुवार 12 फरवरी से यातायात व्यवस्था बदल दी गई है।



### ट्रॉलों को ब्यावरा-शाजापुर मार्ग से भेजा जा रहा

इस डायवर्जन का सबसे बड़ा असर भारी वाहनों पर पड़ेगा, जिन्हें अब अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए 116 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना होगा। सामान्य तौर पर इंदौर से भोपाल की दूरी 192 किलोमीटर है, जिसे तय करने में करीब 4 घंटे लगते हैं।

**बांग्लादेश चुनावः 48% वोटिंग हुई, बीएनपी और जमात के बीच सीधा मुकाबला**

> शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से किया बैन
> हसीना बोलीं- फर्जी चुनाव रद्द हो

## बीएनपी 29 सीटों पर आगे, पूर्व पीएम खालिजा जिया के बेटे तारिक रहमान बन सकते हैं 'सिरमौर'

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में गुरुवार को पार्लियामेंट्री चुनाव हुए। शाम से काउंटिंग भी शुरू हुई। बांग्लादेश चुनाव में सीधे तौर पर लड़ाई बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के लीडरशिप वाले अलायंस के बीच है। बीएनपी 29 सीटों पर मुकाबले में आगे है। 17 साल बाद देश वापस आए हुए बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के 60 साल के बेटे तारिक रहमान गुरुवार के चुनाव में सबसे आगे माने जा रहे हैं।



### चुनाव परिणामों पर भारत और शेष अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजरें टिकी



### जमात-ए-इस्लामी 10 सीटों पर टक्कर दे रही

बांग्लादेश के आम चुनावों के तहत शुरुआती घोषित 48 सीटों के नतीजों के अनुसार बीएनपी 29 सीटों पर मुकाबले में बनी हुई है, जबकि जमात-ए-इस्लामी 10 सीटों पर टक्कर दे रही है। इसके अलावा 2 सीटों पर अन्य उम्मीदवार और 7 सीटों पर निर्दलीय या अन्य दावेदार मुकाबले में हैं।

### संसद में 350 सीटें बहुमत 150 पर

बांग्लादेश की संसद में कुल सीटें 350 हैं। इनमें से 300 सीटों पर प्रत्यक्ष मतदान के तहत लोग चुने जाते हैं तो वहीं, 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। चुनाव के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों को मिली सीटों के अनुपात में ये 50 सीटें सभी को आवंटित कर दी जाती हैं।

भारत बंद का देशभर में मिलाजुला रहा असर

# कई राज्यों में कर्मचारियों, श्रमिकों और वामपंथी दलों ने किया प्रदर्शन

देश के कुछ राज्यों में भारत बंद का असर दिखाई दिया। कोलकाता में कुलियों ने काम बंद रखा और सोते रहे। पंजाब में केवल ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बीच कोलकाता में कुली अपनी गाड़ियों पर सोते रहे।

प्रयागराज और देहरादून में भी ट्रेड यूनियनों के सदस्यों का विरोध प्रदर्शन

### गाड़ियों में सोते रहे कुली



### पंजाब में उठी नीतियां वापस लेने की मांग



**अमृतसर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान अमृतसर में विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### श्रम संहिताओं को निरस्त किया जाए



**प्रयागराज।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा श्रम संहिताओं को निरस्त करने और नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई हड़ताल के दौरान गुरुवार को प्रयागराज में कर्मचारियों, श्रमिकों और विभिन्न ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया।

### पुलिस ने यूनियनों को सचिवालय जाने से रोका



**देहरादून।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने श्रम संहिताओं को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान पुलिसने देहरादून में यूनियनों के सदस्यों को उत्तराखंड सचिवालय की ओर मार्च करने से रोका।

### सरकारी नीतियों वापस लेने की मांग दोहराई



**हैदराबाद।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा चार श्रम कानूनों को निरस्त करने और कई सरकारी नीतियों को वापस लेने की मांग को लेकर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान कर्मचारियों, श्रमिकों और वामपंथी दलों के सदस्यों ने हैदराबाद में गुरुवार को प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### शिवम को 20 हजार के मुचलके पर जमानत

**कानपुर।** यहां के हाई-प्रोफाइल लैंबॉर्गिनी हादसे के मुख्य आरोपी शिवम मिश्रा को बुधवार को कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई।



वकीलों की हड़ताल और अदालती कामकाज के बहिष्कार के बीच विशेष सुनवाई में कोर्ट ने न केवल शिवम की जमानत मंजूर की, बल्कि पुलिस द्वारा मांगी गई रिमांड अर्जी को भी खारिज कर दिया।

### प्रसन्ना कुमार बने आईसीएआई के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** देश में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने गुरुवार को नए नेतृत्व का ऐलान किया है।



आईसीएआई की काउंसिल ने वर्ष 2026-27 के कार्यकाल के लिए प्रसन्ना कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष चुना है।74वें अध्यक्ष के तौर पर वे अपना कार्यभार संभालेंगे।

### ईडी के खिलाफ अर्जी वापस ली: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को ईडी की ओर से जारी समन को चुनौती देनी वाली याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।



केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने कहा, इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि उन्हें पेश न होने के आपराधिक मामलों में बरी कर दिया गया है।

### पंचोली को राहत नहीं मिली, नोटिस जारी

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने गुरुवार को बॉलीवुड एक्टर आदित्य पंचोली की एक याचिका पर सुनवाई की।



इसमें उन्होंने 2019 में मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म मामले की एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। वकील प्रशांत पाटिल ने याचिका को रद्द करने की मांग की।

संसद की कार्यवाही हंगामे के कारण फिर नहीं चल सकी

# विपक्ष ने की नारेबाजी व सदन के बीचोंबीच आकर किया हंगामा... तख्तियां भी दिखाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेनेट्टी ने प्रश्नकाल के लिए एक सदस्य का नाम पुकारा तभी विपक्षी दलों के सदस्य हंगामा और नारेबाजी करने लगे और सदन के बीचोंबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी ने कहा कि हंगामे के बीच प्रश्नकाल चलाने की कोशिश की और बिजली राज्यमंत्री श्रीपद येसो नाईक ने एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सरकार की नीतियों के कारण बिजली के क्षेत्र में देश संपन्न हुआ है।

हंगामा बढ़ने पर पीठासीन अधिकारी ने कहा कि सदन में तख्तियां लेकर आना नियम के विरुद्ध है इसलिए सदस्य तख्तियों को नीचे रख दें। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में कई महत्वपूर्ण सवाल है इसलिए सभी अपने अपने स्थान पर जाएं। पीठासीन अधिकारी के आग्रह का कोई असर नहीं हुआ और हंगामा तेज हो गया जिसके कारण सदन को बारह बजे तक स्थगित करना पड़ा।

पीठासीन अधिकारी की समझाइश को भी नकारा

**संसद में फिर दिखी सत्तापक्ष विपक्ष के बीच तकरार, आरोप-प्रत्यारोप**




संसद में नारेबाजी करता विपक्ष

### हंगामे पर चिराग ने बताई आंखों देखी

## संसद में उस दिन कुछ भी हो सकता था...

**विपक्ष को लिया आड़े हाथ**

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का कहना है कि 4 फरवरी को लोकसभा में जो कुछ भी हुआ और जो माहौल था,



उसमें कुछ अप्रिय घटना घट सकती थी। पीएम मोदी का संबोधन टालने के स्पीकर के फैसले का समर्थन किया। पासवान ने राहुल गांधीपर खुलकर बात की। पासवान ने कहा कि मैं भी उस वक्त संसद में मौजूद था, जब विपक्ष की कुछ महिला सांसद आक्रामक तरीके से बैनर लेकर प्रधानमंत्री की सीट की तरफ बढ़ीं।

पासवान ने कहा कि विपक्ष का एक पैटर्न है, खासकर कांग्रेस एक मुद्दा पकड़ती है और उस मुद्दे को लेकर सदन को नहीं चलने देती। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। राहुल एक ही मुद्दा उठाते रहते हैं और सदन में न वे बोलते हैं और न ही किसी को बोलने देते हैं।

**सिर्फ प्रामाणिक मुद्दों पर करें चर्चा**

लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पासवान ने कहा कि ये गलत है, नेता प्रतिपक्ष को बोलने के बहुत मौके मिले हैं, लेकिन वे सिर्फ एक मुद्दे पर बोलना चाहते हैं, इसके चलते वे अन्य मुद्दों पर नहीं बोल पाते। संसद के नियम साफ हैं कि सिर्फ प्रामाणिक मुद्दों को ही संसद में उठाया जा सकता है।

राहुल पर भड़के गिरिराज

## गेहूं और जौ के पौधे में जरा अंतर बता दें?

नरेंद्र मोदी सरकार में कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा हमला किया है।



भाजपा नेता ने कांग्रेस नेता के लिए झूठा, लूच्चा जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने राहुल पर किसानों का नकली हितैषी होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह गेहूं और जौ के पौधे या गाय की बाछा और बाछी की पहचान नहीं कर पाएंगे। मंत्री ने उन पर विदेशों में भारत की छवि धूमिल करने का भी आरोप लगाया और कहा कि इनकी भी फाइल खुलने वाली है।

### बाछी और बछड़े को क्या पहचान पाएगें

गिरिराज ने कहा कि राहुल जैसा झूठा नेता नहीं देखा। वे किसानों के नकली हितैषी हैं। मेरे साथ खेत में चलकर गेहूं और जौ के पौधे में जरा अंतर बता दें। वे गाय की बाछी और बछड़े को भी पहचान पाएंगे कि कौन किस लिंग का है?

राकांपा की चतुर्वेदी बोलीं

### किताब पढ़ना अब आपराधिक कृत्य माना जा रहा, कार्रवाई हो रही

पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित किताब पर सियासी हंगामा मचा है। किताब के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने पर उद्धव गुट की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख की किताब पढ़ना अब राजद्रोह, राष्ट्र-विरोधी और आपराधिक कृत्य माना जा रहा है।

दरगाह मैनेजमेंट की शीर्ष कोर्ट में गुहार

# महाशिवरात्रि पूजा और हिंदू अनुष्ठान रोकें मीलॉर्ड! अर्जी खारिज

कर्नाटक स्थित अलंद लाडले मशाइक दरगाह प्रबंधन ने दी थी याचिका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक स्थित अलंद लाडले मशाइक दरगाह प्रबंधन की उस अर्जी पर सुनवाई करने से मना कर दिया जिसमें जिसमें दरगाह परिसर में हिंदू महाशिवरात्रि पूजा और दूसरे हिंदू रीति-रिवाजों पर रोक लगाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। दरगाह मैनेजमेंट ने भारत के संविधान के आर्टिकल 32 के तहत अर्जी दी थी, जो उन पार्टियों को राहत के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने की इजाज़त देता है जिनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है। दरगाह प्रबंधन याचिका में दावा किया था कि दरगाह के धार्मिक स्वरूप को बदलने के लिए हर साल रणनीतिक तरीके से पूजा की अनुमति लेने की कोशिश की जा रही है। प्रबंधन ने सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप कर दरगाह के मूल धार्मिक चरित्र को बनाए रखने की भी मांग की थी।

### याचिकाकर्ता को पहले हाई कोर्ट जाना था

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने कहा कि इस तरह के मामलों में पहले हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। इससे पहले मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत ने भी टिप्पणी की थी कि हर मामला सीधे अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट लाना उचित नहीं है, क्योंकि इससे यह संदेश जाता है कि हाई कोर्ट प्रभावी नहीं हैं। जब कल चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची के सामने यह मामला आया, तो इस बेंच ने यह भी सवाल उठाया था कि पहले हाई कोर्ट जाने के बजाय आर्टिकल 32 की पिटीशन क्यों फाइल की गई।

### यहां पूजा पर बनी थी तनाव की स्थिति

यह विवाद उस दरगाह से जुड़ा है जो 14वीं सदी के सूफी संत हजरत शेख अलाउद्दीन अंसारी (लाडले मशाइक) और 15वीं सदी के हिंदू संत राघव चैतन्य से संबंधित मानी जाती है। दरगाह परिसर में राघव चैतन्य शिवलिंग नाम से पहचानी जाने वाली एक संरचना भी मौजूद बताई जाती है। ऐतिहासिक रूप से इस स्थल पर हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय पूजा-अर्चना करते रहे हैं, हालांकि 2022 में यहां पूजा अधिकार को लेकर तनाव की स्थिति बनी थी।

पीएम मोदी कल असम को देंगे कई सौगातें

# मोरन के पास हाईवे पर इमरजेंसी लैंडिंग सुविधा का करेंगे लोकार्पण

## मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों में होगा सहायक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिब्रूगढ़ जिले के मोरान बाईपास पर 14 फरवरी को आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन करेंगे। यह दूरस्थ क्षेत्रों में



मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों के दौरान भी अहम होगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी तरह की पहली सुविधा होगी। यह सुविधा राजमार्ग के एक चिन्हित हिस्से को आपात स्थिति में वैकल्पिक रनवे के रूप में उपलब्ध कराएगी, जो लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों के आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ संचालन में सक्षम होगा। इस दौरान राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा भी उपस्थित रहेंगे।

### सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन भी करेंगे समर्पित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली में सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करेंगे। वे शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ में कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स का नामकरण करेंगे। वे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह प्रशासनिक संरचना में बड़ा बदलाव होगा।

बंगाल में सियासी सरगर्मी

### हुमायूं कबीर ने बाबरी बनाना शुरू की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में गरमी बढ़ी है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित



विधायक हुमायूं कबीर ने बुधवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद का निर्माण शुरू कर दिया है। यह मस्जिद बेलडांगा के रेजीनगर में बनाई जा रही है। कबीर ने हाल ही में टीएमसी से निकाले जाने के बाद अपनी नई पार्टी 'जनता उन्नयन पार्टी' (जेयूपी) बनाई है।

माघ मेले में विवादों में रहे शंकराचार्य पर नया विवाद

# अविमुक्तेश्वरानंद के आश्रम में बच्चों के साथ यौन शोषण का आरोप, जांच शुरू

## श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष ने लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माघ मेले में विवादों में रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर नया विवाद सामने आया है। स्वामी



अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने उनकी सेवा में लगे आश्रम के बच्चों के साथ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं।इन आरोपों को लेकर उन्होंने प्रयागराज जिला कोर्ट में 28 जनवरी को 173(4)के तहत कंप्लेंट रजिस्टर करने के लिए अर्जी दाखिल की है। इस अर्जी पर अब तक दो तारीखों पर एडीजे रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट में सुनवाई भी हो चुकी है। इस मामले में वादी आशुतोष ब्रह्मचारी के कोर्ट में बयान दर्ज हो चुके हैं। कोर्ट के आदेश पर प्रयागराज पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### तब नाबालिग ने कुकर्म का लगाया था आरोप

गौरतलब है श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया है कि माघ मेले के दौरान एक नाबालिग और एक बालिग बच्चा उनके पास आया था। उसने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर कुकर्म का गंभीर आरोप लगाया था। हालांकि जो बच्चा बालिग हो गया है उसके साथ कुकर्म की घटना उस समय हुई थी, जबकि वह नाबालिग था।

एयर इंडिया हादसे की जांच में अधिकारियों ने कहा

# विमान हादसे की वजह तकनीकी खराबी नहीं थी, फ्यूल स्विच को बंद किया गया

## हादसे को बताया 'जानबूझकर किए गए काम' का परिणाम

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

यहां हुए एयर इंडिया विमाम हादसे की जांच कर रहे अधिकारियों ने पाया कि यह आपदा किसी तकनीकी खराबी के कारण नहीं हुई थी, बल्कि यह एक 'जानबूझकर किए गए काम' का परिणाम थी। इटली के एक अखबार ने नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच हुई ताजा बातचीत से वाकिफ दो सोर्स के हवाले से यह रिपोर्ट दी। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन की ऑफिशियल रिपोर्ट आने से पहले कुछ भी नतीजा निकालना जल्दबाजी होगी। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय जांचकर्ताओं ने यह पाया कि



जून 2025 में हुआ क्रैश, जिसके संबंध में यह बताया गया था कि इंजन तक फ्यूल सप्लाई बंद होने से क्रैश हुआ था, वो कोई तकनीकी फेलयर की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझ कर किए गए काम की वजह से हुआ था।

### फाइनल रिपोर्ट का ड्राफ्ट तैयार हो रहा

रिपोर्ट में कहा गया है कि अब जांच अधिकारी फाइनल रिपोर्ट की ड्राफ्ट तैयार करने में लगे हैं। अमेरिकी विशेषज्ञ जो जांच में मदद कर रहे हैं। उन्होंने जांच के परिणामों को एक बड़ी कामयाबी बताया है। बीते साल जून में एयर इंडिया द्वारा संचालित बोइंग 787 ड्रीमलाइनर टेक ऑफ के कुछ ही समय बाद क्रैश कर गई थी। दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी।

आईसीएआर-आईएआरआई का 64वां दीक्षांत समारोह आज

# शिवराज 470 विद्यार्थियों को उपाधि देकर करेंगे सम्मानित

## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव ने बताया कि



निदेशक डॉ. सीएच श्रीनिवास राव

शुक्रवार को नई दिल्ली में आईसीएआर के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (एनएएससी) स्थित भारत रत्न सी. सुब्रह्मण्यम सभागार में दीक्षांत समारोह में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में छात्र- छात्राओं को उपाधियां प्रदान करेंगे। इस अवसर पर 470 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

### 12,000 छात्र देश- विदेश में दे रहे सेवाएं



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

डॉ. श्रीनिवास राव ने बताया कि अब तक संस्थान के 12,000 से अधिक छात्र देश-विदेश में कृषि क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। शोध के वातावरण को सुदृढ़ करते हुए विद्यार्थियों को ऐसे शोध विषयों के चयन हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच किसानों को उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने में सहायक हों।उन्होंने कहा कि देश के लगभग 70 प्रतिशत कृषि वैज्ञानिक आईसीएआर संस्थानों से ही निकलते हैं और कृषि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आईसीएआर देश में अग्रणी स्थान रखता है।

### शैक्षणिक कार्य के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया

डीन डॉ. अनुपमा सिंह ने बताया कि संस्थान में शैक्षणिक कार्य के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण



भी दिया जाता है जिससे विद्यार्थी पाठ्यक्रम पूर्ण करते ही ज्ञान एवं कौशल से संपन्न हो सकें। संस्थान में एक पृथक प्लेसमेंट सेल सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा स्टार्टअप संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। यहां के छात्र-छात्राएं सरकारी संस्थानों में नियुक्ति प्राप्त कर रहे हैं।

बांग्लादेश में हिंसा के बीच चुनाव संपन्न

# वोटिंग के दौरान दो पोलिंग सेंटरों में धमाका, एक बच्चे सहित 3 घायल

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव और रेफरेंडम-2026 के लिए देश भर के 299 चुनाव क्षेत्रों में वोटिंग हो रही है। देश भर में 42,651 मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। वोटिंग के दौरान दो मतदान केंद्रों गोपालगंज और मुंशीगंज में क्रूड बम धमाका हुआ जिसमें 3 लोग घायल हो गए। गोपालगंज के एक पोलिंग सेंटर पर हुए क्रूड बम धमाके में 13 वर्ष की एक बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए।

एडिशनल सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस मोहम्मद सरवर हुसैन ने बताया कि सुबह करीब 9:00 बजे निचुपाड़ा इलाके में रेशमा इंटरनेशनल स्कूल पोलिंग सेंटर पर धमाका हुआ। इस घटना में चुनाव सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अर्द्धसैनिक सहायक बल 'अंसार' के दो सदस्य भी घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी जहिरुल इस्लाम ने बताया कि घायलों को मामूली चोट आई थी और मतदान थोड़ी देर बाद फिर से शुरू हो गया।

इसके अलावा, मुंशीगंज सदर उपजिला के मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में सुबह एक क्रूड बम धमाका हुआ, जिसके बाद हमलावरों का पीछा करने और जवाबी हमले की घटना हुई। सदर पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज (ओसी) मोहम्मद मोमिनुल इस्लाम ने पुष्टि की कि यह झड़प सुबह करीब 10:00 बजे दो विरोधी उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच हुई।

मुंशीगंज में मतदान केंद्र के सामने कई बम विस्फोट

कई जगहों पर उम्मीदवारों के समर्थकों के बीच झड़प


मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर बम विस्फोट

### 10 से 12 देसी बमों के सिलसिलेवार धमाके

*एक अन्य घटना में मुंशीगंज-3 निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर सिलसिलेवार बम विस्फोट हुए, जिससे मतदान अस्थायी रूप से बाधित हो गया। बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर मखाती गुरुचरण हाई स्कूल में बने मतदान केंद्र के सामने विस्फोट हुए। अधिकारियों ने बताया कि 10 से 12 देसी बमों में धमाका हुआ। केंद्र पर मतदान करीब 15 मिनट के लिए रोक दिया गया। पीठासीन अधिकारी मोहम्मद तितुमिर ने कहा कि विस्फोटों से मतदाताओं में दहशत फैल गई।*

### झड़प के दौरान बीएनपी नेता की मौत

खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के दौरान एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का कहना है कि जमात के एक नेता के धक्का देने की वजह से पेड़ से टकराकर वह घायल हो गए थे, जिससे उनकी मौत हुई। हालांकि जमात नेता का दावा है कि इस अशांति के दौरान बीएनपी नेता बीमार पड़ गए थे। मृतक की पहचान मोहिबुज्जमान कोचि (55) के रूप में हुई है, जो बीएनपी की खुलना शहर इकाई के पूर्व कार्यालय सचिव थे।

### महिला पोलिंग एजेंट्स को किया परेशान

निर्दलीय उम्मीदवार तस्नीम जारा ने आरोप लगाया कि ढाका-9 चुनाव क्षेत्र में कई जगहों पर महिला पोलिंग एजेंट्स को परेशान किया जा रहा है और पोलिंग सेंटरों में घुसने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पोलिंग एजेंट्स को अलग-अलग बहानों से पोलिंग सेंटरों में घुसने से रोका जा रहा है। उन्हें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है।

### चाय बागान में हिंदू युवक की हत्या

मौलवीबाजार जिले में आम चुनाव से एक दिन पहले एक 28 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रतन शुवो कर के रूप में हुई है। वह इस्लामपुर यूनियन के चंपारा चाय बागान में काम करता था। पुलिस को उसकी लाश हाथ-पैर बंधी हुई हालत में मिली। रतन के शरीर पर चोट के कई निशान थे।

### जमात-ए-इस्लामी लोकतंत्र के लिए खतरा


बांग्लादेश चुनाव को लेकर मशहूर लेखिका और एक्टिविस्ट तस्लीमा नसरीन ने कहा कि जमात के लोग धर्म के नाम पर प्रचार कर रहे हैं। वे दावा कर रहे हैं कि उनके चुनाव निशान तराजू पर वोट देने से जन्नत मिलेगी और यह अल्लाह का आदेश है। अगर यह पार्टी सत्ता में आई, तो बांग्लादेश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा और कट्टरपंथ हावी हो जाएगा। अल्पसंख्यकों पर जुल्म बढ़ेगा।

## खबर संक्षेप

### फर्जी पुलिस स्टेशन से भारतीयों से धोखाधड़ी

**फोनों पेन्ह।** कंबोडिया में अधिकारियों ने धोखाधड़ी केंद्रों पर कार्रवाई के दौरान एक फर्जी पुलिस स्टेशन का पर्दाफाश किया है, जिसमें गांधी और आंबेडकर की तस्वीर लगी हुई थी।



अधिकारियों के मुताबिक, इसका इस्तेमाल भारतीयों को 'डिजिटल अरेस्ट' करने के लिए किया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि हाल के हफ्तों में अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी पर नकेल कसने के अभियान में लगभग 200 घोटाले के केंद्रों को बंद किया है। इस दौरान 173 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

### चीन में सड़क धंसी, 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बना

**शंघाई।** चीन के शंघाई में एक व्यस्त सड़क अचानक धंस गई और 10 से 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। घटना मिनहांग जिले के किक्सिन रोड के पास हुई। इससे पहले यहां पानी के रिसाव की सूचना दी गई थी।



निर्माण एजेंसियों ने 11 फरवरी को सड़क के नीचे पानी के रिसाव की पहचान की थी। इसमें किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन आसपास की इमारतों में दरारें आ गईं और इलाके में दहशत फैल गई। कुछ ही सेकंड में सड़क की सतह भीतर की ओर धंस गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत सड़क बंद कर दी।

### नील नदी में नौका पलटी, 15 की मौत

**काहिरा।** सूडान में नील नदी में एक यात्री नौका पलट जाने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सकों के एक समूह ने यह जानकारी दी।



देश में जारी युद्ध पर नजर रखने वाले चिकित्सकों के समूह 'सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क' ने बताया कि महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 27 लोगों को लेकर जा रही नौका उत्तरी नील नदी प्रांत में डूब गई। समूह ने कहा कि कम से कम 15 लोगों के शव बरामद किए गए हैं तथा स्थानीय निवासी एवं बचाव दल अब भी कम से कम छह अन्य लोगों की तलाश कर रहे थे।

वायुसेना की बढ़ेगी ताकत, नौसेना की समुद्री निगरानी भी होगी मजबूत

# 3.25 लाख करोड़ रु. के रक्षा सौदे को मंजूरी
# 114 राफेल, 6 पी-8आई विमान खरीदे जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की सशस्त्र सेनाओं की ताकत बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार एक ऐतिहासिक खरीद को मंजूरी दी है। डीएसी ने भारतीय वायुसेना के लिए फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमानों और नौसेना के लिए 6 पी-8आई पोसीडॉन समुद्री निगरानी विमानों की खरीद के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है।

इसे भारत की अब तक की सबसे बड़ी रक्षा खरीद योजनाओं में से एक माना जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए बताई गई है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा। वहीं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के 3 दिवसीय भारत दौरे पर सौदा हो सकता है। प्रस्ताव को 16 जनवरी को रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी थी।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के 17-20 फरवरी के भारत दौरे पर डील | कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी देगी

### कॉम्बैट मिसाइलों और हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी


लड़ाकू विमान राफेल

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए है। डीएसी ने नौसेना के बेड़े में 6 नए पी-8आई एयरक्राफ्ट जोड़ने को मंजूरी दी है। भारतीय नौसेना पहले से ही 12 पी-8आई विमानों का संचालन कर रही है। इन नए विमानों के आने से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी (एंटी सबमरीन) क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी।



### मेक इन इंडिया' के तहत होगा सौदा

यह सौदा 'मेक इन इंडिया' के तहत किया जाएगा। डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय कंपनी के साथ मिलकर इन विमानों को बनाएगी। हाल ही में डसॉल्ट ने डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 49% से बढ़ाकर 51% कर ली है। इस जॉइंट वेंचर में अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भी भागीदार है। डसॉल्ट सभी 114 राफेल जेट में भारतीय हथियार, मिसाइल और गोला-बारूद को इंटीग्रेट करेगा। साथ ही सुरक्षित डेटा लिंक भी उपलब्ध कराएगा, जिससे विमानों को भारतीय रडार और सेंसर सिस्टम से जोड़ा जा सकेगा। कंपनी एयरफ्रेम निर्माण के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी देगी।

### रक्षा बजट के लिए 7.8 लाख करोड़ मिले

केंद्रीय बजट 2026-27 में रक्षा मंत्रालय को 7.8 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो कुल बजट का 14.67% है। आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित 2.19 लाख करोड़ रुपए में से 1.85 लाख करोड़ रुपए पूंजीगत खरीद के लिए तय किए गए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लगभग 24% अधिक है।

### वायुसेना को मिलेंगे 6 से 7 नए स्क्वाड्रन

इस सौदे का सबसे अहम पहलू वायुसेना की गिरती स्क्वाड्रन संख्या को संभालना है। 114 नए राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को 6 से 7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे। वर्तमान में वायुसेना के पास लगभग 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है। वायुसेना ने सितंबर 2025 में 114 अतिरिक्त राफेल जेट की मांग रक्षा मंत्रालय को भेजी थी। एयरफोर्स के पास पहले से 36 राफेल विमान है, जबकि नौसेना ने 26 मरीन वेरिएंट राफेल का ऑर्डर दिया है। अंबाला एयरबेस पर राफेल का ट्रेनिंग, मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल सेंटर पहले से चालू है। एयरफोर्स के पास तुरंत दो स्क्वाड्रन (36–38 विमान) शामिल करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है।

यूएन की रिपोर्ट में सनसनीखेज दावा

# दिल्ली बम धमाके में आतंकी संगठन जैश शामिल, महिला विंग भी बनाई



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद निगरानी टीम की ताजा रिपोर्ट ने इस हमले से पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के जुड़े होने का दावा किया है। रिपोर्ट में संगठन की नई साजिशों पर भी चिंता जताई गई है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग विंग बनाना और आतंकी गतिविधियों में उनकी भागीदारी शामिल है। इससे संगठन का नेटवर्क बढ़ सकता है और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने में मदद मिल सकती है।

यूएन सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद ने 9 नवंबर को पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी।

### 'जमात उल-मुमिनात' नामक महिला विंग

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 8 अक्तूबर को जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 'जमात उल-मुमिनात' नाम से महिलाओं के लिए एक अलग विंग बनाने की घोषणा की। यूएन टीम के अनुसार, इस विंग का मकसद आतंकी गतिविधियों में सहयोग करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह महिलाओं को शामिल करना संगठन की नई साजिश का हिस्सा हो सकता है, ताकि वह अपने नेटवर्क को बढ़ा सके और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बच सके। बता दें कि जैश-ए-मोहम्मद को संयुक्त राष्ट्र ने अल-कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन घोषित कर रखा है। इसकी स्थापना साल 2000 में हुई थी और यह खासकर जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य हिस्सों में कई बड़े हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। इसके सरगना मसूद अजहर पर यूएन ने यात्रा प्रतिबंध और संपत्ति फ्रीज जैसी पाबंदियां लगा रखी हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सदस्य देशों के बीच जैश की मौजूदा स्थिति को लेकर अलग-अलग राय है। कुछ देश इसे अभी भी सक्रिय और खतरनाक मानते हैं, जबकि एक सदस्य देश ने इसे निष्क्रिय बताया।

### मध्य और दक्षिण एशिया आतंकी खतरे में

यूएन की रिपोर्ट में मध्य और दक्षिण एशिया में बदलते आतंकी खतरे का भी जिक्र है। इसमें कहा गया है कि कई चरमपंथी संगठन क्षेत्रीय अस्थिरता और सीमापार नेटवर्क का फायदा उठा रहे हैं। लगातार दबाव के बावजूद जैश जैसे संगठन नए तरीके अपनाकर खुद को फिर से संगठित करने और बड़े हमले करने की क्षमता दिखा रहे हैं। इसके साथ ही अलग से, रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए एक अन्य हमले में शामिल तीन संदिग्धों को जुलाई में सुरक्षा बलों ने मार गिराया था।

बेलडांगा हिंसा मामला

## 36 आरोपियों को एनआईए कोर्ट नहीं ला सकी, नहीं मिली 'पुलिस' सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ कोलकता

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक बहुल मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में हुई हिंसा की जांच कर रही है। हालांकि एनआईए की टीम गुरुवार सुबह हिंसा मामले में गिरफ्तार किए गए 36 आरोपियों को विशेष एनआईए अदालत में पेश करने में विफल रही। यह दूसरी बार है जब एनआईए आरोपियों को अदालत में पेश करने में विफल रही है, और इसका कारण यह है कि मुर्शिदाबाद जिला पुलिस एक बार फिर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही। इससे पहले, 5 फरवरी को, एनआईए की टीम आरोपी को अदालत में पेश करने में विफल रही थी, और उस समय, राज्य पुलिस इस उद्देश्य के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं थी, जो इस मामले में एक बाधा बन गई। पता चला है कि एनआईए ने मुर्शिदाबाद जिला पुलिस को एक अनुरोध दिया था, लेकिन पुलिस ने पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षाओं का हवाला देते हुए उस अनुरोध को पूरा करने से इनकार कर दिया।


मुर्शिदाबाद हिंसा फाइल फोटो

माल्या को बॉम्बे हाईकोर्ट की चेतावनी

## भारत नहीं लौटे तो भगोड़ा होने के ठप्पे के खिलाफ सुनवाई नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश शचंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा, अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। 2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है।


विजय माल्या बॉम्बे हाईकोर्ट

## 'ताला' लगाकर महादेव को मना रहे


**प्रयागराज।** रविवार को देशभर में महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। अपनी इच्छाओं को पूरी करने के लिए लोग प्रयागराज के नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर के बाहर ताला लगाते हैं और उस पर अपनी पहचान अंकित कर देते हैं। मान्यता है कि महादेव की कृपा से इच्छा पूरी होने के बाद लोग ताला खोल देते हैं।

आरोपः इजराइल ने गाजा में प्रतिबंधित रासायनिक बमों का किया था प्रयोग

# 3500 से ज्यादा लोग भाप बनकर गायब, कोई अता-पता नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

इजराइल पर गाजा में 'वैक्यूम बम' इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। रिपोर्ट 'द रेस्ट ऑफ द स्टोरी' के मुताबिक, ये बम पहले हवा में ईंधन जैसा एक बादल फैलाते हैं और फिर उसमें आग लगा देते हैं। इससे बहुत बड़ा आग का गोला बनता है और आसपास की हवा खिंचकर एक तरह का जीरो (वैक्यूम) पैदा हो जाता है। इन धमाकों से तापमान 3,500 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इन बमों में एल्यूमिनियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व होते हैं, जो कुछ ही सेकंड में शरीर को जला देते हैं। मिलिट्री एक्सपर्ट्स और चश्मदीदों का भी कहना है कि इजराइल ने वहां ऐसे हथियारों का इस्तेमाल किया, जिन्हें 'वैक्यूम बम', 'थर्मल' या 'थर्मोबैरिक' बम कहा जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हमलों में मारे गए कई लोगों के शव तक नहीं मिले। गाजा की सिविल डिफेंस टीम ने 2,842 ऐसे फिलिस्तीनियों का रिकॉर्ड दर्ज किया है, जिनके बारे में कहा गया कि दफनाने के लिए उनका कोई हिस्सा तक नहीं बचा। वहीं 3,500 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं।

बमों से तापमान 3,500 डिग्री तक जा पहुंचा | शवों को दफनाने के लिए कोई हिस्सा नहीं बचा

### वैक्यूम बम को बम और रॉकेट के रूप में गिरा सकते हैं



वैक्यूम बम एक एडवांस हथियार है जो अपने प्रभाव से इमारतों को नष्ट करने और मानव शरीर को भाप बनाकर उड़ाने में सक्षम है। यह बम एरोसोल बम भी कहलाता है और जर्नल ऑफ मिलिट्री एंड वेटरन्स हेल्थ के अनुसार, ये स्प्रे वातावरण में चारों ओर फैल जाते हैं। खासकर शहरी इलाकों और दुश्मनों के बंकर के अंदर तक आसानी से घुस जाता है। इसे रॉकेट के रूप में लॉन्च किया जा सकता है या विमान से बम के रूप में गिराया जा सकता है। जब यह अपने टारगेट से टकराता है, तो पहला विस्फोटक चार्ज कंटेनर को खोलता है और मिश्रण को बादल के रूप में बिखेरता है। इसके बाद बम में लगा इग्निशन सोर्स आग को पैदा करता है, जो बहुत तेजी से पूरे इलाके में फैलकर एक जबरदस्त वैक्यूम बनाता है। इस कारण हुए विस्फोट की ताकत इतनी ज्यादा होती है कि घरों की छतें तक उड़ जाती हैं। बंकर बर्बाद हो जाते हैं और उसमें मौजूद लोगों के शरीर से चिथड़े उड़ जाते हैं। पास में मौजूद इंसान तो तुरंत भाप में बदल जाता है। दूर के लोगों पर भी इसका इतना प्रभाव पड़ता है कि आंतरिक अंगों में खून बहने लगता है।

### व्हाइट हाउस में नेतन्याहू से मिले ट्रंप

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की बुधवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात हुई। ये बैठक करीब 2 घंटे तक बंद कमरे में चली। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैंने नेतन्याहू से साफ कहा है कि अमेरिका को ईरान के साथ परमाणु समझौते पर बातचीत जारी रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि बैठक बहुत अच्छी रही, लेकिन कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। ईरान के साथ अच्छा समझौता हो सकता है तो यह बेहतर होगा, लेकिन नहीं हुआ तो आगे क्या करना है, यह देखा जाएगा। ट्रंप ने यह भी याद दिलाया कि पिछली बार ईरान ने समझौता नहीं किया था, जिसके बाद अमेरिका ने उस पर सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन मिडनाइड हैमर' किया था। उन्होंने नेतन्याहू से गाजा की स्थिति और क्षेत्र में शांति प्रयासों पर भी बात की है। नेतन्याहू ने ट्रंप से मुलाकात से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से भी मुलाकात की।*



अमेरिकी प्रशासन का बड़ा फैसला

## भारतीय छात्रा जान्हवी कंडुला के परिवार को मिलेंगे 262 करोड़ रु.

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के सिएटल शहर में भारतीय छात्रा जान्हवी कंडुला की दर्दनाक मौत के मामले में प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लिया है। सिएटल शहर प्रशासन जान्हवी के परिवार को मुआवजे के तौर पर 2.9 करोड़ डॉलर (करीब 262 करोड़ रुपए) देने पर सहमत हो गया है। 23 वर्षीय जान्हवी की पिछले साल एक तेज रफ्तार पुलिस गश्ती वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, जिसके बाद भारत समेत पूरी दुनिया में भारी आक्रोश देखा गया था। यह हादसा 23 जनवरी 2023 को हुआ था। आंध्र प्रदेश की रहने वाली जान्हवी कंडुला नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी (सिएटल कैंपस) में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। वह सड़क पार कर रही थीं जब पुलिस अधिकारी केविन डेव ने उन्हें टक्कर मार दी। रिपोर्ट के मुताबिक, जिस इलाके में गति सीमा 40 किमी प्रति घंटा थी, वहां केविन डेव अपनी गाड़ी 119 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चला रहे थे। बताया गया कि वह ड्रग ओवरडोज की एक कॉल पर जा रहे थे। सिएटल की सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि जान्हवी की मौत दिल दहलाने वाली थी।



# परिवहन विभाग ने किया राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन विभाग ने राज्य परिवहन प्राधिकरण का पुनर्गठन कर दिया है। परिवहन विभाग का अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव अब इसका अध्यक्ष नहीं होगा। इसमें अब अध्यक्ष के रूप में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नाम निर्दिष्ट अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर का अधिकारी होगा। राज्य परिवहन प्राधिकरण में सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त होंगे। वहीं प्राधिकरण का सचिव भी मध्यप्रदेश शासन परिवहन विभाग द्वारा नाम निर्दिष्ट उपसचिव या अपर सचिव होगा। परिवहन विभाग के भारसाधक सचिव एवं संयुक्त आयुक्त प्रशासन को प्राधिकरण में सहायता करने हेतु प्राधिकरण में सहायता करने प्राधिकरण विशेष आमंत्रितियों के रूप में आमंत्रित कर सकेगा। इसके पहले परिवहन विभाग ने 28 मार्च 2025 को जब मोटरयान कराधान अधिनियम के तहत राज्य परिवहन प्राधिकार का गठन किया था। तब इसमें अध्यक्ष के रूप में परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को अध्यक्ष बनाया गया था। सदस्य के रूप में परिवहन आयुक्त इसमें शामिल किए गए थे। लेकिन अब पूरे राज्य परिवहन प्राधिकार का पुनर्गठन कर दिया है।




### अब ट्रांसपोर्ट विभाग से नहीं होगा अध्यक्ष, सदस्य के तौर पर बने रहेंगे आयुक्त

**मुख्यमंत्री सुगम परिवहन की जल्द होगी शुरुआत**

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत अप्रैल- मई से होना है। इसके लिए राज्य स्तर पर परिवहन प्राधिकरण का गठन किया गया था। राज्य परिवहन प्राधिकरण बसों के परमिट भी जारी करता है। न्यायालय में यह दिक्कत आ रही थी कि जो परमिट जारी करने वाले अधिकारी के प्राधिकरण में अध्यक्ष रहने पर ट्रांसपोर्टर कोर्ट में आपत्ति लगाते थे।

***कोर्ट में पेश होंगे परिवहन विभाग के अधिकारी***

*कोर्ट के मामलों में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए परिवहन विभाग के एसीएस, पीएस और सचिव को प्राधिकरण से अध्यक्ष के पद से हटाया गया है। दूसरे विभाग के अधिकारी अब इसमें अध्यक्ष होंगे। कोर्ट में मामले तो परिवहन विभाग का अधिकारी ही पेश करेगा।*

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेश भर में आयोजित हुए कार्यक्रम


लालघाटी स्थित प्रतिमा पर नमन करते सीएम व अन्य।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज में प्रतिपादित किए समानता के नए सिद्धांतः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश के बूथ स्तर पर विभिन्न सेवा कार्य आयोजित किए गए, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने गरीबों के उत्थान, समाज में समानता और स्वावलंबन को लेकर जो मार्गदर्शन दिया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।



### अंत्योदय मंत्र आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधारःहेमंत

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने बैतूल विस क्षेत्र के गंज मंडल, टैगोर वार्ड, बूथ क्रमांक 112 में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। खंडेलवाल ने कहा कि एकात्म मानववाद के माध्यम से पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का जो अंत्योदय मंत्र दिया, वह आज भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार है। आजादी के बाद देश को एकजुट करने में पं. दीनदयाल उपाध्याय ने महती भूमिका निभाई है। वे भारत की सांस्कृतिक चेतना, वैचारिक राजनीति के आधार स्तंभ थे।

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### काम खत्म और बिल तैयार, फिर भी 6 महीने बाद निविदाएं

**रायपुर।** सीएसपीडीसीएल रायपुर निर्माण संभाग में निर्माण कार्यों की निविदाओं में पहले काम पूरा कराया गया, मापन के बाद बिल बनाया और फिर छह माह बाद उन्हीं निविदाओं को निरस्त कर दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम ने विभागीय कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता की भूमिका संदेह में है। दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी निविदा निरस्तीकरण को विशेषज्ञ वित्तीय अनियमितता का संकेत मान रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक जिन कार्यों पर विवाद है वे संबंधित निविदाओं के तहत पूर्ण हो चुके थे। कार्य स्थल का हस्तांतरण, सर्वे, परमिट, ट्रांसफार्मर इश्यू, लाइन चार्ज की अनुमति जैसे सभी तकनीकी चरण पूरे किए गए। इसके बाद विभागीय मापन हुआ और बिल भी तैयार किए गए। चौंकाने वाली बात यह है कि बिलों की प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद उन्हें तत्काल भुगतान के बजाय छह माह तक कार्यपालन अभियंता के कार्यालय में विचाराधीन रखा गया। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई लिखित आदेश के बजाय मौखिक निर्देशों के आधार पर हुई। इसी दौरान अधीक्षण अभियंता को आरोप पत्र जारी हुआ। इसके बाद भी वे उसी पद पर बने रहे और संबंधित मामलों पर प्रभाव बनाए रखे। करीब छह महीने बाद अचानक आदेश जारी कर उन्हीं निविदाओं को अलग-अलग कारणों से निरस्त कर दिया गया, जिनके कार्य पूरे हो चुके थे और बिल प्रक्रिया भी हो चुकी थी।

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन

# सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से बढ़ेगा मप्र का गौरव, खुलेगा आयुर्वेद का धनवंतरी इंस्टीट्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन अब सिंहस्थ-2028 के लिए तैयार हो रहा है। सिंहस्थ की तैयारियों के लिए 1133.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित की जा रही हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमि-पूजन हो रहा है। इस परियोजना से सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं और नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही शहर के हर घर में लंबे समय तक जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। सिंहस्थ के लिए उज्जैन के प्रबंधन से प्रदेश का गौरव बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम हरियाखेड़ी में जल आवर्धन परियोजना के भूमि-पूजन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री लगभग 47.23 करोड़ लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए ही हमारी सरकार गरीब से गरीब के कल्याण में लगी हुई है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही उज्जैन जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके सम्मान और सफाई कर्मचारियों को किट वितरण जैसी गतिविधियां प्रतीक स्वरूप आयोजित की गई हैं।

**मुख्यमंत्री ने कालिदास अकादमी उज्जैन में किया कार्यक्रम को संबोधित**

**क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा की।

### उज्जैन भी मेट्रोपोलिटन सिटी का हिस्सा होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थः 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है। उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी बुनियादी सुविधाओं के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। क्षिप्रा के घाटों पर सिंहस्थ में आए 5 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। रामघाट के पास एक छोटा और एक बड़ा पुल बनाया जा रहा है। अगले महीने मार्च में उज्जैन में भव्य गीता भवन का लोकार्पण होगा। शीघ्र ही उज्जैन-इंदौर फोर लेन रोड का भूमि-पूजन भी किया जाएगा।

**उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्राम योजना में शामिल-**

हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत सिलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 2 करोड़ 28 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

### जनजातीय समुदाय की समृद्धि का आधार बन रहे वन मेले : डॉ यादव

**विशेष प्रतिनिधि, भोपाल** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वन मेले प्रदेश की समृद्ध जैविक और वानस्पतिक विविधताओं को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम हैं। इनके जरिए हमारे जनजातीय भाई-बहनों को वनोत्पाद और काष्ठ शिल्प विक्रय करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि 'श्री महाकाल वन मेले' की आज से शुरूआत हो गई है। मेले में प्रदर्शित जड़ी-बूटियां तथा विभिन्न प्रकार के शुद्ध एवं सुरक्षित अकाष्ठीय लघु वनोत्पाद आयुर्वेदिक और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों से रोगोपचार में बेहद उपयोगी होते हैं। वनौषधियां हर रोग के इलाज में कारगर साबित हो रही हैं। इनसे असंभव रोग का इलाज भी संभव हो रहा है। डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्रीय बजट-2026 में एम्स की तर्ज पर देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान खोलने की घोषणा की गई है।


कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### लउनि संचित लाभ में से सीएम को करेगा लाभांश भेंट

**भोपाल।** मप्र लघु उद्योग निगम अपने संचित लाभ में से जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लाभांश के रूप में राशि भेंट करेगा। एमएसएमई मंत्री एवं निगम के अध्यक्ष चैतन्य कुमार काश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को निगम के मुख्यालय पंचानन भवन में हुई संचालक मंडल की 294वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में प्रमुख सचिव, एमएसएमई, राघवेंद्र कुमार सिंह और निगम के प्रबंध संचालक दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पिछली बैठक के कार्रवाई विवरण और पालन प्रतिवेदन की पुष्टि की गई। इस दौरान आडिट रिपोर्ट की समीक्षा भी गई। बैठक में निर्णय लिया गया है कि निगम अपनी आय बढ़ाने के लिए आगामी वित्त वर्ष में बड़ी मात्रा में कार्य आदेश जारी करेगा। संचालक मंडल ने प्रबंध संचालक से कहा कि वे कर्मचारी चयन मंडल से समन्वय कर प्रबंधक आदि के रिक्त पदों पर भर्ती सुनिश्चित करवाएं। इस दौरान रैंप गतिविधियों की अद्यतन स्थिति से संचालक मंडल को अवगत करवाया गया। इस दौरान निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को मध्यप्रदेश शासन के समान देय यात्रा भत्ता की दरों को लागू किए जाने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान अनेक वर्षों के लेखों का अनुमोदन किया गया।

### जनगणना कार्य के सुचारू संपादन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**भोपाल।** राज्य शासन की ओर से राज्य स्तरीय जनगणना के लिए गठित समन्वय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार उप सचिव सामान्य प्रशासन जयेंद्र कुमार विजयवत को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। विजयवत जनगणना 2027 के दोनों चरणों में शासन स्तर से संपादित किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को समय पर सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं अनुवर्ती कार्रवाई का उत्तरदायित्व निभाएंगे।

**सोशल मीडिया पर लालच देकर फंसाते थे**

# ई-चालान के मैसेज से खाली हो रहे थे बैंक खाते, पुलिस ने पकड़े दो ठग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर रेंज पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी करने वाले दो साइबर आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी एप के जरिए एंड्रॉइड यूजर्स को निशाना बनाते थे और उनके मोबाइल से फर्जी एसएमएस भेजकर बैंक खातों से रकम पार कर देते थे। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में पृथ्वी कुमार बिश्नोई उर्फ राहुल (20) निवासी ग्राम डोलीकला, थाना कल्याणपुर, बाड़मेर (राजस्थान) और नरसिंह सिंह (24) निवासी भोपालगढ़, जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड और बैंक खाते से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

प्रार्थी धर्मेंद्र सिंह ने थाना विधानसभा में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके मोबाइल पर आरटीओ ई चालान नाम से एसएमएस आया। उसमें दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही उनके बैंक खाते से 4.52 लाख रुपए कट गए। इस पर मामला दर्ज कर रेंज साइबर थाना ने जांच शुरू की।



***ऐसे किया था फर्जीवाड़ा***

पुलिस के अनुसार आरोपी यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रलोभन देकर वीन मेंट और वीन गो जैसे एप डाउनलोड करवाते थे। ये एप प्ले स्टोर या एप स्टोर पर उपलब्ध नहीं होते थे। एप इंस्टॉल करते ही यूजर को बोनस राशि दिखती थी और एसएमएस टास्क के नाम पर उसके मोबाइल से बड़ी संख्या में फर्जी ई-चालान और संदिग्ध लिंक भेजे जाते थे। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक हो जाता था और बैंक खाते या ई-वॉलेट से रकम निकाल ली जाती थी।

**किसी भी अज्ञात लिंक या एपीके फाइल पर क्लिक न करें**

जांच के दौरान गूगल, बैंकिंग ट्रांजेक्शन, मोबाइल सेवा प्रदाता, यूट्यूब और टेलीग्राम से मिले तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया, जिससे आरोपियों की पहचान कर राजस्थान में दबिश देकर गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि केवल प्ले स्टोर या एप स्टोर से ही एप डाउनलोड करें। अनावश्यक रूप से एसएमएस, कॉन्टैक्ट या बैंक संबंधी अनुमति मांगने वाले एप इंस्टॉल न करें। किसी भी अज्ञात लिंक या एपीके फाइल पर क्लिक न करें।

# पत्नी के वाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग को माना जा सकता है सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि वैवाहिक विवादों में पत्नी के वाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग को फैमिली कोर्ट मजबूत सबूत के रूप में मान सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि निजता के नाम पर ऐसे सबूतों को रोका गया, तो फैमिली कोर्ट का उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। यह मामला रायपुर के एक दंपती से जुड़ा है, जहां पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की याचिका दायर की थी।

पति ने आरोप लगाया कि पत्नी के अन्य लोगों से संबंध हैं और इसे साबित करने के लिए उसने पत्नी के वाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर पेश करने की अनुमति मांगी। पत्नी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पति ने उसका मोबाइल फोन हैक कर अवैध तरीके से ये सामग्री हासिल की है, जिससे उसके निजता के अधिकार का उल्लंघन हुआ है। फैमिली कोर्ट ने पति की अर्जी स्वीकार कर ली थी, जिसके खिलाफ पत्नी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की सिंगल बेंच ने पत्नी की याचिका खारिज कर दी। हाई कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत दिया गया निजता का अधिकार पूर्ण नहीं है। निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार सार्वजनिक न्याय से जुड़ा है और यह व्यक्तिगत निजता से ऊपर है। यदि केवल प्राइवेसी के आधार पर जरूरी सबूतों को रोका जाएगा, तो फैमिली कोर्ट किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाएगी।

***पति ने कोर्ट से मांगी थी सबूत पेश करने की अनुमति***

कोर्ट ने यह भी कहा कि फैमिली कोर्ट एक्ट की धारा 14 फैमिली कोर्ट को यह विशेष अधिकार देती है कि वह वैवाहिक विवाद के प्रभावी निपटारे के लिए किसी भी प्रासंगिक दस्तावेज या जानकारी को सबूत के रूप में स्वीकार कर सकती है, भले ही वह सामान्य रूप से एविडेंस एक्ट के तहत मान्य न हो। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि कोई सबूत मामले से जुड़ा और जरूरी है, तो उसे किस तरीके से हासिल किया गया है, यह उतना महत्वपूर्ण नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि अदालतों को दोनों पक्षों के हितों के बीच संतुलन बनाना होता है। पति को अपनी बात साबित करने के लिए जरूरी और प्रासंगिक सबूत पेश करने का अवसर मिलना चाहिए, ताकि मामले का निष्पक्ष और सही फैसले हो सके।



# प्रॉपर्टी टैक्स की शत-प्रतिशत वसूली और एआई से जन-समस्याओं का त्वरित समाधान अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय प्रशासन में पारदर्शिता और कार्य क्षमता ही प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स की वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने 25 फरवरी और 15 मार्च को प्रदेश के सभी नगर निगमों में विशेष वसूली शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही, नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर बल दिया, ताकि समस्याओं का समाधान 2 से 3 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जा सके। आयुक्त भोंडवे भौरी के सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में बुधवार को विभागीय समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, ई-ऑफिस प्रणाली और डिजिटल लॉकर के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को पूर्णतः डिजिटल बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। उन्होंने संसाधन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचारी दृष्टिकोण अपनाते हुए उज्जैन, इंदौर और देवास को मिलाकर एक संयुक्त वॉटर सप्लाई बोर्ड के गठन के संकेत दिए। उन्होंने अनावश्यक बिजली व्यय रोकने के लिए सुचारू जलापूर्ति वाले क्षेत्रों में ट्यूबवेल बंद करने और शत-प्रतिशत स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए।

### आयुष मंत्री ने मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड मिलने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने, मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड सम्मान प्राप्त करने पर आयुष विभाग एवं मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को बधाई दी हैं। आयुष मंत्री परमार ने कहा कि यह गोल्ड एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदेश की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मप्र राज्य औषधीय पादप बोर्ड को राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड की ओर से आयोजित चिंतन शिविर औषधीय पौधे के अवसर पर एक्सीलेंस अवॉर्ड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड (गोल्ड श्रेणी) से सम्मानित किया गया।

**मप्र विधानसभा को डिजिटल बनाने की दिशा में एक और कदम**

# इस बजट सत्र से सभी एमएलए की टेबल पर टैबलेट, प्रमुख सचिव व सचिव को राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के माध्यम से लागू होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश विधानसभा के कामकाज को डिजिटल बनाने की दिशा में नया कदम उठाया जा रहा है। आगामी बजट सत्र से विधायकों की मेज पर टैबलेट रखे जाएंगे।



यह व्यवस्था राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (एनईवीए) के तहत लागू की जा रही है। शुरूआत में विधायकों को टैबलेट के जरिए बजट से जुड़े दस्तावेज देखने की सुविधा मिलेगी। हालांकि, टैबलेट का पूरा उपयोग बाद के सत्रों में किया जाएगा, क्योंकि अधिकांश विधायकों को इसके इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि विधायकों की मेज पर टैबलेट लगाने के लिए बिजली कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है और बजट सत्र से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी। बता दें, कि देश के कई राज्यों में पहले ही यह व्यवस्था लागू हो चुकी है। इससे कागज की खपत कम होगी और विधानसभा का कामकाज तेज, आसान और पर्यावरण के अनुकूल बनेगा।

**टैबलेट में अधिकतर सामग्री हिंदी भाषा में होगी**

हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद की सुविधा मिलेगी. सवालों और कार्यसूची को खोजने का विकल्प होगा। साथ ही माइक्रोफोन की मदद से बोलकर सर्च किया जा सकेगा. पासवर्ड से कहीं से भी सॉफ्टवेयर एक्सेस किया जा सकेगा। विधानसभा अधिकारियों के अनुसार, चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके बजट सत्र के बाद विधायकों को टैबलेट बाद विधानसभा के कामकाज में टैबलेट का व्यापक उपयोग किया जाएगा। ऐसा होगा ई-विधान सदन में प्रत्येक सदस्य की सीट पर लगी डिजिटल स्क्रीन से विधायकों को जिस विषय पर जानकारी चाहिए, वह सिंगल क्लिक पर मिलेगी। प्रश्नकाल में प्रश्न और उनके उत्तर स्क्रीन पर उपलब्ध होंगे।

**विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषय पर कार्यशाला**

### एनईपी-2020 भारत केंद्रित, बाल-केंद्रित और भविष्य केंद्रित शिक्षा दृष्टिः मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विषय वस्तु का पुस्तकों में समावेश विषय आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 न केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन का दस्तावेज है, बल्कि यह भारत केन्द्रित, बाल-केन्द्रित और भविष्य केन्द्रित शिक्षा दृष्टि है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनेक शिक्षाविदों और विशेषज्ञों के अथक परिश्रम का परिणाम है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें तैयार हों जो विद्यार्थी में जिज्ञासा, तर्कशक्ति, सृजनशीलता और भारतीयता तथा पर्यावरण के प्रति संरक्षण की दृष्टि के बोध को विकसित करें।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर मामला दर्ज

# जबलपुर में एपस्टीन फाइल विवाद से जुड़ी पहली एफआईआर

जबलपुर।

**एपस्टीन फाइल विवाद से जुड़े मामले में पहली एफआईआर दर्ज की गई है। जबलपुर नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर की शिकायत पर ओमती थाने में इंडियन यूथ कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल संचालित करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार शिकायत 9 फरवरी को दी गई थी, जिसके आधार पर 12 फरवरी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 197-ए के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया है कि 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर इंडियन यूथ कांग्रेस के हैंडल से एआई जनरेटेड तस्वीरें पोस्ट की गई थीं। इन तस्वीरों में शहर के विभिन्न स्थानों पर कथित यूनिपोल पोस्टर दिखाए गए थे, जिनमें 'एपस्टीन फाइल' का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री दर्शाई गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि वास्तविकता में शहर में ऐसे पोस्टर लगाए ही नहीं गए थे। फिलहाल जबलपुर पुलिस सोशल मीडिया पोस्ट के स्रोत और जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### जांच में सामने आए दो पोस्ट

पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच के दौरान अब तक दो पोस्ट सामने आए हैं। एक पोस्ट में कार्टून चित्र दिखाया गया है, जबकि दूसरे में अमेरिका और भारत के प्रधानमंत्रियों की तस्वीरें दर्शाई गई हैं। पुलिस ने संबंधित यूनिपोल स्थलों की जांच की, जहां किसी अन्य एजेंसी के वैध विज्ञापन पोस्टर लगे मिले। इससे प्रथम दृष्टया सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाए जाने की आशंका सामने आई है।

### जेफ्री एपस्टीन मामला क्या है

गौरतलब है की एप्सटीन फाईल्स पूरी दुनिया में चर्चा में है. जिसमें हर कुछ दिनों में कुछ वीडियो, डाक्यूमेंट जारी हो रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया में हड़कंप मचा हुआ है. बताया गया है कि जेफ्री एपस्टीन अमेरिका का एक करोड़पति फाइनेंसर था, जिस पर 2005 में नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप लगे थे। 2008 में उसे दोषी ठहराया गया और 13 महीने की सजा हुई। साल 2019 में उसे सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर गिरफ्तार किया गया, लेकिन जेल में उसकी मौत हो गई। उसकी सहयोगी गिस्लेन मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराते हुए 20 साल की सजा सुनाई गई। इस मामले की शुरुआत फ्लोरिडा में एक किशोरी की शिकायत से हुई थी, जिसके बाद जांच में करीब 50 नाबालिग लड़कियों के शोषण के आरोप सामने आए। बाद में कई अन्य महिलाओं ने भी आरोप लगाए और मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गया।

## रंगदारी नहीं देने पर महिला का मोबाइल तोड़ा

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में शिव मंदिर के पास टहल रही एक महिला से जबरन रुपए की मांग कर गालीगलौज व मारपीट कर उसका मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय महिला को हाउसिंग बोर्ड कालोनी महाराजपुर अधारताल निवासी 28 वर्षीय वेदांत शुक्ला ने कुछ दिन पहले उज्जैन में जॉब लगवाई थी। उसके बाद वेदांत उससे बार बार बात करने के लिये उसे टार्चर करने लगा। गत रात लगभग 9 बजे वह शिव मंदिर के पास टहल रही थी तभी वेदांत शुक्ला उसके पास आया और उससे 2 हजार रुपए की मांग करने लगा, मना करने पर गाली गलौज व मारपीट कर उसका सैमसंग कंपनी का मोबाइल तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 324(4), 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी वेदांत शुक्ला को अभिरक्षा में लेते हुये प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## भुसावल–कटनी पैसेंजर में चोरी

# युवक का 7 लाख से भरा बैग गायब

**जबलपुर।** भुसावल–कटनी पैसेंजर ट्रेन में चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। ट्रेन के कोच एस-3 में सफर कर रहे जबलपुर निवासी युवक का करीब 7 लाख रुपये नकद से भरा बैग अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। घटना उस समय हुई जब यात्री गहरी नींद में थे।जानकारी के अनुसार जबलपुर निवासी तरुण सतनामी अपने एक साथी के साथ वसूली कर लौट रहे थे। वे ट्रेन की बर्थ नंबर 42 और 43 पर यात्रा कर रहे थे। सुरक्षा के लिहाज से उन्होंने नकदी से भरा बैग अपनी सीट के पास रखा था। बताया गया है कि जब ट्रेन गोटेगांव स्टेशन के आसपास पहुंची और उनकी नींद खुली, तब बैग गायब मिला।पीड़ित ने तुरंत इसकी सूचना जीआरपी को दी। बैग में करीब 7 लाख रुपये नकद होने की बात कही गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही जीआरपी

जीआरपी ने घटनास्थल का मुआयना कर सह-यात्रियों से पूछताछ की है। आशंका जताई जा रही है कि शातिर चोरों ने गोटेगांव के आसपास यात्रियों की नींद का फायदा उठाकर बैग चोरी किया और फरार हो गए। पुलिस अब विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। जीआरपी का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जबलपुर के पार्कों का बदलेगा स्वरूप, अब अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खेलेंगे नौनिहाल

**जबलपुर।** नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा संयुक्त रूप से अब अपने उद्यानों में 'खेल मास्टर प्लान' लागू किया जायेगा। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया के इंजीनियरों एवं अन्य तकनीकी अधिकारियों के साथ भॅंवरताल पार्क का निरीक्षण किया और विशेष कर नौनिहालों के झूले का अवलोकन किया और कहा कि अब पार्क में बच्चों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप झूले एवं पिसल पट्टी लगाये जायेगें ताकि सुरक्षित तरीके से बच्चे झूलों का आनंद ले सकेगें।



निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि नगर निगम के उद्यानों में बच्चों की अलग अलग उम्र के अनुसार खेल परिसर विकसित किये जायेगें तथा मानकों के अनुरूप सुरक्षा का ध्यान रखते हुए खेल उपकरण सुरक्षित तरीके से लगाए जायेगें। उन्होंने कहा कि पार्क में छोटे बच्चों की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है कि जो भी उपकरण लगे वह निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और मजबूत हो। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

भॅंवरताल पार्क निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने उद्यान अधिकारी सहित अन्य इंजीनियरों को निर्देशित किया कि पार्क के अंदर एवं आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के लिए जारी सिटी प्रोफाइल के अनुरूप भी कार्य कराएँ ताकि पार्क की सुंदरता के साथ-साथ आस पास के क्षेत्रों में भी स्वच्छता की चमक दिखाई दे सके। निरीक्षण के मौके पर सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, तकनीकी अधिकारी बालेन्दू शुक्ला, अंकुर खरे, अर्पित नेमा, गजेन्द्र सिंह, श्रीमती दीप्ति भनारिया, अमन तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, श्री चौकसे के साथ विशाखा के, अरूनिमा सेन, श्रद्धा गुप्ता, सिद्धार्थ प्रयाग रंजन आदि उपस्थि रहे।

## सूने घर का ताला तोड़कर जेवर व नगदी पार

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत अवनि विहार शास्त्रीनगर में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी 20 हजार रुपए चोरी कर ले गए। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवनि विहार शास्त्रीनगर निवासी 55 वर्षीय श्रीमति रत्ना राय ने तिलवारा थाने में लिखित शिकायत की, कि गत दिवस अपने पति के साथ अपनी बेटी के ससुराल दुर्गापुर पश्चिम बंगाल गई थी। दूसरे दिन घर में काम करने वाली बाई ने उसे फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह घर आई तो देखा अलमारी का लॉक टूटा था जिसमें रखे सोने के 2 मंगलसूत्र, 1 अंगूठी, चांदी की पायल, नगदी 20 हजार अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने किए जा रहे प्रयास

# पिसनहारी की मढ़िया से लेकर बहोराबाग तक सघन कार्रवाई

जबलपुर।

नगर निगम द्वारा जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशन में अतिक्रमण शाखा द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन कार्रवाई की जा रही है। अपर आयुक्त अरविंद शाह और अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के पिसनहारी मढ़िया स्थित वर्णी गुरुकुल मार्केट, पिसनहारी मार्केट तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा के आस-पास की दुकानों द्वारा अवैध रूप से आम रास्ता पर किये गए टीन शेड, फर्नीचर, ठेले टपरे, विक्रय सामग्री तथा अन्य को पूर्णतः हटाया गया तथा सामग्री जप्त की गई इसके साथ ही भविष्य में पुनः अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। इसी प्रकार जबलपुर हॉस्पिटल के सामने फुटपाथ, सिविक सेंटर में, गोरखपुर रोड पर भी अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज के सामने बहोरबाग रांझी दर्शन तिराहा, करमचंद चौक पर भी कार्रवाही की गई। मालवीय चौक, सिविक सेंटर ओर गोल बाजार इलाकों में लगातार मुनादी की जा रही है ओर चेतावनी दी जा रही है मुख्य मार्ग पर फल सब्जी दुकानें तथा बैनर पोस्टर ठेले टपरे ओर अस्थाई अतिक्रमण करने वाले पर जब्ती ओर चालानी की सख्त कार्यवाही की जाएगी। छोटी लाइन फाटक चौराहे ओर वहां रामपुर चौक तक लगातार कार्यवाही की जा रही है। साथ अतिक्रमण न करने के लिए सख्त चेतावनी दी जा रही है।उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन अभियान भी चलाया जा रहा जिससे, यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे ओर आवागमन में आम नागरिकों को राहत मिले। कार्रवाई के दौरान सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया, श्रीमती एकता रघुवंशी, सहायक परिवहन एवं यातायात प्रबंधन अधिकारी दीपेंद्र सिंह रावत, दल प्रभारी एवं कर्मचारीगण लक्ष्ण कोरी, नदीम खान, जोसफ प्रवीण, अंकित पारस, वीरेंद्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, दुर्गा राव, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी एवं अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा। कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहा एवं सहयोग प्रदान किया गया।



# यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

## आदतन अपराधियों की धरपकड़ हुई तेज

**जबलपुर।** शहर में जहां तहां ठेल, टपरों की आड़ में खुले कथित आहतो और उनमें होने वाली शराबखोरी व यातायात में बाधा उत्पन्न होने पर पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई की। इसके साथ ही समय बदल बदल कर चैकिंग प्वाइंट लगाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं अतिक्रमण कर यातायात मे व्यवधान उत्पन्न करने वालों के अतिक्रमण को हटाया जाकर 34 पुलिस एक्ट की कार्यवाही कराये जाने हेतु आदेशित किया गया है।

कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 44 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 64 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 8 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 40 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 31 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 31 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 37 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 4 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकडा गया सटोरियो के कब्जे से 1450 रूपये जप्त किये गये ।

इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 142 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 39 हजार 600 रूपये समन शुल्क वसूला गया तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 22 वाहन चालको के विरूद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये समन शुल्क वसूला गया।

## पुरानी रंजिश पर मारपीट 2 महिलाओं सहित 4 घायल

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत ककरैया तलैया में पुरानी रंजिश पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचा दी। मारपीट की इस वारदात में दो युवक व दो महिलाए घायल हो गई। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ककरैया तलैया निवासी राजकुमार बर्मन गत दोपहर लगभग 11.30 बजे अपने काम पर जा रहा था तभी रास्ते में पुरानी रंजिश पर अजीत कोल राजकुमार को गालियां देने लगा, राजकुमार की बहन श्रीमति राधा बर्मन ने गालियां देने से मना किया तो अजीत कोल, हजारी लाल गोटिया, किरण कोल, नीलम कोल ने दोनों भाई बहन के साथ मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। वहीं दूसरा पक्ष ककरैया तलैया निवासी 29 वर्षीय अजीत कोल व उसकी पत्नी नीलम कोल के साथ राजकुमार बर्मन, राधा बर्मन, ज्योति बर्मन ने गालीगलौज व मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक दूसरे पक्ष के विरूद्ध धारा रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कटनी-मैहर रेल खंड का हुआ गहन संरक्षा ऑडिट

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के कटनी-मैहर रेल खंड पर आज एक उच्च स्तरीय 'इंटर रेलवे सेफ्टी ऑडिट' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह निरीक्षण मध्य रेल के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी सी. के. प्रसाद के नेतृत्व में गठित एक विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। इस उच्च स्तरीय ऑडिट टीम में संजय कुमार झा, अनिल कुमार पाटके, जनार्दन सिंह, संजय सिंह जैसे वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारी शामिल थे। इसके अतिरिक्त टीम में उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यातायात) जे. डी. वानी, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर एस. के सिंह और वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी शिखर मेहता ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा ऑडिट दल ने गुरुवार सुबह जबलपुर स्टेशन से परख स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अपना निरीक्षण प्रारंभ किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने कटनी और पटवारा के मध्य स्थित 1.37 डिग्री कर्व (किमी 1083/0-8) और एक महत्वपूर्ण बड़े पुल का सघन तकनीकी परीक्षण किया। इसके पश्चात, टीम ने पटवारा-झुकेही खंड में इंटरलॉक गेट नंबर 358 का बारीकी से निरीक्षण किया। अमदरा स्टेशन पर ऑडिट टीम ने स्टेशन संचालन, रिले रूम, पॉइंट एवं क्रॉसिंग 102 बी और एलडब्ल्यूआर की कार्यक्षमता की जांच की। संरक्षा मानकों को और पुख्ता करने के उद्देश्य से भदनपुर में स्थित ट्रैक्शन सब-स्टेशन और मैहर के पास स्थित माइनर ब्रिज व नॉन-इंटरलोक गेट संख्या 377 का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान आरके गुप्ता एसएससी पी वे मैहर, संजय प्रसाद एसएसई सिग्नल , मोहम्मद रिजवान फरीदी एसएससी पीवे कटनी नॉर्थ, धर्मवीर सिंह गेटमैन, सुमेर कुमार एसएस अमदरा, राहुल कुमार ईएसएम, सुजीत कुमार एसएसई टी आर डी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



इस निरीक्षण अभियान में जबलपुर मंडल की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी सहित अन्य शाखा अधिकारी समन्वय हेतु उपस्थित रहे। यह ऑडिट कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जबलपुर में जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत 13 फरवरी को एआरटी व एआरएमवी का निरीक्षण किया जाएगा । कार्यक्रम का समापन 14 फरवरी को मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाली उच्च स्तरीय बैठक के साथ होगा।

## नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित

# कलेक्टर ने फूड सेफ्टी को लेकर की बैठक जारी की फूड सेफ्टी एडवाइजरी



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने फूड सेफ्टी को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक कर निर्देशित किया कि अमानक खाद्य पदार्थों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि नाले के पानी से उगने वाली सब्जियों को लेकर भी संबंधित व्यक्तियों पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी रेस्टोरेंटों में फूड सेफ्टी को लेकर एडवाइजरी का पोस्टर लगवाना सुनिश्चित करें। होली के दौरान बनने वाले खाद्य पदार्थ व मिष्ठानों पर छापामारी करें। आईस्क्रीम पार्लर की जांच करे व आईस्क्रीम के सैंपल लें, कलर्ड गुजिया व मावे की जांच करें। रात में स्ट्रीट फूड लगाने वालों के खाद्य पदार्थों की भी जांच करें। उन्होंने कहा कि जोमेटो व स्वीगी के किचिन की जांच भी करें और यदि फ्रोजन मटेरियल पाया जाता है, जिसे माइक्रोवेव का उपयोग कर बेचा जाता है तो उसे सील करें। कलेक्टर श्री सिंह के निर्देशों के पालन में अभिहित अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा द्वारा जिले के सभी रेस्टॉरेंट संचालकों के लिए स्वच्छता और सुरक्षा के दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। जारी इस आदेश का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत किचिन में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए ग्लव्स, हेड कवर और एप्रिन का उपयोग अनिवार्य होगा। इसके साथ ही, प्रतिष्ठानों को परिसर की दीवारों, फर्श और छतों को पूरी तरह साफ और चिकना रखना होगा ताकि गंदगी जमा न हो सके।

खाद्य सामग्रियों के उपयोग को लेकर विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि एक्सपायरी या 'बेस्ट बिफोर' तिथि निकल चुके पैकेटों को तुरंत नष्ट किया जाए। यदि निरीक्षण के दौरान ऐसे पैकेट पाए जाते हैं, तो यह माना जाएगा कि उनका उपयोग भोजन बनाने में किया जा रहा है और संबंधित रेस्टॉरेंट के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन ने यह भी निर्देश दिया है कि शाकाहारी और मांसाहारी भोजन के संग्रहण के लिए अलग-अलग फ्रीजर और पकाने के लिए अलग बर्तनों का उपयोग किया जाए। इसके अलावा, भोजन पकाने या पैक करने में न्यूज़पेपर जैसे प्रिंटेड पेपर का उपयोग पूरी तरह वर्जित कर दिया गया है।रेस्टॉरेंट संचालकों को अब अपने प्रतिष्ठान में कम से कम एक कर्मचारी को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन प्रशिक्षित रखना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करना होगा ताकि कोई भी संक्रामक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति भोजन निर्माण कार्य में शामिल न हो। साथ ही, तेल और मैदा से बने पदार्थों के अधिक उपयोग के नुकसान बताने वाले पोस्टर लगाना भी अब जरूरी कर दिया गया है। विभाग ने साफ कर दिया है कि इन नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जाएगा।

## जैन समाज ने निकाली स्वर्ण कलश शोभायात्रातारण

# तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज से



**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर के शुकवारी बजरिया जबलपुर में बने सुंदर एवं मनोहारी तीन वेदी सहित शिखरों से सुशोभित श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज शुक्रवार 13 फरवरी से प्रारंभ होगा जो रविवार 15 फरवरी तक चलेगा।मांगलिक प्रंसग पर गुरुवार को नगर में स्वर्ण कलश सहित घट यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने हिस्सा लेकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की। मंगलगान एवं जयघोष करते हुए शोभायात्रा का शुभारंभ सौभाग्यशाली परिवारों के निवास से हुआ जो कार्यक्रम स्थल पुष्पवती नगरी समवशरण मंडप फूटाताल पहुंचीं जहां सौभाग्यशाली परिवारों द्वारा स्वर्ण कलशों को समाज को समर्पित किया गया।आपको बता दें वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सकल तारण समाज सहित वेदी सूतन कर्ता रामडिम मूरी परिवार में अपार उत्साह है, जिनके मंगल आमंत्रण पर प्रदेश सहित पूरे देश से गुरुभक्त त्यागी व्रती साधकगण, श्रेष्ठिगण सहित श्रावक - श्राविकाएं संस्कारधानी पधार चुके हैं, जो वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में हिस्सा लेकर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।आज के कार्यक्रम -मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं जिनधर्म प्रभावक नितिन जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव के प्रथम दिवस आज शुक्रवार 13 फरवरी के शुभ दिन प्रातः काल 5 बजे से सामयिक, ध्यान एवं प्रभात फेरी, 7 बजे से मंत्र जप, श्री तारण त्रिवेणी का पाठ, भाव पूजा, 8 बजे से मंदिर विधि, 8.30 से प्रवचन ध्वजारोहण एवं अस्थाप के महत्व पर, 9.30 से दान प्रभावना, आरती, समवशरण मंडप में ध्वजारोहण, 11 बजे से पात्र भावना, 1 बजे से बृहद मंदिर विधि, जिनवाणी अस्थाप समारोह, 4 बजे से पात्र भावना, संध्या 7 बजे से आरती भक्ति, स्तुति, 8 बजे से प्रवचन एवं 9 बजे से महिला मंडल एवं बालक - बालिकाओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सीता की अग्नि परीक्षा की सुंदर प्रस्तुति दी जावेगी, जिसमें सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज एवं धर्म प्रेमी बंधुओं से ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश समैया, शरद समैया, राहुल जैन, राजू परासिया, मंटू कुंडा वाले, संतोष भाईजी, जतिन समैया, प्रियंक समैया, राजेश दिगंबर सहित सभी सदस्यों मंगल कार्यक्रम में समाज जनों से सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील आयोजन समिति एवं वेदी सूतन रामडिम मूरी परिवार द्वारा की गई है।

# अमेरिका—भारत व्यापार करार किसान विरोधी

## भारत कृषक समाज की समझौता वापस लेने की मांग

**जबलपुर।** हाल ही में अमेरिका और भारत के बीच हुए व्यापार करार को किसान विरोधी बताते हुए भारत कृषक समाज ने इसका तीव्र विरोध जताया है। संगठन ने इस संबंध में कलेक्टर के माध्यम से तथा ई-मेल और स्पीड पोस्ट से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन भेजकर करार वापस लेने की मांग की है। संगठन का कहना है कि यह समझौता एकतरफा है और इससे भारतीय अर्थव्यवस्था, विशेष रूप से किसानों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले उत्पादों पर 18 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जाएगा, जो पहले की तुलना में कई गुना अधिक है, जबकि अमेरिका से भारत आने वाले उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैरिफ प्रस्तावित है। इससे घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और किसानों को नुकसान होगा।ज्ञापन में कहा गया है कि सोयाबीन का आयात भले न हो, लेकिन सोया तेल के आयात की अनुमति और मक्का के स्थान पर मक्के से बने केटल-फीड (डीडीजी) के आयात से किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। संगठन का दावा है कि अमेरिकी कृषि क्षेत्र को भारी सब्सिडी मिलती है और बड़े जोत आकार के कारण वहां के किसान अधिक प्रतिस्पर्धी हैं, जबकि भारत में छोटी जोत और सीमित सहायता के कारण किसान ऐसी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ सकते हैं। भारत कृषक समाज के महाकौशल क्षेत्र अध्यक्ष इंजीनियर के.के. अग्रवाल, संभागीय सचिव रूपेंद्र पटेल तथा जिला अध्यक्ष जे.आर. गायकवाड़ ने बताया कि संगठन ने करार के संभावित प्रभावों को लेकर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

नचिकेता हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

# स्वच्छता के पांच रंग अपनाने व सिंगल यूज़ प्लास्टिक हटाने लगी 'स्वच्छता की पाठशाला'

जबलपुर।

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के मानकों के अनुरूप शहर को अव्वल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम जबलपुर द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संभाग क्रमांक 13 अंतर्गत नचिकेता हायर सेकेंडरी स्कूल में "स्वच्छता की पाठशाला" का विशेष आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को "स्वच्छता के पांच रंग" की जानकारी देते हुए कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्हें बताया गया कि कचरे को पांच अलग-अलग श्रेणियों में पृथक कर निगम की गाड़ी में ही देना चाहिए। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक के त्याग, डस्टबिन के अनिवार्य उपयोग एवं गंदगी मुक्त परिसर बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर स्कूल प्रबंधन के साथ "स्वच्छता संवाद" भी आयोजित किया गया। विभिन्न मानकों पर चर्चा कर स्कूल परिसर में व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने "स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं" के संकल्प के साथ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली।



# कुष्ठ विकृति निवारण के लिए लगा विशेष शिविर

मझौली।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में गुरुवार को कुष्ठ रोग से होने वाली विकृति के बचाव (Prevention of Deformity) हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक गायकवाड़ एवं जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. पारस ठाकुर की उपस्थिति रही। शिविर में क्षेत्र के सभी सेक्टर मेडिकल ऑफिसर्स (MOs) एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (CHOs) ने भाग लिया। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. पारस ठाकुर द्वारा अधिकारियों के लिए शैक्षणिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित कर कुष्ठ रोग से होने वाली विकृतियों की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन गिरीश पालीवाल ने किया। शिविर में उपचाररत एवं उपचार पूर्ण कर चुके मरीजों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सपोर्ट ग्रुप की भूमिका को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।




# विज्ञान में बालिकाओं व महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय दिवस पर शक्ति महाकौशल का विशेष आयोजन

जबलपुर।

शक्ति महाकौशल द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के विज्ञान में अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर नर्मदा नर्सरी स्कूल, हनुमानताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अलका अग्रवाल एवं डॉ. मुक्ता भटेले ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्य भाषण, पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र देने की घोषणा की गई। प्रतियोगिता में डॉ. मीना गुप्ता, डॉ. मुकुल तिवारी, अलका पटेल, चन्द्र प्रकाश वैश्य एवं चंदा स्वर्णकार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम से लगभग 80 विद्यार्थी लाभांवित हुए। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की निर्देशक श्रीमती सुनीति महेश्वरी एवं समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी का आगमन आज

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी आज 13 फरवरी को जबलपुर से प्रस्थान कर सड़क मार्ग से शहडोल जा रहे हैं जो 10:30 बजे प्रातः सिहोरा से निकलेंगे जिनके स्वागत एवं मुलाकात के लिए कांग्रेसजनों को आमंत्रित किया गया हैं। सभी से फोर लेन सिहोरा अस्पताल के सामने पहुंचने की अपील ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा अध्यक्ष बिहारी पटेल ने की है।

## निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह 15 को

**जबलपुर।** कांच का शिव मंदिर पचपेड़ी की ओर से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विगत 13 वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का विवाह करवाया जा है। जिसमें कन्याओं को गृहस्थी का पूरा सामान दिया जाता है जैसे सोफा पलंग कलर अलमारी गद्दा रसोई के सारे बर्तन इत्यादि। इस वर्ष भी 8 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन महाशिवरात्रि के दिन 15 फरवरी को पचपेड़ी स्थित कांच के शिव मंदिर में आयोजित किया गया है। विवाह संपन्न होने के उपरांत फलों का भंडारा एवं प्रीतिभोज आयोजित है। समाजसेवी एवं आयोजन करता मनीष त्रिपाठी, मोहन सिंह, प्यारेलाल गजभिए, अंकित फ्रांसिस आदी ने सभी से उपस्थिति की अपील की हैं।

श्रेष्ठ अंक हांसिल करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

# शासकीय श्याम सुंदर महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन आयोजित

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह-सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों तथा एन.सी.सी. में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक प्रो. पंजाबराव चंदेलकर ने की जबकी विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, जनभागीदारी अध्यक्ष राजा मोर एवं सदस्य विनोद खत्री उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत शॉल एवम् श्रीफल भेंट कर किया। तत्पश्चात डॉ. सुनु आर. के. मैथ्यू ने संस्थान की वार्षिक प्रगति-रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. नीता तिवारी ने किया। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी.एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' डॉ.अंकित द्विवेदी, गौरव द्विवेदी एवं डॉ राहुल शर्मा को प्रदान किया गया। शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के लिए हिंदी विभाग एवं रसायन शास्त्र विभाग को संयुक्त रूप से 'सर्वश्रेष्ठ विभाग' का पुरस्कार प्राप्त हुआ। सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु एन.सी.सी. इकाई को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों आकांक्षा लोधी, रुपाली पांडे और अंजलि यादव को स्वर्ण पदक तथा प्रत्येक उपाधि में सर्वोच्च अंक हेतु प्राचार्य पदक सहित अन्य पदकों से अलंकृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ कैडेट सीनियर डिवीजन का पुरस्कार संतोष कुमार बढ़ई को तथा सर्वश्रेष्ठ कैडेट सीनियर विंग का पुरस्कार मीनू दुबे को प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर योगासन प्रतियोगिता में संस्था का प्रतिनिधित्व करने के लिए आशु चौधरी को पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता सग्राम सेनानी स्वर्गीय विष्णु प्रसाद मोर की स्मृति में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजा मोर ने पुरस्कारों की घोषणा की है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और समर्पण का उत्सव बनकर महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण सिद्ध हुआ।





# भारतीय किसान यूनियन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## अमेरिका ट्रेड डील का विरोध, कहा किसानों का होगा अहित

सिहोरा

भारतीय किसान यूनियन टिकेत के जिलाध्यक्ष एड रमेश पटेल के नेतृत्व में अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करते हुए इसे राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि विगत दिनों भारत सरकार एवं अमेरिका सरकार के मध्य हुए व्यापार समझौता से एक तरफा अमेरिका सरकार के फायदे का है भारत सरकार द्वारा किसान संगठन एवं संसद में चर्चा किये बगैर इस करार से भारतीय अर्थव्यवस्था व मुख्य रुप से भारत के किसानो के साथ धोखा है, इससे भारतीय किसान बर्बाद हो जावेंगे तथा यह भारतीय किसानो के लिये डेथ वारण्ट होगा।

महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत अपने उत्पादो को अमेरिका को निर्यात करेगा तो उस पर अमेरिका 18 प्रतिशत टैरिफ लगायेगा वहीं जब अमेरिका अपने उत्पादो को भारत को निर्यात करेगा तो उस पर कोई टैक्स नहीं लगायेगा अर्थात शून्य प्रतिशत टैरिफ होगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री एवं व्यापार मंत्रीगण यह कहते रहे की भारत का कृषि क्षेत्र पूर्णतः संरक्षित एवं सुरक्षित रहेगा लेकिन भारत के किसानो के साथ धोखा हुआ।अमेरिका व्यापार मंत्रालय ने घोषणा की है अमेरिका के कृषि उत्पाद को भारत का बाजार शून्य प्रतिशत टेरिफ पर उपलब्ध होगा जिससे अमेरिका के किसानो को लाभ मिलेगा और दूसरी तरफ हमारे भारत के किसान बर्बाद होंगे अमेरिका के लिये भारत का बाजार शून्य प्रतिशत टेरिफ पर उपलब्ध होगा। भारत में आज 60 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर आधारित है औसत किसानो की जोत कृषि भूमि दो एकड़ से भी कम है और बजट में किसानो को मात्र तीन प्रतिशत सबसिडी दी जाती है। हमारे किसानो को निरंतर एमएसपी के लिय जूझना पड़ रहा है तथा धान / गेहूँ एवं अन्य फसलो को विक्रय करने पर तमाम परेशानियो को सामना करना पड़ रहा है इससे भविष्य में किसान बर्बाद हो जावेगा। इस अवसर पर अनिल पटेल, अवसर पटेल, जितेन्द्र कुर्मी, लक्ष्मीनारायण पटेल, रंजीत पटेल, ओमप्रकाश पटेल, विनय पटेल, दिलीप पटेल, रामराज पटेल, अनिल पटेल, राजेश पटैल, अरविंद पटेल सुरेन्द्र पटेल, बीरेंद्र पटेल, छोटे पटेल सहित अनेक किसान उपस्थित थे।



# खंभे से टकराया ट्रक, 6 घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**बरेला।** गुरुवार की सुबह 5:30 बजे हाईवे पर ट्रक के विद्युत खंभों से टकराने की वजह से नगर में विद्युत आपूर्ति सुबह से ही ठप्प रही जो की सुधार कार्य चलने के लगभग 6 घंटे बाद 12:00 बजे के करीब विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। बताया जाता है कि सुबह 5:30 बजे हाईवे पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 q f 7375 के चालक को झपकी आने पर रोड किनारे लगे विद्युत खंभों से टकराकर पलट गया। ट्रक में सोयाबीन लोड था टक्कर इतनी जोरदार थी कि चार पांच खंबे उखड़ कर आ गए तथा और आठ दस खभों की केबल भी टूट गई। विद्युत मंडल द्वारा तत्काल ही सुधार कार्य प्रारंभ किया गया जिस पर दोपहर 12:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से चालू हो गई तथा लोगों ने चैन की सांस ली फिलहाल इस प्रकरण में पुलिस द्वारा वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। बताया जाता है कि यह ट्रक बीना खुरई से सोयाबीन लोड कर चिल्फी रायपुर जा रहा था।




# 1 लाख लाने नवविवाहिता को दी प्रताड़ना

**जबलपुर । पाटन** थानांतर्गत ग्राम मालाखुर्द निवासी एक नवविवाहिता को दहेज में एक लाख रुपये की मांग कर उसकी ठेमी नरसिंहपुर स्थित ससुराल में ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ना दी जा रही है। दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर महिला मायके में रह रही है। नवविवाहिता की शिकायत पर आरोपी पति, सास, ससुर के खिलाफ दहेज अधिनियम की धारा 334 के तहजत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम मालाखुर्द निवासी श्रीमती मनीषा इकनोरिया की शादी गत वर्ष 10 मई को ठेमी नरसिंहपुर निवासी शुभम मिलावट के साथ हुई थी। शादी में पर्याप्त दहेज देने के बावजूद पति शुभम सिलावट, सास रामबाई, ससुर डोमन सिलावट दहेज नहीं देने का ताना मारकर एक लाख रुपये की मांग कर आये दिन नवविवाहिता मनीषा को प्रताड़ति करने लगे। मायके पक्ष के समझाने के बावजूद ससुराल वाले मनीषा को रखने तैयार नहीं है।

## जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के सेमीफाइनल में

जबलपुर।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तत्वावधान में रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के सेमीफाइनल में लीजेंड्स, हिटर्स, रॉयल्स व चार्जर्स टीम प्रविष्ट हो गईं। आज शुक्रवार 13 फरवरी को पहले सेमीफाइनल में हिटर्स व चार्जर्स और दूसरे सेमीफाइनल में लीजेंड्स व रॉयल्स के मध्य भिड़ंत होगी। गुरुवार को खेले गए महत्वपूर्ण लीग मुकाबले में लीजेंड्स ने चार्जर्स को 7 विकेट और हिटर्स ने रॉयल्स को 8 विकेट से हराया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाहिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया।

मैच के अंपायर सुबोध धांडे, संदीप बर्मन व मनोज कुमरे और स्कोरर सुशील पांडे, प्रणव देशमुख, प्रतीक कुंटे व मोहम्मद अयाज़उद्दीन रहे। जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के अंतर्गत 13 फरवरी को दोपहर 1.00 बजे पहला सेमीफाइनल हिटर्स व चार्जर्स टीम के मध्य और दूसरा सेमीफाइनल सायं 3 बजे से लीजेंड्स व रॉयल्स टीम के मध्य खेला जाएगा।

# जेईसी के पूर्व छात्र ने दिखाई सामाजिक जिम्मेदारी

## 2005 बैच के के. लक्ष्मी नरसिम्हा ने हॉस्टल को भेंट किया वॉटर कूलर

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज (जेईसी) के पूर्व छात्र एवं वर्ष 2005 बैच के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से उत्तीर्ण के. लक्ष्मी नरसिम्हा ने कॉलेज के हॉस्टल क्रमांक 8 में आरओ वॉटर कूलर भेंट कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

नरसिम्हा वर्तमान में विदेश की एक सॉफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत हैं। छात्र जीवन के दौरान वे हॉस्टल क्रमांक 5 में निवासरत थे। इस अवसर पर हॉस्टल क्रमांक 8 के सभी छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक, चीफ वार्डन (बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल) प्रो. नितिन सक्सेना, प्रो. हेमंत अमहिया, वर्ष 2006 बैच की कंप्यूटर साइंस विभाग से उत्तीर्ण एवं विदेश में कार्य कर चुकी नेहा गुप्ता, डॉ. जनार्दन प्रताप सिंह दुबे (अधिवक्ता, उच्च न्यायालय एवं प्रदेश अध्यक्ष, मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संगठन) सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक ने कहा कि जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र देश-विदेश में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। पूर्व छात्र निरंतर अपने जूनियर्स और कॉलेज के विकास में सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में भी एलुमनाई का सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि कॉलेज के इनक्यूबेशन सेंटर से नवाचार और स्टार्टअप की नई संभावनाएं उभर रही हैं। वर्षों से बंद पड़ी हाई वोल्टेज लैब को पुनः प्रारंभ करने के प्रयास किए जा रहे हैं तथा उसके NABL एक्रीडिटेशन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों की टेस्टिंग अब जबलपुर में ही संभव होगी और उन्हें भोपाल या बेंगलुरु भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। छात्रों के स्किल डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए छह माह की अनिवार्य जॉब/इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग व्यवस्था लागू की गई है। इस पहल में पूर्व छात्र अपनी-अपनी कंपनियों में प्रैक्टिकल प्रशिक्षण देकर सहयोग कर रहे हैं। कॉलेज प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि निकट भविष्य में JEC का इनक्यूबेशन सेंटर कई नई कंपनियों को जन्म देगा, जो देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।




**श्री शंकर लाल मिश्रा**- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री शंकर लाल मिश्रा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



**श्रीमती जानकीबाई**- श्री भवानी प्रसाद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती जानकीबाई उर्फ जनका बाई का 12 फरवरी 2026 को निधन हो गया है उनकी अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री मुरलीधर खत्री**- मदलमहल शारदा चौक साईं मंदिर के निकट निवासी श्री मुरलीधर खत्री (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरला ओझा**- बिलपुरा कॉलोनी व्हीकल निवासी श्री आत्माराम ओझा की धर्मपत्नी श्रीमती सरला ओझा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश कुमार शर्मा**- छोटी ओमती निवासी श्री दिनेश कुमार शर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शशि चौबे**- कोतवाली निवासी श्री राम कुमार चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती शशि चौबे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज प्रसाद खंडेलवाल**- नेपियर टाउन जबलपुर अस्पताल के समीप निवासी श्री सूरज प्रसाद खंडेलवाल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री किशन लाल शर्मा**- मुजावर मोहल्ला गढ़ा निवासी श्री किशन लाल शर्मा (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुशादास गुप्ता**- सिविल लाइन पावर हाउस के पास श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री कुशादास गुप्ता (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

निधन

**श्री ओमकार सिंह ठाकुर**- पटेल मोहल्ला पोलीपाथर बादशाह हलवाई मंदिर के पास निवासी श्री ओमकार सिंह ठाकुर (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमित्रा बाई चौधरी**- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड निवासी श्री छोटे लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई चौधरी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश कुमार ठाकुर**- तिलहरी नगर निगम क्वाटर्स के पास निवासी श्री रमेश कुमार ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश अधलखा**- रतन कॉलोनी गोरखपुर निवासी श्री ओम प्रकाश अधलखा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुशील कुमार सिंह**- जयनगर यादव कॉलोनी निवासी श्री सुशील कुमार सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष रैकवार**- हनुमानताल नन्हें जैन मंदिर के पास निवासी श्री संतोष रैकवार (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल कोरी**- फेस 1, तिलहरी निवासी श्री शिव कुमार कोरी के पुत्र श्री राहुल कोरी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई विनोदिया**- लालमाटी छोटी संतोषी माता के निकट निवासी श्री सुखराम विनोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई विनोदिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छोटी बाई कुशवाहा**- लालमाटी बड़ी संतोषी माता मंदिर के निकट निवासी श्री खुमान सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई कुशवाहा (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि यादव**- छोटी ओमती निवासी श्री लक्ष्मी प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शशि यादव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनूप श्रीवास्तव**- बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री अनूप श्रीवास्तव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-

# चक्रवर्ती को 3 विकेट, ईशान-पंड्या की फिफ्टी; टीम इंडिया ग्रुप-ए के टॉप पर

# भारत लगातार दूसरा मैच जीता, नामीबिया 93 रन से हारा

**नई दिल्ली।** भारत ने नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। गुरुवार को दिल्ली में खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 10 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। भारत ने नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन और हार्दिक पांड्या की दमदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 10 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने टी20 विश्व कप के अपने पहले



मैच में अमेरिका को हराकर शानदार तरीके से अभियान की शुरुआत की थी। अब भारत की नजरें रविवार (15 फरवरी) को पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर है। यह मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए हाई-प्रेशर वाला होगा। बता दें कि, इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, पाकिस्तान दूसरे पायदान पर खिसक गया।

## ईशान किशन की विस्फोटक पारी

टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने नामीबिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 209 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय पारी में ईशान किशन और हार्दिक पांड्या ने तूफानी अर्धशतक जड़े, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरेस्मस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल कर मैच में रोमांच बनाए रखा। अगर संजू सैमसन की पारी कुछ पलों की चमक जैसी थी, तो ईशान किशन की बल्लेबाजी पूरी फिल्म की तरह रोमांच से भरी रही। किशन ने 24 गेंदों में 61 रन ठोक डाले। उन्होंने महज 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसमें पांच छक्के और छह चौके शामिल थे। नामीबिया के गेंदबाजों ने जैसे ही लंबाई में जरा सी चूक की, किशन ने पूरी ताकत से गेंद को स्टैंड्स के पार पहुंचा दिया। उनकी तेजतर्रार बल्लेबाजी ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई और बड़े स्कोर की मजबूत नींव रखी। संजू सैमसन ने 8 गेंदों में 22 रन बनाए। उनकी पारी में तीन आकर्षक छक्के शामिल थे।हालांकि, अच्छी शुरुआत के बावजूद वह बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और काउ कॉर्नर पर कैच आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी कुछ खास नहीं कर सके। उन्होंने 12 गेंदों में 12 रन बनाए। बर्नार्ड शोल्ट्ज़ की शानदार गेंद पर सूर्या आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में चूक गए और स्टंप आउट हो गए। यह पारी की बेहतरीन गेंदों में से एक थी। तिलक वर्मा ने 25 रन का योगदान दिया, लेकिन इरास्मस की विविधताओं के सामने जूझते नजर आए।

## इरेस्मस की घातक गेंदबाजी

नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरेस्मस ने 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने साइड-आर्म ऑफ ब्रेक, राउंड आर्म गेंद और क्रीज के पीछे से छोटी लंबाई की गेंदों का बेहतरीन मिश्रण पेश किया। उनकी गेंदबाजी ने बीच के ओवरों में भारत की रनगति पर कुछ हद तक अंकुश लगाया।

## खबर संक्षेप

### मजबूत मांग से एल्युमीनियम की वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में तेजी के रुख के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों को बढ़ाया जिससे वायदा कारोबार में एल्युमीनियम की कीमत बृहस्पतिवार को 75 पैसे की बढ़त के साथ 318.20 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अनुबंधों का भाव 75 पैसे यानी 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 318.20 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।

### रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 प्रति डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** विदेशी कोषों के निवेश से निवेशकों का उत्साह बढ़ने से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे बढ़कर 90.61 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 90.55 पर खुला, और कारोबार के दौरान 90.40 के दिन के उच्चतम स्तर तक गया और 90.65 के निचले स्तर तक आया।

### आरसीएफ संयंत्र लगाने 865 करोड़ का करेगी निवेश

Rashtriya Chemicals & Fertilizers Ltd. (A Government of India Undertaking)

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड महाराष्ट्र में 'फॉस्फोरिक एसिड' संयंत्र लगाने के लिए 865 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। महाराष्ट्र के अलीबाग में थाई यूनिट में 300 टन प्रति दिन की प्रस्तावित क्षमता वाला एक नया 'फॉस्फोरिक एसिड' संयंत्र लगाने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

### मजबूत हाजिर मांग से तांबा की वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को तांबा की कीमत 60 पैसे की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर तांबा के मार्च माह में आपूर्ति वाले तांबा के अनुबंधों की कीमत 60 पैसे यानी 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,276 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई जिसमें 959 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### वेलबीइंग न्यूट्रिशन में 79 प्रश. हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी यूएसवी

WELLBEING NUTRITION

**नई दिल्ली।** फार्मा और जैव प्रौद्योगिकी कंपनी यूएसवी 1,583 करोड़ रुपये के मूल्यांकन पर वेलबीइंग न्यूट्रिशन में 79 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। एक संयुक्त बयान के अनुसार यूएसवी ने न्यूट्रिशनलैब प्राइवेट लिमिटेड में 79 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### जैविक खाद्य उत्पादों का चार दिवसीय व्यापार मेला जर्मनी के न्यूर्नबर्ग में हुआ प्रारंभ

# मुक्त व्यापार समझौते से भारत और यूरोपीय संघ के जैविक खाद्य कारोबारियों की बढ़ीं उम्मीदें

एजेंसी ▶▶ न्यूर्नबर्ग (जर्मनी)

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के जैविक खाद्य कारोबारियों ने हाल में घोषित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर सकारात्मक रुख जताया और कहा है कि इससे दोनों पक्षों को बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी तथा इस क्षेत्र में बड़े अवसर उत्पन्न होंगे।

स्थायी खाद्य क्षेत्र से जुड़ी करीब 2,200 कंपनियां चार दिवसीय 'बायोफैच 2026' में अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। इनमें भारत के 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। यह जैविक खाद्य उत्पादों का दुनिया का प्रमुख व्यापार मेला है, जो न्यूर्नबर्ग प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित हो रहा है। मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। यह मेला ऐसे समय हो रहा है जब भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की है। इसके करीब एक साल में हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है।



## समझौते से व्यापार बढ़ाने में मिलेगी मदद

*मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मणिपुर के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक देवांगन, बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में मंत्री (कार्मिक) मंदीप सिंह तुली तथा सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव रमण कुमार भी मौजूद थे। मेले में जैविक जूस व 'स्नैक्स' निर्माता, अनाज उत्पादक और गैर-मादक पेय कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इन्होंने एक स्वर में कहा कि यह समझौता इस क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने में मदद करेगा।*

## समझौता ईयू में 60 अरब डालर के खोलता है अवसर

*जैविक खाद्य क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता भारतीय जैविक उत्पाद निर्यातकों के लिए ईयू में करीब 60 अरब डॉलर के अवसर खोलता है। वहीं इससे ईयू देशों को भारत के 140 करोड़ उपभोक्ताओं का बाजार भी मिलेगा।*

## फ्रांस की कंपनियां भारत में खोज रहीं साझेदार

फ्रांस जैसे क्षेत्रों की कई कंपनियां भारत में स्थानीय साझेदारों की तलाश में आक्रामक रुख अपना रही हैं। एक 'स्नैक' निर्माता ने कहा, '' अगर भारत में मांग बढ़ती है, तो हम भारत में ही उत्पादन शुरू कर सकते हैं।'' कर्नाटक स्थित जैविक बीज, जड़ी-बूटी और अनाज कारोबार से जुड़ी राजामुडी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं सह-संस्थापक नागेंद्र कुमार एच. ने हालांकि कहा कि दोनों क्षेत्रों को प्रमाणन संबंधी मुद्दों पर काम करना होगा, जो फिलहाल निर्यात में बाधा बन रहे हैं।

## दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर : अभिषेक देव

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन अभिषेक देव ने कहा, '' इस क्षेत्र में दोनों पक्षों के लिए बड़े अवसर हैं।'' 'बायोफैच' में भारत 'कंट्री ऑफ द ईयर' के रूप में प्रमुख उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के अधीन एपीडा मेले में भारत की भागीदारी का आयोजन कर रहा है, जिसमें देश की समृद्ध कृषि विरासत और जैविक उत्पादों के भरोसेमंद वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में उसकी बढ़ती पहचान को प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार आगंतुकों को भारतीय जैविक उत्पादों, मूल्य सृजन मॉडल और साझेदारी के अवसरों की जानकारी दी जा रही है।

## कंपनी लंबे समय से कर रही पैरवी

रिपोर्ट के अनुसार, मार्लबोरो बनाने वाली कंपनी ने निजी तौर पर शीर्ष भारतीय अधिकारियों और एक संसदीय समिति से आईक्यूओएस जैसे उपकरणों के पीछे के विज्ञान पर विचार करने, इस पर शोध करने और हीट-नॉट-बर्न उत्पादों को प्रतिबंध से छूट देने के लिए पैरवी की थी। फिलिप मॉरिस के अधिकारियों ने जनवरी में दावोस में कई राज्य सरकार के अधिकारियों से मुलाकात कर आईक्यूओएस जैसे उत्पादों का उपयोग की अनुमति देने की पैरवी की थी।

## इरेडा इक्विटी शेयर से 2,994 करोड़ रुपये जुटाने तत्पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) इक्विटी शेयर जारी कर 2,994 करोड़ रुपये जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी लेगी। यह मंजूरी पात्र संस्थागत खरीदारों समेत अन्य निवेशकों से डाक के जरिये ली जाएगी। नोटिस के अनुसार, इस निर्गम से कंपनी में भारत के राष्ट्रपति की शेयरधारिता निर्गम के बाद की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के 3.76 प्रतिशत से अधिक नहीं घटेगी। इस प्रस्ताव के कार्यान्वयन और प्राप्त कोष के उपयोग की समय-सारणी को बाद में उचित समय पर निदेशक मंडल मंजूरी देगा। प्रस्ताव पर ई-मतदान शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगा और शनिवार, 14 मार्च, 2026 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा। विकल्पों का मूल्यांकन करना जारी कंपनी अपने मौजूदा परिचालन में वृद्धि अवसरों की उम्मीद करती है और विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन करना जारी रखे हुए है। इसके लिए, कंपनी को इस तरह की वृद्धि प्राप्त करने के लिए पूंजी की आवश्यकता बनी हुई है।


**JAWAHARLAL NEHRU KRISHI VISHWA VIDYALAYA**
**JABALPUR 482 004**

IPRO/DI/2026-27/37 **WALK IN INTERVIEW** Dated: ..../02/2026

Eligible candidates may appear for "Walk in Interview" for the Post of Young Professional -1 (Library and Information Science) on contractual basis with the original documents and two sets of Application Form (with attested Photographs and photocopies of documents) YP-I post is under the project **"Automation and Digitization of Available Resources in the Central Library"** Details and format for application can be obtained from (http://www.jnkvv.org) **Date & Time:** 23 February, 2026 at 11:00 am **Place of the Interview:** Office of the Director Instruction, JNKVV, Jabalpur - 482004

**Director Instruction**

**कार्यालय अधीक्षक रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर म.प्र**
पता मालगोदाम चौक के पास साउथ सिविल लाईन जबलपुर टेलिफोन नं 0761-2625622
web site www.elginhospital.com & elginhospitaljbp@gmail.com

क्रमांक / आर.के.एस/2026 / 3573 जबलपुर, दिनांक 07.02.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**
**FOR**
**Cycle Stand in Hospital Campus**

Superintendent Rani Durgawati Hospital Jabalpur (M.P.) invites below mention tenders online https://mptenders.gov.in bid from eligible service providers as given document for the period from: Schedule of Events.

| S.No | Tender Reference Number: | Tender ID | Publishing & Bid Submission Start Date* | Pre Bid Meeting Date* | Bid Submission Closing Date* |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 496 | 2026_DHS_474241_2 | 12-02-2026 | 23-02-2026 | 06-03-2026 |

G-25764/25

**Superintendent**
**Rani Durgawati Hospital**
**Jabalpur**

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-847 Date- 12/02/2026 2026_UAD__482072_1 | सं.क्र. -06 अंतर्गत बैकलेन रिपेरिंग एवं नेकी की दीवार की रिपेरिंग कार्य। | तीन माह रू 4.23 लाख | रू 2,000/- रू 4232/- | 27/02/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** सी/50/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN, तुमसर के अधिकार क्षेत्र में TMR, MNU, TRO और कोका यार्ड में RCC यार्ड ड्रेन बनाकर यार्ड अपग्रेडेशन। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,43,76,422/- **बयाना राशि:** ₹ 2,71,900/-

**2. निविदा क्र.:** सी/51/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN/ट्रैक/नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत रेलवे सामग्री ले जाने के लिए 4.5 MT क्षमता के ट्रकों (SSE/PW/KP एवं SSE/PW/TAR प्रत्येक के लिए एक ऐसे 02 ट्रक) को एक वर्ष की अवधि के लिए किराए पर लेना। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 45,69,187/- **बयाना राशि:** ₹ 91,400/-

**3. निविदा क्र:** एन/60/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** सिविल और इलेक्ट्रिकल / जनरल से सम्बंधित समग्र कार्य - **(1)** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल पर TVU-10000 वाले नॉन-इंटरलॉक्ड LC क्रमांक BK-4, BK-24, BK-36, GJ-8, GJ-9, GJ-10, GJ-19, GJ-21, GJ-30, GJ-31, GJ-67, NM-12, NM-18, NM-41, NC-7, NC-8, NC-75, CI-68, CI-99, CI-104 और CI-108 (21 संख्या) के सम्बन्ध में रिले हट का निर्माण। **(2)** नॉन-इंटरलॉक्ड LC गेट KR-4 और GCF-63 की इंटरलॉकिंग। **(3)** नागपुर मंडल में ई-रूट में 50,000 से अधिक TVU वाले CWA-ITR सेक्शन में एलसी गेट्स क्रमांक CI-02 (CWA) एवं CI-96 (SONR) की इंटरलॉकिंग और एलसी गेट्स की बिजली आपूर्ति विश्वसनीयता में सुधार। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 7,16,01,254/- **बयाना राशि:** ₹ 5,08,000/-

**4. निविदा क्र.:** एन/61/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / छिंदवाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कवर शेड प्रदान करके सम्प, नाली, इपॉक्सी ग्राउटिंग, सीमेंट ग्राउटिंग आदि का निर्माण कर के विभिन्न निम्नलिखित RUB का - **(1)** RUB क्रमांक 112, 110, 108, 106 और 103 का सुधार कार्य। **(2)** RUB क्रमांक 222, 219, 171, 162 और 147 का सुधार कार्य। **(3)** RUB क्रमांक 302, 299, 298 और 295 का सुधार कार्य। **(4)** RUB क्रमांक 49, 47, 42 और 39 का सुधार कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 7,05,63,441/- **बयाना राशि:** ₹ 5,02,800/-

**5. निविदा क्र.:** एन/62/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** ADEN / नैनपुर के अधिकार क्षेत्र में नैनपुर में HS SPART/ARME साइडिंग का प्रस्तावित कंस्ट्रक्शन। (कंस्ट्रक्शन सर्विस बिल्डिंग, कैटवॉक, CC पाथवे, 03 कोच लंबाई के लिए कोच वॉटरिंग अरेंजमेंट, 50 mm डाया एयर कम्प्रेस्ड सीमलेस पाइप और अप्रोच रोड वगैरह)। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,19,39,949/- **बयाना राशि:** ₹ 3,09,700/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **27.02.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

निविदा सम्बंधित अन्य विवरण तथा निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य),**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**नागपुर**

MS/70-306

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, सिवनी (म.प्र.)**
फोन नं. (का.) 07692-220444 (नि.) 07692-220301 E-mail-dmseoni@nic.in

क्रमांक/581/ प्रपत्र लिपिक/2026 **निविदा सूचना** सिवनी, दिनांक 6 फरवरी 2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्यालय कलेक्टर सिवनी एवं परिसर में स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के शासकीय दस्तावेजों की फोटोकापी कराने हेतु निम्नलिखित शर्तो पर सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदा इस कार्यालय के अधीक्षक कक्ष में दिनांक 26/02/2026 को अपरान्ह 4.00 बजे तक उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक 27/02/2026 सांय 4.00 बजे अपर कलेक्टर सिवनी के कक्ष में उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

**निविदा की शर्ते**

1- प्रत्येक निविदा हेतु प्रारूप संलग्न है। निर्धारित तिथि एवं समय के भीतर सीलबंद लिफाफे में प्रत्येक साइज के फोटोकापी पेपर का ब्राण्ड तथा पेपर का प्रत्येक साईज ए-3, ए-4, एफएस व अन्य साईज तथा प्रति पृष्ठ फोटोकापी की दर रुपए / पैसे में स्पष्ट रूप से उल्लेखित होना चाहिए। निविदा खोलने पर अपूर्ण प्रविष्टि व जानकारी वाली निविदा निरस्त कर दी जावेगी। 2- निविदाकार को स्वयं के व्यय पर फोटोकापी कार्य हेतु कार्यालय कलेक्टर सिवनी परिसर में ही फोटोकापी मशीन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था कराना होगा। फोटोकापी कार्य हेतु परिसर में स्थान उपलब्ध कराने की कार्यालय की कोई जिम्मेदारी व बाध्यता नही होगी। 3- निविदाकार के पास उसकी दुकान का गुमास्ता नम्बर, पेनकार्ड नम्बर एवं जीएसटी नम्बर होना अनिवार्य है। इससे संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। 4- निविदा के साथ प्रतिभूति के रूप में राशि रुपए 5000/- (रूपया पाँच हजार मात्र) का बैंकर्स चैक जो कलेक्टर सिवनी के पक्ष में जमा किया गया हो अथवा किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में कलेक्टर सिवनी के पक्ष में जमा की गयी डिपाजिट रसीद प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना प्रतिभूति राशि जमा कराये किसी भी कोटेशन पर कोई विचार नही किया जायेगा। 5- प्रत्येक निविदा निर्धारित तिथि व समय के भीतर बंद लिफाफे में ए-3, ए-4 साईज एवं एफएस पेपर की दर स्पष्ट एवं पेपर मार्क (ब्राण्ड) एवं कंपनी का नाम होना अनिवार्य है। 6- निविदा स्वीकार होने की स्थिति में संबंधित निविदाकार को कार्यालय कलेक्टर सिवनी परिसर में स्थित सभी कार्यालयों की शासकीय अनुमोदित दर पर दस्तावेजो की तुरन्त प्राथमिकता के साथ फोटोकापी करना होगा। 7- छायाप्रति स्पष्ट एवं साफ-सुथरी प्रदान करना होगा। अन्यथा फोटोकापी देयक भुगतान निरस्त किया जायेगा। 8- अवकाश के दिवसों में एवं रात्रि में भी आवश्यकता पडने पर अनिवार्य रूप से फोटो कापी का कार्य करना होगा। निविदाकार के द्वारा कार्य में अवरोध होता है, जिससे अन्यत्र फोटोकापी कार्य कराया जाता है तो राशि का भुगतान संबंधित निविदाकार को करना होगा। 9- निविदाकार को उसकी निविदा स्वीकार होने की स्थिति में कलेक्टर कार्यालय परिसर सिवनी में फोटोकापी मशीन के साथ ही फोटोकापी पेपर, टोनर मरम्मत का सामान रखना होगा। बिजली न रहने की दशा में फोटोकापी का कार्य न रूके इसके लिए अन्य विकल्प जैसे जनरेटर आदि की व्यवस्था भी करना अनिवार्य होगा। निविदा आवेदन के साथ इसकी व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी प्रस्तुत करना होगा। 10- जो भी शासकीय दस्तावेजों की फोटोकापी की जायेगी, निविदाकार उसकी गोपनीयता भंग न करने एवं शर्तो का उल्लंघन न करने के लिए प्रतिबध होगा। यदि किसी तरह यह जानकारी ज्ञात होती है कि निविदाकार के द्वारा शासकीय दस्तावेजों की गोपनीयता भंग की गयी है। शर्तो का उल्लघंन किया जा रहा है तो तत्काल बिना किसी सूचना के जानकारी कार्यादेश निरस्त करने एवं राशि का भुगतान निषिद करने के साथ ही निविदाकार के विरूदध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए निविदाकार स्वयं जिम्मेदार होगा। 11- निविदा स्वीकृति शर्तो के अनुसार वित्तीय वर्ष समाप्ति तक कार्य संपादन करने की गारंटी देना होगा। 12- किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर सिवनी का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

G-25745/25 **कलेक्टर, सिवनी**

**खंड- I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या [2025_MPFD_464706_2] /ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 09/02/2026

1. वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Desktop PC | i512th gen, 16gb ram 512ssd win-11 Monitor 27.5 screen size 3 Year warranty | 30,000/- | 1,000/- |
| 2. | All in One | All in One PC - i5 12th gen, 8gb,512ssd win- 11 23.5 screen size 3 Year warranty | | |
| 3 | Printer | Black & White Both Side Printing System Automatic Duplex Laser Printers 3 Year warranty | | |
| 4. | Monitor UHD | 27 and 32 Inches with 3 Year warranty | | |
| 5. | Printer Cartridge | 12A-Compatible 88A-Compatible 2365-Compatible 924A-Compatible 110A-Compatible 1188A-Compatible | | |
| 6. | Photocopy Cartridge | Kyocera Toner Cartridge TK4109 | | |
| 7. | RAM | DDR2, DDR3 DDR4 | | |
| 8. | PAN Drives | 8GB, 16GB, 32GB, 64GB | | |
| 9. | Lan Switch | 4 Port to 24 | | |
| 10. | Key Board | Standard | | |
| 11. | Mouse | Standard | | |
| 12. | Scanner | Connectivity tech- USB Resolution -300dpi Above Min system requirement- Win-7 | | |
| 13. | Cable | Lan Cable with RJ45 | | |
| 14. | AntiVirus | 1 Year, 3Year | | |
| 15. | SMPS Power Supply Unit | as per requirements | | |
| 16. | SSD | 1TB/512GB | | |
| 17. | Mother Board | All in one pc and as per requirements | | |
| 19. | DC Power Supply Adapter | As per requirements | | |
| 20. | Systems | Format and install windows as per requirements | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 10/02/2026 Time 10:30 AM बजे से दिनांक 23/02/2026 Time 06:00 PM बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक NA/NA/ 2026 समय NA को डिण्डौरी सामान्य वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। 5. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www.mptenders.gov.in/

G-25755/25

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी**

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**Public Works Division, Ahilyanagar**
Phone No. 0214/2325334 & 0241/2325086
e-mail-ahmednagar.ee@mahapwd.gov.in

**E-TENDER NOTICE NO.52 FOR 2025-2026 (Online)**

The Public Works Department Maharashtra hereby invites request for proposal (RFP) from eligible Consultants for engaging an Authority's Engineer (AE) on the basis of International Competitive Bidding for the following contract package in the State of Maharashtra. The Public Works Department reserves the right to accept or reject all or any of the bids/proposals without assigning any reason whatsoever.

| Sr. No. | Name of Work | Project Cost (Cr.) | Project Cost in Words |
|---|---|---|---|
| 1 | Appointment of Authority's Engineer under Consultancy Services for following mentioned combined Two works. A) Widening and Improvement of Karjat-Koregaon- Chapadgaon-Chondi-Halgaon-Fakrabad-Kusadgaon NH-548D Road SH-405 km 0/00 to 43/00, Tal- Karjat Dist. Ahilyanagar (Design Ch. Km 0/00 to 44/855) B) 1) Widening and Improvement of Rashin- Alsunde-Nimbe- Khatgaon- Lonimasadpur- Chapadgaon Road MDR-101 km 10/00 to 31/500. Tai- Karjat.(2) Widening and Improvement of Chondi to Malthan Road VR-50 Km 0/00 to 5/00 and Malthan Navsarwadi- Pategaon Road ODR-144 Km 5/00 to 15/00. Tal-Karjat & Other 3 Works Dist. Ahilyanagar | Rs.280.00 Cr. | Rs.Two Hundred Eighty Crore only |

| | |
|---|---|
| Period for downloading the Bid Document | Dt.13/02/2026 to 20/02/2026, 18.00 Pm. (IST.) |
| Prebid Date, Time and Venue | Dt.17/02/2026, at 12.30 Hrs.C.E.P.W.Region Off.,Nashik |
| Dead line Date and Time for Online Bid submission | 20/02/2026, 18.00 Hrs. (IST.) |
| Technical Bid Opening Date and venue | 23/02/2026 upto 11.00 Hrs. (IST.) in the Office of the Superintending Engineer, P.W.Circle, Ahilyanagar (If possible) |
| Hard Copy of Original Bid Documents Submission as per Clause No.2.11.2 | upto 20/02/2026, 18.00 Hrs (IST.) to be submitted in the Office of Superintending Engineer, Public Works Circle, Ahilyanagar or Executive Engineer, Public Works Division, Ahilyanagar. |

Note:- (i) All eligible/interested consultants who want to participate in tendering process should compulsory get enrolled on e-tendering portal "https://mahatenders.gov.in" and further need to empanel online on sub portal "https://mahatenders.gov.in" in the appropriate category applicable to them. The terms and conditions of online submission are mentioned in the said online portal.
The details of works are provided on the websites as below.
1.www.mahapwd.com.
2.https://mahatenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Public Work Division**
**Ahilyanagar**

आर.ओ.सी.-2025-26 क्रं.5/C ५७८१

## चिंतन

# लोकतांत्रिक सरकार संबंध सुधारने पर दे सकती है जोर

बांग्लादेश में संपन्न हुए 13वें संसदीय चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया भर नहीं हैं, बल्कि ये दक्षिण एशिया की कूटनीतिक दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव भी हैं। चुनाव परिणामों को लेकर भले ही विभिन्न दलों और पर्यवेक्षकों के बीच मतभेद हों और उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि ढाका की सत्ता में बैठने वाली नई सरकार का रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी साझा सीमा है, जो दोनों देशों को सुरक्षा, व्यापार, सांस्कृतिक संपर्क और रणनीतिक दृष्टि से गहराई से जोड़ती है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता और उसकी विदेश नीति का स्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। चुनाव से पहले आवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दोनों ने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की बात कही थी। यह संकेत आशावादी है। यदि लोकतांत्रिक ढंग से गठित नई सरकार क्षेत्रीय सहयोग और संतुलन की नीति अपनाती है, तो हाल के वर्षों में आई कूटनीतिक दूरी कम हो सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों तथा भारत के साथ रिश्तों में आई ठंडक ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे माहौल में लोकतांत्रिक जनादेश से बनी सरकार यदि संतुलित विदेश नीति अपनाती है, तो यह दोनों देशों के लिए राहत की बात होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांग्लादेश में चीन की आर्थिक उपस्थिति लगातार बढ़ी है। बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में चीन की सक्रियता ने ढाका को नए विकल्प दिए हैं। पाकिस्तान के साथ भी ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरण समय-समय पर चर्चा में आते रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए चुनौती यह है कि वह प्रतिस्पर्धा के बजाय विश्वास और विकास साझेदारी के माध्यम से संबंधों को मजबूत करे। भारत को बांग्लादेश के आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और जन-जन के संपर्क को प्राथमिकता देकर रिश्तों को स्थायी आधार देना होगा। भारत की ओर से आई आधिकारिक प्रतिक्रिया परिपक्व और संतुलित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पहले चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद जनादेश की प्रकृति को देखते हुए आगे की रणनीति तय होगी। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत पड़ोसी देशों में स्थिर और लोकतांत्रिक शासन को अपने हितों के अनुरूप मानता है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल रणनीतिक समीकरण नहीं हैं, वे साझा इतिहास, संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका ने दोनों देशों के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी थी। हाल के वर्षों में व्यापार, ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन, रेल और जलमार्ग संपर्क जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनने देना चाहिए। नई लोकतांत्रिक सरकार के सामने चुनौती होगी कि वह घरेलू राजनीतिक स्थिरता कायम रखते हुए संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाए। भारत को भी चाहिए कि वह बड़े भाई की छवि से आगे बढ़कर समानता और सम्मान के आधार पर संबंधों को विकसित करे। लोकतंत्र की मजबूती और पड़ोसी सहयोग ही क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई और व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

# विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई।

प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था।

अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक




रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था।

यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए, परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है।

जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है। डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर यह होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं, आवश्यकता से जीवित रहती हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व रेडियो दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# मन की बात ने बढ़ाया रेडियो का मान-सम्मान

विश्व रेडियो दिवस प्रतिवर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है। कोई माने या न माने, मगर यह बिलकुल सच है कि भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने पुनर्जीवित कर नया जीवनदान दिया है। मोदी के लोकप्रिय शो 'मन की बात' ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। एक वक्त था जब रेडियो पर यह आकाशवाणी है, ये शब्द सुनते ही बच्चे से बुजुर्ग तक रेडियो को घेर कर खड़े हो जाते थे। यह हर कोई जानता है कि रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए लाखों-करोड़ों लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को अपने नवाचार कार्यक्रम के माध्यम से नयी पहचान और जीवनदान देने का श्रेय निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाता है।

आठवें दशक तक या यूं कहें कि दूरदर्शन के आगमन तक रेडियो ही शिक्षा, संचार और मनोरंजन के क्षेत्र की सिरमौर था। उस दौरान घर-घर में ही नहीं अपितु हर हाथ में रेडियो था और लोग इससे चिपके रहते थे। हर प्रकार की सूचना का संवाहक था रेडियो। 1980 के बाद संचार के आधुनिक साधनों के प्रादुर्भाव के साथ रेडियो का प्रभाव घटता गया। लोगों ने रेडियो के स्थान पर टीवी को अपनाना शुरू कर दिया। इसी बीच 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'मन की बात' नामक एक क्रान्तिकारी कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी नवाचार के साथ रेडियो का एक तरह से पुनर्जन्म हुआ। दूरदर्शन के प्रादुर्भाव से पूर्व यानि अस्सी के दशक तक रेडियो पर सुनाई देने वाली यह आवाज संचार के आधुनिक साधनों के बीच गायब सी हो गई थी। पहले भारतीय



प्रसारण सेवा, फिर आल इंडिया रेडियो और इसके बाद आकाशवाणी के रूप में रेडियो अस्तित्व में रहा। दूरदर्शन के बढ़ते प्रभाव ने इसकी उपयोगिता पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया, रही सही कसर निजी चैनलों और मोबाइल ने पूरी कर दी। मगर हाल के वर्षों में जहां लोगों में रेडियो की चाह बढ़ी है, वहीं इसकी बिक्री भी तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। कह सकते हैं कि इसे नया जीवन मिला है। यह सच है कि रेडियो की साख कमजोर हुई है, मगर आज भी यह अब भी देश में सबसे ज्यादा एरिया कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो की पहुंच देश की 99.20 प्रतिशत आबादी तक है। देश के 92.6 प्रतिशत भूभाग को यह कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की रेडियो प्रसारण सेवा है। इस सेवा का नाम भारतीय प्रसारण सेवा रखा गया था। देश में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में सन 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों से की गई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ।

1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया। सरकारी प्रसारण संस्थाओं को स्वायत्तता देने के इरादे से 23 नवंबर 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया, जो देश की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है और इसमें मुख्य रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी को शामिल किया गया है। आकाशवाणी या रेडियो को हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी से पूर्व आकाशवाणी अनेकता में एकता का सशक्त माध्यम थी। एक-दूसरे के पास इसी माध्यम से सारी जानकारी पहुंचती थी। आजादी के बाद प्रगति और विकास का एक मात्र सजीव माध्यम बना आकाशवाणी। बड़े-बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का एक मात्र साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता थी। मगर धीरे-धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। फलस्वरूप लोगों ने आकाशवाणी से मुंह मोड़ लिया। इससे आकाशवाणी बहुत थोड़े क्षेत्रों में सिमट कर रह गया। मगर जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने इसकी सुध-बुध ली, तब से इसका महत्व एक बार फिर बढ़ा। विशेष रूप से प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम प्रसारित होना शुरू हुआ तब से एक बार फिर आकाशवाणी लोगों के सिर चढ़ गया। रेडियो अब फिर से आमजन व घरों तक पहुंचने लगा है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य परमात्मा है, यह प्रभु से भिन्न नहीं



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

# दुख से मुक्ति ही है असली जीत



संकलित
प्रेरणा

हमारे जीवन में बहुत अव्यवस्था है। उसे ठीक किए बिना ध्यान का कुछ भी अर्थ नहीं। यदि आप यह सोचकर ध्यान में बैठ जाएं कि इससे व्यवस्था आ जाएगी, तो ऐसा नहीं हो सकता। पहले अपने दैनिक जीवन में सुव्यवस्था स्थापित करें, तब ध्यान की गहराइयों में उतरने का लाभ होगा। सब युद्ध की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन तैयारियों से विश्व में कहीं-न-कहीं, किसी-न-किसी प्रकार का विस्फोट अवश्य होगा। हम एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक कभी भी नहीं रह पाए हैं। शांति के बारे में हम बातें खूब करते हैं। सारे धर्मों ने शांति का ही संदेश दिया है, लेकिन इस धरती पर शांति कभी भी संभव नहीं हो पाई है। यह धरती, जिस पर हम सब रहते हैं, किसी एक देश की नहीं है। यह हम सबकी और हमारी धरती है। इस नफरत का संभवतः एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे हृदय हिंसा से भरे हैं। हम कभी भी शत्रुता के भाव से, प्रतिशोध के भाव से मुक्त नहीं रहे। कभी भी अपने भय, दुख, घावों और प्रतिदिन के जीवन की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाए। हमें कभी शांति नहीं मिली। हम हमेशा परेशानियों में घिरे रहते हैं। यह सब हमारे जीवन का हिस्सा हैं। हमारे प्रतिदिन के दुखभोग का हिस्सा है। इस प्रेम विरहित दुखभोग से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य ने कई रास्ते आजमाए हैं। उसने इसका दमन करके देख लिया। किसी श्रेष्ठतर तत्व से अपना तादात्म्य करके देख लिया। किसी आदर्श के लिए, किसी विश्वास के लिए, किसी आस्था के लिए अपने आपको समर्पित कर के देख लिया। फिर भी यह दुख कभी समाप्त नहीं होता। हम इसके अभ्यस्त हो चुके हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है।

–सूरज कुमार, रायपुर

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



स्वराज, स्वदेशी व स्वावलंबन के प्रणेता महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की और सामाजिक कुरीतियों के त्याग व स्त्री शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। स्वामी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### वन भूमि पर अतिक्रमण



जो लोग पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा हमें सौंपे गए संकट की भयावहता से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2,676 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है! इसे ठीक करने के लिए भाजपा काम कर रही है!

-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम

### एक हाट में दो दुकान



बात ये नहीं है कि बवाल हुआ, बात ये है कि किसने होने दिया, कहीं ये मामला 'एक म्यान में दो तलवार' या 'एक हाट में दो दुकान' के झगड़े वाला तो नहीं है? अपने गृह-नगर में ही अपना विरोध देखकर उनको भी दुख हुआ, जो दूसरों के दुख दूर करने की बात करते हैं।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### बजट निराशाजनक



राजस्थान विस में पेश किया गया बजट न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि प्रदेश की जनता में भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा करने वाला है। बजट में कोई घोषणा ऐसी नहीं है जिसे व्यापक जनहित में कहा जा सके।

- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

## करंट अफेयर

# सिएटल ने भारतीय छात्रा की मौत के मामले में किया समझौता



अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह मादक पदार्थ संबंधी एक कॉल के बाद कार्रवाई के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की आपातकालीन लाइट जल रही थीं और चौराहों पर सायरन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को जारी बयान में कहा, जाह्नवी कंदुला की मौत हृदयविदारक है और शहर को उम्मीद है कि यह वित्तीय समझौता कंदुला परिवार को कुछ हद तक संतोष प्रदान करेगा। जाह्नवी कंदुला का जीवन महत्वपूर्ण था। यह उनके परिवार, मित्रों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था। कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में सूचना प्रणाली (इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स) में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की।

## ऑफ बीट

# जीवित कोई भी जीव 'आदिम' नहीं, फिर भी ऐसी मान्यता क्यों



हम मनुष्य लंबे समय से स्वयं को विकास (इवोल्यूशन) की पराकाष्ठा मानते रहे हैं। अन्य प्रजातियों को अक्सर आदिम या प्राचीन कहा जाता है और उच्च एवं निम्न जीव जैसे शब्दों का उपयोग किया जाता है। मानव-केंद्रित इस दृष्टिकोण को 1866 में और बल मिला, जब जर्मन वैज्ञानिक अर्न्स्ट हैकेल ने जीवन-वृक्ष (ट्री ऑफ लाइफ) का एक प्रारंभिक चित्र बनाया, जिसमें मनुष्य को स्पष्ट रूप से शीर्ष पर दिखाया गया। इस चित्रण ने यह धारणा लोकप्रिय बनाई कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य हैं। आधुनिक विकासवादी जीवविज्ञान इस सोच को नकारते हैं। उनके अनुसार विकास में कोई पदानुक्रम नहीं है। आज जीवित सभी प्रजातियां-चिंपैंजी से लेकर बैक्टीरिया तक-एक-दूसरे की संबंधी हैं, जिनकी विकास-रेखाएं समान रूप से लंबी हैं; वे किसी की पूर्वज या उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसके बावजूद आदिम जैसी अवधारणाएं वैज्ञानिक पत्रिकाओं और विज्ञान पत्रकारिता में अब भी दिखाई देती हैं। मैंने अपनी नयी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ट्री ऑफ लाइफ में लिखा है कि किसी भी वर्तमान प्रजाति को आदिम, प्राचीन या सरल कहना मूलतः भ्रामक है और विकास का इतिहास जटिल, गैर-पदानुक्रमित और परस्पर जुड़ा हुआ है। अंडे देने वाले स्तनधारी मोनोट्रीम कहलाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# मेरा तो वैलेंटाइन डे का प्लान फिक्स : शमिता

**मुंबई।** अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने बीते दिनों अपना जन्मदिन मनाया। उनके बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज में उनके एक दोस्त की झलक दिखी। इसके बाद उनकी डेटिंग को लेकर अफवाहें शुरू हो गईं। बाद में शमिता ने डेटिंग संबंधी अफवाहों को खुद खारिज किया। मगर, इस बीच उन्होंने अपना वैलेंटाइन डे प्लान शेयर किया है। शमिता शेट्टी ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'तैयारी पूरी है'। वीडियो में एक्ट्रेस कहती दिख रही हैं, 'मेरा तो 14 फरवरी का प्लान एकदम फिक्स है। किसी भी कपल को देखूंगी तो जोर-जोर से चिल्लाऊंगी कि भाई कल वाली अच्छी थी।

लाइफ Style

# तापसी

## अलग-अलग शहरों में होगी अस्सी की स्क्रीनिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अस्सी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस महीने यह फिल्म रिलीज होने जा रही है। इससे पहले तापसी ने फैंस से अपील की है कि वे सिनेमाघर जाकर यह फिल्म देखें।

अभिनेत्री तापसी पन्नू ने फिल्म 'अस्सी' की सिनेमाघरों में रिलीज से पहले दर्शकों से अपील की है कि वे इस फिल्म को थिएटर्स में जाकर देखें। हालांकि, उन्होंने अनोखे अंदाज में यह बात एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कही है। साथ ही यह जानकारी भी दी है कि इस फिल्म की थिएटर रिलीज से पहले अलग-अलग शहरों में इसकी स्क्रीनिंग होगी और यह सिलसिला पूरे सप्ताहभर चलेगा। तापसी पन्नू ने गुरुवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा है, 'चलो समय बदलते हैं, क्योंकि दुख की बात है कि अब सिर्फ अपनी फिल्म बनाकर आराम से बैठ जाना ही सब कुछ नहीं रह गया है। हम अच्छे सिनेमा के हकदार तभी हैं, जब हम उसकी कद्र करते हैं। समाज जल्द ही अच्छी फिल्मों से भर जाएगा, इसलिए नहीं कि हमने लगातार औसत दर्जे की फिल्में चुनी हैं, बल्कि इसलिए कि आपने तब चुप रहना चुना, जब आपकी आवाज आपको सबसे ऊपर ले जा सकती थी'। तापसी ने आगे लिखा है, 'हम अपनी ऑफिशियल रिलीज से एक हफ्ते पहले अलग-अलग शहरों में स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ फिल्म 'अस्सी' के लिए आपका भरोसा और प्यार पाने का अपना सफर शुरू कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# जेम्स ने कैंसर अवेयरनेस पर किया काम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जेम्स वैन डेर बीक का निधन कैंसर के कारण हुआ। जब उन्हें अपनी बीमारी का पता चला तो उन्होंने कैंसर अवेयरनेस पर काम करना शुरू किया। गुरुवार को उनके इंस्टाग्राम पेज पर निधन की सूचना साझा की है। सोशल मीडिया पर ही कई हॉलीवुड सेलेब्स और फैंस जेम्स वैन डेर बीक को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। लोग जेम्स के परिवार और पत्नी को इस मुश्किल वक्त में सपोर्ट कर रहे हैं, अपनी संवेदनाएं प्रकट कर हैं। फैंस भी उन्हें एक ऐसे शख्स के तौर पर याद कर रहे हैं, जिसने आखिरी वक्त में भी कैंसर अवेयरनेस पर काम किया।



# माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 का हिस्सा रहे

**लॉस एंजिल्स।** साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू के निधन से उनके फैंस दुखी हैं। 39 साल की उम्र में इस कोरियन एक्टर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। लेकिन, अब फैंस की नजर जंग यून वू की पोस्ट पर गई है। इसे देखकर फैंस हैरान हैं। यह एक्टर माई ओनली वन और वेलकम टू वाइकिकी 2 जैसे टीवी ड्रामा का हिस्सा रहे। जंग यून वू की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। कुछ फैंस की नजर उनकी आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर गई। जिसमें साउथ कोरियन एक्टर जंग यून वू ने कई दिवंगत आर्टिस्ट्स लेस्ली चेउंग और एमी वाइनहाउस की तस्वीरें शेयर की थीं। साथ ही कैप्शन लिखा, 'ईर्ष्या, याद और पछतावा।' कोरियन एक्टर जंग यून वू की आखिरी क्रिप्टिक पोस्ट और मौत पर फैंस ने रिएक्शन दिए हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मैं एक बेहतर दुनिया में आपके अधिक चमकने की प्रार्थना करता हूं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कितना



# अपनी जेनरेशन से काफी अलग हैं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट के बारे में एक्ट्रेस रत्ना पाठक ने कई बातें शेयर की हैं। एक इंटरव्यू में आज के समय के एक्टर्स और आलिया के व्यवहार में काफी फर्क बताया। साथ ही फिल्म 'कपूर एंड संस' में साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। आलिया भट्ट की 'कपूर एंड संस' साल 2016 में रिलीज हुई एक फैमिली फिल्म थी। इस फिल्म में ऋषि कपूर,रत्ना पाठक समेत कई मशहूर कलाकार शामिल थे । हाल में दिए अपने एक इंटरव्यू में अभिनेत्री रत्ना पाठक ने आलिया भट्ट को बाकी नए कलाकारों से अलग बताया। उनके व्यवहार की तारीफ की। अभिनेत्री रत्ना पाठक का बॉलीवुड में एक लंबा कॅरियर रहा, उन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। उन्होंने कहा, 'आलिया सेट पर काफी अलर्ट रहती थीं।



# फरहान को एक पैसा नहीं देंगे रणवीर

**मुंबई।** रणवीर सिंह के 'डॉन 3' से बाहर होने के बाद फरहान अख्तर ने कहा कि उन्हें 40 करोड़ रुपए की भरपाई करनी चाहिए। इन पैसों को लेकर मेकर्स ने जो डिमांड रखी है उसे लेकर रणवीर सिंह ने साफ कर दिया है कि वो ऐसा कुछ नहीं करेंगे। रणवीर सिंह ने कहा कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' के लिए एक साल तक तैयारी की थी, लेकिन डायरेक्टर ने 'लव एंड वॉर' पर काम करना शुरू कर दिया। रणवीर सिंह ने अपनी बात समझाते हुए कहा कि बॉलीवुड में लंबे इंतजार के बाद भी फिल्मों का न बन पाना आम बात है और ऐसे मामलों में किसी पर किसी का कोई कर्ज नहीं होता। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच मामले को सुलझाने के लिए, प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने एक बंद कमरे में बैठक भी की, जिसमें दोनों पक्षों की बातों को रखा गया।

## टीवी मसाला



# बैंडवाले का ट्रेलर रिलीज डीजे साइको बन छाए जहान

**नई दिल्ली।** नई सीरीज 'बैंडवाले' का ट्रेलर रिलीज किया गया है, जिसमें शशि कपूर के पोते जहान कपूर नजर आ रहे हैं। 'बैंडवाले' 13 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 240 देशों में स्ट्रीम किया जाएगा। इसके ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है और यूजर्स के काफी कमेंट्स आ रहे हैं। जहान ने 'ब्लैक वारंट' से डेब्यू किया था और धमाल मचा दिया था। अब वह डीजे साइको बनकर आए हैं और साथ में स्वानंद किरकिरे हैं। 'ब्लैक वारंट' सीरीज से धमाकेदार शुरुआत करने वाले शशि कपूर के पोते और एक्टर जहान कपूर अब जल्द ही नई सीरीज 'बैंडवाले' में नजर आएंगे। सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो वाकई मजेदार है। कई ऐसे पल हैं, जहां हंसी से लोटपोट हो जाएंगे। जहान कपूर भी एकदम अलग अवतार में हैं और चौंका रहे हैं। 'बैंडवाले' एक म्यूजिकल सीरीज है, जिसमें जहान कपूर ने डीजे साइको का रोल प्ले किया है। साथ में गीतकार स्वानंद किरकिरे भी हैं, जो अपनी एक्टिंग से सबको चौंका देंगे। 'बैंडवाले' में शालिनी पांडे भी हैं, जो अर्जुन रेड्डी, डब्बा कार्टेल और महाराज जैसी फिल्मों में तारीफें बटोर चुकी हैं। इस सीरीज में वह छोटे से शहर रतलाम में रहने वाली एक कवयित्री का रोल प्ले कर रही हैं। हालांकि, वह गुमनाम होकर अपनी कविताएं लिखती और छपवाती हैं, जिनके बारे में उनके परिवार को पता नहीं है। ट्रेलर की शुरुआत रोबो कुमार नाम के सिंगर से होती है, जो एक शादी में बैंडबाजा वाले के साथ गाना गाते हैं। यह किरदार स्वानंद किरकिरे ने निभाया है। लेकिन रोबो ऐसा गाता है कि दूल्हे के साथ बाराती भी परेशान हो जाते हैं। कोई उसका गाते हुए वीडियो बना लेता है और सोशल मीडिया पर वायरल कर देता है।

## दूरदर्शन का पहला भुतहा शो, किले में भटकती थी आत्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर हॉरर शो की चर्चा होते ही सबसे पहला नाम 'आहट' का आता है। लेकिन, सच तो यह है कि इससे पहले भी एक ऐसा शो था जिसने दर्शकों को डर का असली मतलब सिखाया था। यह एक



ऐसा शो था जिसने लोगों को डरा दिया था, फिर भी रोमांच इतना जबरदस्त था कि लोग इसे देखना बंद नहीं कर पाते थे। इसे देखकर वो जितना डरते थे, उतना ही एक्साइटेड भी हो जाते थे। 'किले का रहस्य' ने उस दौर में डर को मनोरंजन में बदल दिया और टेलीविजन पर हॉरर शो की नींव रखी। 'आहट' से भी पहले प्रसारित हुए इस सीरियल ने टेलीविजन पर हॉरर शैली की शुरुआत की। यही कारण है कि इसे आज भी याद किया जाता है। इस शो का प्रीमियर 1989 में हुआ था। ये हफ्ते में केवल एक बार प्रसारित होता था। हर एपिसोड का अंत बेहद सस्पेंस से भरा होता था।

# राजेश खन्ना पर भारी पड़ता था ये विलेन कभी 8 महीने रहा था बेरोजगार

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा का वो दिग्गज अभिनेता जिसने हर किरदार में जान फूंक दी। वो विलेन जिसके फिल्मों में होने से राजेश खन्ना को कास्ट करना मुश्किल हो जाता था। एक्टिंग ऐसी कि लोग उनके मुरीद हो जाते थे। इस एक्टर की एंट्री होते ही थिएटर तालियों से गड़गड़ा उठता था। अपनी फिल्मों में कास्ट करने लिए तो मेकर्स के बीच होड़ मची रहती थीं। एक्टिंग की दुनिया का वो सितारा जिसने पहचान विलेन के तौर पर बनाई, लेकिन असल जिदंगी में बेहद दरियादिल इंसान था। अपने हर किरदार से वह दर्शकों का दिल जीत लिया करते थे। जिस फिल्म में वह होते थे, वह हिट की गारंटी बन जाती थीं। साल 1920 में पुरानी दिल्ली के कोटगढ़ बल्ली मारा में जन्मे प्राण के पिता कृष्ण सिकंद सिविल इंजीनियर थे और मां रामेश्वरी गृहिणी. प्राण को पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली में एक फोटोग्राफी कंपनी में काम शुरू किया। किस्मत ने लाहौर में उनका रास्ता बदल दिया। वहां एक दुकान पर फिल्म लेखक मोहम्मद वली से मुलाकात हुई। इसी मुलाकात ने उन्हें फिल्मों तक पहुंचा दिया।



1940 में पंजाबी फिल्म 'यमला जट्ट'में उन्हें हीरो का रोल मिला। फिल्म हिट रही और प्राण की गिनती उभरते सितारों में होने लगी। इसके बाद चौधरी, खजानची और हिंदी फिल्म खानदान में भी उन्होंने काम किया।

***बंटवारा जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ*** : लेकिन 1947 का बंटवारा उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। लाहौर में बतौर हीरो जम चुके प्राण को सब कुछ छोड़कर मुंबई आना पड़ा। यहां उन्हें पूरे 8 महीने तक काम का इंतजार करना पड़ा। हालत ऐसे हो गए कि मरीन ड्राइव के एक होटल में काम करना पड़ा। आर्थिक तंगी का वो दौर बेहद मुश्किल था।

***जिद्दी से की नई पारी शुरू*** : आखिरकार सादत हसन मंटो और अभिनेता श्याम की मदद से 1948 में बॉम्बे टॉकीज की फिल्म जिद्दी मिली। देव आनंद और कामिनी कौशल स्टारर इस फिल्म में प्राण ने विलेन का रोल निभाया। यहीं से उनकी नई पारी शुरू हुई। इसके बाद तो प्राण हिंदी सिनेमा के सबसे दमदार खलनायक बन गए। दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन तक, हर बड़े स्टार के सामने उनका मुकाबला अलग ही दिखता था। मधुमति, जॉनी मेरा नाम, जंजीर और डॉन जैसी फिल्मों में उनके किरदार आज भी याद किए जाते हैं।

# च्यवनप्राश ऐड की वजह से श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस हुआ था रद्द

**नई दिल्ली।** 'पुष्पा 2' के सॉन्ग 'किसिक' के बाद अब अब बॉलीवुड में कार्तिक आर्यन के साथ 'आशिकी 3' से डेब्यू करने जा रहीं श्रीलीला ने ऑफिशियली एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर ली है। एक्ट्रेस की कॉन्वोकेशन सेरेमनी का वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। श्रीलीला से पहले अदिति गोवित्रिकर, पलाश सेन, साई पल्लवी ( 2016 में एमबीबीएस की मेडिकल डिग्री पूरी की) जैसे कई और कलाकारों ने मेडिकल की डिग्री हासिल की। वहीं, आज हम यहां एक ऐसे एक्टर के बारे में बात करने जा रहे हैं



जिन्होंने मेडिकल की डिग्री पाई तो थी, लेकिन च्यवनप्राश की वजह से उनका मेडिकल लाइसेंस रद्द कर दिया गया। बरसों पहले, श्रीराम लागू का मेडिकल लाइसेंस एक ऐड की वजह से रद्द कर दिया गया था। दशकों पहले, मराठी और बॉलीवुड एक्टर श्रीराम लागू ने जब एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी, जब वे पहले से ही एक डॉक्टर थे। एक विज्ञापन में वो नजर आए और इसके बाद उनका लाइसेंस रद्द कर दिया गया था। बता दें कि श्रीराम लागू ने बीजे मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की डिग्री पूरी की थी।

***मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए एक्टिंग पूरी की*** : उन्होंने साल 1960 के दशक में पुणे और तंजानिया में ईएनटी सर्जन के रूप में प्रैक्टिक्स की।

## ईएनटी सर्जन हुआ करता था

इस घटना के कई साल बाद तबस्सुम के साथ एक बातचीत में लागू ने इसे लेकर बात की थी। तबस्सुम ने उनसे पूछा कि क्या वे डॉक्टर हैं? इसपर उन्होने स्वीकार करते हुए कहा कहा था, 'मैं इस वक्त किसी भी तरह का डॉक्टर नहीं हूं। मैं एक समय में ईएनटी सर्जन हुआ करता था।' हालांकि इसे लेकर उन्होंने कोई सफाई नहीं दी।

मेडिकल कॉलेज में अपने पहले ईयर के दौरान ही उनका परिचय थिएटर से हुआ। तब से थिएटर उनका जुनून बन गया और मेडिकल प्रैक्टिस जारी रखते हुए, उन्होंने एक्टिंग को पूरी तरह से अपना लिया।

***यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही लाइसेंस रद्द कर दिया*** : श्रीराम लागू साल 1980 में डाबर च्यवनप्राश के एक ऐड में नजर आए थे। उनके ऐड ने काफी हंगामा खड़ा कर दिया क्योंकि कहा गया कि एक डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने पैसों के लिए विज्ञापन किया। यह एक नैतिक टकराव था और जल्द ही, इंडियन मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) ने उनका लाइसेंस रद्द कर दिया और उन्हें मेडिकल प्रैक्टिस करने से मना कर दिया गया।

## बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा

# 6 की उम्र में मुंबई में खरीद लिया घर, 10 साल में नेशनल अवॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ बाल कलाकार के रूप में अपना कॅरियर शुरू करने वाले मास्टर राजू इस वक्त साइड रोल्स करते दिखाई देते हैं। उन्होंने बचपन में जो नेम-फेमस हासिल किया, वो अब नहीं मिल रहा। बॉलीवुड में बहुत कम ऐसे चाइल्ड आर्टिस्ट हैं, जिन्होंने बड़े होने पर भी उनता ही नेम-फेम हासिल किया हो। कुछ गुमनामी में हैं तो कुछ बड़े स्टार हैं। हम आज बात कर रहे हैं मास्टर राजू की, जिन्होंने बचपन में तो सफलता के खूब स्वाद चखे, लेकिन बड़े होने पर वैसा मुकाम हासिल नहीं कर पाए। 6 साल की उम्र में ही उन्होंने मुंबई के पॉश इलाके में घर खरीद लिया था। एक वक्त था, जब उनके पास अमिताभ बच्चन से ज्यादा काम था। लेकिन, आज उनकी हालत कुछ खास नहीं।*

## पहली फिल्म थी परिचय

मास्टर राजू के बचपन का नाम फहीम अजानी थी। वह मुंबई के डोंगरी में रहते थे। उनके परिवार से कोई भी फिल्म इंडस्ट्री से नहीं था। इसलिए पहले उन्हें एक्टिंग करने की इजाजत नहीं मिली थी। मगर एक बार उन्होंने गुलजार की फिल्म 'परिचय' का ऑडिशन दिया तो वह बहुत रोए, क्योंकि वो कर नहीं पाए। उस वक्त 5 साल के थे। मगर ये उनके हक में काम आया और उन्हें कास्ट कर लिया गया। अब वह राजू श्रेष्ठ के नाम से जाने जाते हैं। संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।

## फहीम अजानी से कैसे बने मास्टर राजू?

मास्टर राजू ने राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, जीतेंद्र, अनिल कपूर जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनका नाम फहीम से मास्टर राजू कैसे पड़ा। उनके मुताबिक, 'संजीव कुमार जी के साथ अपनी पहली फिल्म परिचय की थी। वह उसकी शूटिंग के दौरान मुझे मास्टर राजू कहते थे। वहीं, लोग मुझे लड्डू कहते थे। लेकिन, उन्होंने कहा कि राजू ज्यादा सही नाम है। और ऐसे मैं मास्टर राजू से फेमस हो गया।' मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग तीन फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मेरा शोषण हो रहा है।



## बाल कलाकार के किरदार में छाए

मास्टर राजू ने गुलजार के बाद श चोपड़ा, हृषिकेश मुखर्जी और बसु चटर्जी जैसे फेमस डायरेक्टर्स के साथ भी काम किया। उनकी फिल्में अमर प्रेम, दाग- द पोएम ऑफ लव, दीवार, इंकार, खुद-दार और वो सात दिन समेत अन्य सब सुपरहिट रहीं। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनको इतने प्रोजेक्ट मिलते थे कि एक साथ वह 3-3 फिल्मों की शूटिंग करते थे। 'मेरा शूटिंग शेड्यूल बहुत व्यस्त रहता था। मैं एक साथ लगभग 2 फिल्मों की शूटिंग करता था और तीन अलग-अलग शिफ्टों में काम करता था। कभी ऐसा नहीं लगा कि मेरा शोषण हो रहा है।'

***फीस 10 हजार से 1 लाख रुपए*** : मास्टर राजू को मेहनत का फल भी मिला। उनको 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' को लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट कैटेगरी में नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। उन्होंने बताया था कि पहली मूवी के बाद उन्हें हर फिल्म में 10,000 रुपए बतौर फीस मिलते थे। लेकिन, 4 साल बाद उनका काम और चमका, जिसके कारण वो रकम बढ़कर 1 लाख रुपए हो गई थी। 'जब 1977 में मैं बहुत फेमस हो या था, तो मुझे 1 लाख रुपए से ज्यादा फीस मिलने लगी थी।' मैंने बांद्रा में 11 लाख रुपए में एक घर खरीदा था। मेरे पापा ने इन्वेस्टमेंट सही जगह की। जिसका फायदा आज भी मिल रहा है। मुझे कभी भी ऐसा दौर नहीं देखना पड़ा कि मेरे पास काम न हो।

***मास्टर राजू का इंतजार करते थे अमिताभ*** : मास्टर राजू ने एक इंटरव्यू में बताया कि 1975 में फिल्म 'फरार' के दौरान अमिताभ बच्चन को सेट पर उनका इंतजार करना पड़ता था क्योंकि बिग बी के पास उतना काम नहीं था लेकिन वह तो साथ में तीन-तीन फिल्मों की शूटिंग कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'जब मैं सेट पर आता था को मेरे शॉट्स को प्राथमिकता दी जाती थी। अमित जी से एक साइड बैठने के लिए कह दिया जाता था। क्योंकि, मुझे 3 घंटे में निकलना होता था। वह बस इंतजार करते रहते थे।'

***नशेड़ी का टैग मिला:*** मास्टर राजू जब 9वीं क्लास में आए तो उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक ले लिया था, जिससे पढ़ाई पर फोकस कर सकें। फिर जब कमबैक किया तो वह ग्रे शेड कैरेक्टर करना चाहते थे, क्योंकि 'गुड बॉय' इमेज से बोर हो गए थे। उन्होंने एक शो 'चुनौती' और महेश भट्ट की फिल्म 'साथी' में नशेड़ी का रोल किया, जिसके बाद उन्हें ड्रग एडिक्ट का टैग मिल गया।

# नई श्रम संहिता श्रमिकों का शोषण करेगी

## नए श्रम कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों का जंगी प्रदर्शन

**जबलपुर।** नए श्रम कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियन सहित अन्य श्रमिक संगठनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल के तहत गुरुवार 12 फरवरी को जंगी प्रदर्शन किया। सुरक्षा संस्थानों और रेलवे, बीमा कंपनी, विद्युत मुख्यालय में धरना प्रदर्शन आयोजित किए गए।

### जीसीएफ में 1 घंटे लेट पहुंचे कर्मचारी

आगामी 1 अप्रैल से लागू किए जा रहे नए श्रम कानूनों के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियन के आव्हान पर जीसीएफ के मुख्य द्वार पर नारेबाजी प्रदर्शन कर कर्मचारियों ने 1 घंटे विलंब से उपस्थिति दर्ज करा कर हड़ताल का समर्थन किया। इस अवसर पर विनय गुप्ता रोहित यादव उत्तम विश्वास राजा पांडे अमित चंदेल बीरबल सिंह आशीष विश्वकर्मा राहुल गुप्ता पार्थ ओझा देवेंद्र प्रताप विवेक शुक्ला सहित मजदूर संघ हथौड़ा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विद्युत फेडरेशन का प्रदर्शन

मप्र विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने



विद्युत मुख्यालय शक्तिभवन में नए श्रम कानूनों को मजदूर विरोधी बताते हुए धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि नई श्रम संहिता से श्रमिकों का संरक्षण नहीं शोषण होगा। धरना प्रदर्शन में कार्यपालन अभियंता अमित सक्सेना, फेडरेशन महामंत्री राकेश डी पी पाठक, सीताराम कुरचानिया,आर एस परिहार,दिनेश दुबे, अनूप वर्मा,उमाशंकर दुबे,अवनीश तिवारी, राजेश मिश्रा,रवि चौबे, श्रीकांत दुबे, डी के चतुर्वेदी,अजय चौबे, मनोज पाठक,मोहित पटेल, दिलीप पाठक, संजय सिंह,अक्षय श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में अभियंताओं और कर्मचारी ने काले कानून का विरोध किया।

### बीमा कार्यालय में नारेबाजी

भारतीय जीवन बीमा निगम में गुरुवार को केंद्रीय ट्रेड यूनियन के नेतृत्व में ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आव्हान पर श्रम कानूनों में परिवर्तन को लेकर भारी असंतोष प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई। सभा को संगठन के महासचिव कामरेड हीरालाल कुशवाहा, एन चकवर्ती, विजय मलाजपुरे, विवेकशील हरदहा, वर्षा उमाटे, जयश्री चौकसे ने संबोधित किया।

### रेल मजदूर संघ का प्रदर्शन

केन्द्र सरकार की मजदूर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियन की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में अब वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने प्रबंधक कार्यालय के सामने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। द्वारसभा को संबोधित करते हुये मंडल अध्यक्ष , एसएन शुक्ला, सतीश कुमार आर.ए. सिंह, बाबी धौलपुरी, धीरज अग्रवाल आदि वक्ताओं ने केन्द्र सरकार पर मजदूर विरोधी चार काले कानून थोपने का आरोप लगाया।



# प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस हुई अनेक स्पर्धाएं

**जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिवस का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एफ. इक्का एवं महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शेख मुनीर द्वारा किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के आचार्यों की उपस्थिति रही, डॉ. ज्योत्सना दुबे, डॉ. ए.एन. माथुर, ललिता सप्रा, कुरीनू मोर, डॉ. ज्योति खरे, जी.पी. यादव. डॉ. आर.एन. पटेल, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, विनीत सिंह चौहान, केशव नन्दन पटेरिया, मृदुला शुक्ला, डॉ. सारिका चौकसे सहित महाविद्यालय के स्टॉफ एवं संभाग के विभागीय शिक्षक एवं गैर-विभागीय छात्राध्यापक एम.एड. बी.एड. सम्मिलित रहे। मंच संचालन प्रदीप तिवारी तथा फाइल वर्क में आशीष तिवारी, रामकृष्ण साहू। निर्णायक मंडल में धनराज पिल्ले, शशिरमन, कु. परी अग्रवाल, पवन रजक, प्राथमिक चिकित्सा प्रभारी-संगीता घोटे, संगीता सिंह, सुनीता धुर्वे, सर्जना हल्दकार, सीमा बेदुआ का सराहनीय योगदान रहा। आज के खेल के फाइनल परिणाम इस प्रकार से हैं- 100 मीटर पुरुष दौड़ में प्रथन स्थान शिवशंकर धुर्वे, द्वितीय स्थान लक्ष्मण धुर्वे तथा तृतीय स्थान नीरज लोधी, 100 मीटर महिला दौड़ में प्रथम स्थान जागृति, द्वितीय स्थान शीतल परते तथा तृतीय स्थान सुषमा मरावी, नींबू चम्मच दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान नीरज लोधी, द्वितीय स्थान राजेन्द्र कुमार तथा तृतीय स्थान अनिल हल्दकार, नींबू चम्मच दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान ॠतु सेन, द्वितीय स्थान श्रुति नेमा तथा तृतीय स्थान प्रवीणा पाण्डेय, बोरा दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शिवशंकर धुर्वे, द्वितीय स्थान प्रदीप बर्मन तथा तृतीय स्थान राज भैया, बोरा दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान दिव्या विजय पटले, द्वितीय स्थान शीतल परते तथा तृतीय स्थान उजमा मंसूरी, भाला फेंक महिला वर्ग में प्रथम स्थान निकिता चौधरी, द्वितीय स्थान धर्मशीला दुबे, तृतीय स्थान उर्मिला गोड़ ने प्राप्त किया। विशेष सहयोगी अमित ठाकुर, भूमेंद्र गौतम, अरविन्द तिवारी, आयुष यादव, राजेश यादव, अभिषेक कुर्मी, लक्ष्मण रहे।

# वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे और सेंट्रल बैंक के मध्य एमओयू साइन

**जबलपुर।** देश के प्रथम पूर्ण स्वदेशी बैंक एवं औद्योगिक क्रांति की नींव रचने वाली भारतीय रेल के पश्चिम-मध्य रेलवे मंडल के मध्य 11 फरवरी को महाप्रबंधक कार्यालय रेलवे स्टेशन स्थित कार्यालय में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग (एमओयू) समझौता ज्ञापन हस्ताक्ष्यार किया गया, जिसके तहत रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों के वेतन खाता संबंधी विशेष पैकेज सुविधा दी जाएगी। इसमें रु. 1.50 करोड़ तक का बीमा (एक्सीडेंटल इंश्योरेंस), सस्ती ब्याज दरों में होम लोन, व्हीकल लोन, पर्सनल लोन, शिक्षा ऋण आदि लोन उपलब्ध रहेंगे। मृतक कर्मचारी के लिए एम्बुलेंस व्यय इत्यादि के अतिरिक्त उनके बच्चों को शिक्षा हेतु 10 लाख तक राशि एवं पुत्री विवाह हेतु भी 10 लाख की राशि बीमित होगी।इस अवसर पर



रेलवे की ओर से एसडी पाटीदार, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, पूर्णिमा जैन, स्वाति अग्रवाल, सुप्रकाश उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, रविन्द्र कुमार, किशोर कुमार बोरासी, शैलेन्द्र सिंह गौर, सहायक कार्मिक अधिकारी, निखिलनाथ मिश्रा एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ओर से धरमपाल खुराना, महाप्रबंधक, केन्द्री कार्यालय मुंबई, डीके पांडेय उप महाप्रबंधक आंचलिक कार्यालय भोपाल, अविनाश कुमार क्षेत्रीय प्रमुख जबलपुर, विवेक कुमार, शशांक मिश्रा, जयदेव पीपरा, चेतन शर्मा, प्रशांत कुंभारे, सुशील गुप्ता, अनिकेत रावत, मोहित मालवीय, शुभांगी सिंह, देवेन्द्र सिंह राठौर, सोमेश गौतम, अरविंद शर्मा, सुमित ओबेराय, राजन रान्टा, दीपक पहारे, पूजा पटैल, दानिश ठाकुर, प्रशांत मैनी, शशि कजूर, अजय सहारे, मनीष चौबे, रश्मि मेहरा, दारासिंह, सुजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा लॉ कॉलेज के विधि विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक एवं सामाजिक ज्ञान में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन बरगी महाविद्यालय में किया जाएगा। इस भ्रमण के अंतर्गत लीगल एड क्लिनिक एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें विधि विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से बरगी पहुँचकर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम में आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के डायरेक्टर आर.एस. चंडोक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया जाएगा, उनके



कुशल निर्देशन एवं प्रेरणा से यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में विधि विभाग के शिक्षकगण का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अमर पाटकर, रुचि सिंह, जितेन्द्र पटेल, अनिल गुलहानी, वर्षा दीक्षित, अंशुली, अनीता, बलजीत सिंह एवं आकांशी पाठक का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही सभी विधि छात्रों का भी सराहनीय योगदान रहा जिसमें मुख्य रूप से गौरव प्रेम डेहरिया, पुष्पेन्द्र लोधी, संदीप पटेल, नितिन प्रजापति, कुलदीप, मोहम्मद कैफ, राघव सोनी एवं छात्रा रश्मि बर्मन, समीक्षा श्रीवास, अनामिका यादव, अर्पणा वर्मा का सहयोग रहा। इस अवसर पर अधिवक्ता ॠषि राज विज ने विधि छात्रों को बधाई दी एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# शिव महापुराण में बेलपत्र और रूद्राक्ष महिमा का मिला ज्ञान

**जबलपुर।** शिवनगर, गुलौआ चौक स्थित श्री शिव महापुराण कथा में दूसरे दिन मंगलवार को भक्तों ने बेलपत्र और रूद्राक्ष के महत्व और उनके आध्यात्मिक लाभों के बारे में पावन ज्ञान प्राप्त किया। अवधेश गिरि महाराज ने बताया कि कैसे प्रत्येक वस्तु और पूजा विधि शिवभक्तों के जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक समृद्धि लाती है। कथा के दौरान भक्तजन ध्यानमग्न होकर मंत्र जाप और भजन-कीर्तन में सहभागी बने। इस अवसर पर आयोजक विजय सिंह, विक्रांत सिंह (मन्ना) और अमन सिंह (राज) ने भी भक्तों का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि कथा का आयोजन 9 फरवरी से 15 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रतिदिन कथा दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी, जबकि रूद्राभिषेक एवं संस्कृत पारायण प्रतिदिन प्रातः 8 बजे आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजकों ने श्री शिव महापुराण कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



# पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम पर 6 दिवसीय कार्यशाला "सतत जीवनशैली" का शुभारंभ

**जबलपुर।** शासकीय महाविद्यालय गढ़ा, जबलपुर में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 06 दिवसीय कार्यशाला "सतत जीवनशैली" का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. विभा निगम वरिष्ठ प्राध्यापक अर्थशास्त्र, महाकोशल कॉलेज, डॉ. तृप्ति उकास, प्रशासनिक अधिकारी महाकोशल कॉलेज एवं डॉ. संघप्रिया तिवारी लाइब्रेरियन महाकोशल कॉलेजे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि सतत जीवनशैली कोई विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। यदि हमें एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुंदर पृथ्वी चाहिए, तो हमें कम उपभोग, अधिक संरक्षण करना होगा। हम स्वयं भी सतत जीवनशैली अपनाएं एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

**हम स्वयं सतत जीवनशैली अपनाएं व दूसरों को भी प्रेरित करें : प्रो. अरुण शुक्ल**

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यशाला में सभी अतिथियों ने भी "सतत जीवनशैली" पर अपने विचारों से छात्र एवं पूरे महाविद्यालय के स्टाफ को अवगत कराया। कार्यक्रम डॉ. मनीषा कोल, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गढ़ा जबलपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विवेक चौबे, क्रीड़ा अधिकारी, डॉ. रीना सोनी, डॉ. सोनमती विश्वकर्मा, डॉ. पायल श्रीवास्तव, डॉ. स्वाति मिश्रा के साथ महाविद्यालय के लगभग 30 विद्या आदि।

# मिलीभगत से सड़कों पर मैकेनिकों का कब्जाः उपभोक्ता मंच

**जबलपुर।** सड़कों पर खुले रूप में मैकेनिकों के कब्जा को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है, जो मिलीभगत का परिणाम है। उपभोक्ता मंच ने यह आरोप लगाते हुए पत्र द्वारा चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर मैकेनिकों को हटाने की कार्यवाही नहीं की गई तो पुनः हाईकोर्ट की शरण ली जाएगी। पत्र में बताया गया बस स्टैण्ड से एमएलबी, रसल चौक से ब्लूम चौक तथा रेलवे ब्रिजों, रद्दीचौकी से आधारताल तिराहा, गोहलपुर थाना तथा घमापुर चौक आदि अनेक क्षेत्रों की सड़कों पर खुले में कब्जा हुआ है। स्वयं नगर निगम के भवनों के सामने मैकेनिकों ने कब्जा कर दुकानें खोली हैं, लेकिन इन्हें नजरअंदाज किया गया है।

### मैकेनिक जोन में शिफ्टिंग बंद पड़ी है

हाईकोर्ट के आदेशानुसार कुछ क्षेत्रों में मैकेनिक जोन बनाकर शिफ्टिंग की गई, लेकिन पिछले तीन वर्षों से यह शिफ्टिंग अब ठप पड़ी है, नये मैकेनिक जोन भी नहीं बनाये गए। मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे ने जिला प्रशासन तथा नगर निगम से कार्यवाही की मांग की है।

# मप्र विद्युत मंडल अभियंता संघ ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर।** अखिल भारतीय पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (AIPEF) के आह्वान पर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ द्वारा शक्ति भवन गेट के समक्ष विद्युत विभागों में किए जा रहे निजीकरण के विरोध एवं विद्युत कर्मियों की लंबित मांगों के निराकरण हेतु एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यालय पर आयोजित प्रदर्शन में जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों अभियंता एवं विद्युत कर्मी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए संघ के महासचिव विकास कुमार शुक्ला ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन वितरण, उत्पादन एवं ट्रांसमिशन (TBCB के माध्यम से) कंपनियों में चल रही निजीकरण प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग



को लेकर आयोजित किया गया है। संघ की प्रमुख मांगों में इलेक्ट्रीसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 एवं प्रस्तावित नेशनल इलेक्ट्रीसिटी पॉलिसी 2026 को निरस्त करना, ट्रांसमिशन कंपनी में निजीकरण प्रक्रिया बंद करना तथा मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को सतपुड़ा ताप विद्युत गृह में 13 नंबर नई इकाई की स्थापना की अनुमति देना शामिल है। साथ ही विद्युत अभियंताओं एवं कार्मिकों की लंबित मांगों के निराकरण की भी मांग की गई। अभियंता संघ के अध्यक्ष हितेश तिवारी ने कहा कि बिजली क्षेत्र का निजीकरण गरीब उपभोक्ताओं, छोटे एवं मध्यम उद्योगों, किसानों तथा आम जनता के हितों के प्रतिकूल है, इसलिए केंद्र सरकार को संबंधित संशोधन विधेयक एवं नीति प्रस्ताव तत्काल वापस लेने चाहिए। वेस्टर्न रीजन पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमेन मनोज तिवारी ने निजीकरण के संभावित दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्युत कर्मियों से एकजुट रहने और आगामी कार्ययोजना के अनुसार व्यापक आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमेन शैलेन्द्र दुबे ने जानकारी दी कि देशभर में लाखों विद्युत कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद के बजट सत्र में संशोधन विधेयक पारित करने का प्रयास किया गया तो देश के लगभग 27 लाख विद्युत कार्मिक 'लाइटनिंग स्ट्राइक' पर जाने को बाध्य होंगे। मुख्यालय सहित पूरे मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय एवं जिला स्तर पर हजारों अभियंताओं एवं विद्युत कर्मियों ने निजीकरण के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराया।

# दिव्यांग विद्यार्थियों का "आर्ट एण्ड क्राफ्ट प्रशिक्षण" संपन्न

**आज के समय में कला केवल शौक नहीं, आय का स्त्रोत भी है : प्रो. अरुण शुक्ल**

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल कॉलेज जबलपुर में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयोजित "आर्ट एण्ड क्राफ्ट" अल्पावधि स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन किया गया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग के प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि यह प्रशिक्षण दिव्यांग विद्यार्थियों को रचनात्मकता के साथ आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी में विशेष प्रतिभा होती है, आवश्यकता उसे पहचानकर निखारने की है। आज के समय में कला केवल शौक नहीं, बल्कि आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत भी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि कला मनुष्य की भावनाओं, विचारों और कल्पनाओं को अभिव्यक्ति देने का सशक्त माध्यम है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण स्वरोजगार की दिशा में नींव का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षक कु. प्रियंका शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को क्राफ्ट रंगोली, आइसक्रीम स्टिक पॉट, मिरर डेकोरेशन, बीट बैग, बैग पेंटिंग एवं ब्लॉक, पेपर क्राफ्ट आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. सुनील देशपांडे सहित महाविद्यालय के 34 दिव्यांग विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डॉ. आम्बेडकर जनसेवा मंच की सभा 15 को

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा मंच के सलाहकार मंत्री मोहनलाल चौधरी ने बताया कि मंच की सभा 15 फरवरी को रामसिपाही सेठ के निवास हलवाई बादशाह मंदिर के पास आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, जबकि अध्यक्षता धर्मेन्द्र सतनामी करेंगे। मंच के तुलसीराम चौधरी, मनोज, कमल, शिव, ब्रजलाल चौधरी सहित रामबाई, सियाबाई, रामकली, चंदाबाई, द्रोपदीबाई, सीताबाई, मीना चौधरी आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

# पं. दीनदयाल के आदर्शों को आत्मसात कर समाज और देश सेवा करें

## पुण्यतिथि पर भाजपा ने महानगर के 1041 बूथों में अर्पित की पुष्पांजलि

**जबलपुर।**

एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में दीनदयाल चौक स्थित प्रतिमा एवं भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। साथ ही शहर के सभी 1041 बूथों पर समर्पण दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए राजनीति करने का मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय ने दिखाया। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज व राष्ट्र सेवा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि संगठन को सुदृढ़ करने हेतु आजीवन सहयोग निधि का समर्पण भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने उस दौर में एकात्म मानववाद की विचारधारा दी, जब विश्व में कम्युनिज्म और पूंजीवाद का प्रभाव था। उन्होंने जनसंघ के रूप में देश को वैकल्पिक राजनीतिक दल और एकात्म मानववाद के रूप में वैकल्पिक विचारधारा प्रदान की। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य पद-प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि एक वैभवशाली, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण है। विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय का धारा 370 हटाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, संकल्प पाठक, रीना राय, विवेक अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, राजेश मिश्रा पप्पू, योगेश बिलोहा, कमलेश नामदेव, पुष्पराज पांडे, अमर पटेल, अतुल जैन दानी, जयकांत उपाध्याय, रंजीत ठाकुर, नितिन भाटिया, कुसुम चौबे, दीपमाला केसरवानी, रौनक अग्रवाल, रविन्द्र तिवारी, नरेश चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शहर के 1041 बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा, संतोष यादव, नरेश पटेल, प्रशांत दुबे, प्रणय गुप्ता, अमर पटेल, राहुल रजक, दिलीप पटेल, सपन यादव, पुष्पराज पांडे, आशीष राव, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, योगेश लोखंडे, अमित राय सहित मंडल एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर पुष्पांजलि अर्पित की।

# मप्र बैंक एम्पलाइज यूनियन ने की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

जबलपुर। 10 केन्द्रीय श्रम संगठनों एवं सैकड़ों स्वतंत्र ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर देश भर के 25 करोड़ कामगार एवं अधिकारी 12 फरवरी को केन्द्र सरकार द्वारा 29 मौजूदा श्रम कानूनों के स्थान पर लागू किए गए चार नए श्रम संहिताओं तथा मजदूर वर्ग पर बढ़ते हमलों के खिलाफ आम हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल के कारण बैंक, बीमा, सामान्य बीमा, राज्य, केन्द्र, बीएसएनएल, आयकर, पोस्ट ऑफिस, कोयला, रक्षा, आशा, उषा, आंगनबाड़ी, मध्यान्ह भोजन कर्मी, मेडीकल रिप्रेजेंटिव, खेत, खदान, खलिहान, भवन निर्माण, सार्वजनिक उपक्रमों एवं अन्य संस्थानों में कामकाम ठप रहा। बताया गया नई श्रम संहिताओं और श्रम नीतियों के माध्यम से मजदूरों द्वारा वर्षों से अर्जित अधिकारों को छीनने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं यूनियनों से हड़ताल का अधिकार छीना जा रहा है। जहां हम वर्क लाइफ बैलेंस के लिए पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की मांग कर रहे हैं, वहीं नई श्रम संहिताओं के माध्यम से सरकार कार्पोरेट तथा नियोक्ताओं को काम के घंटे बढ़ाने का अधिकार देने की तैयारी में हैं। आज के प्रदर्शन में काम. एचपी पटेल, संतोष गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, सतीश समन, आकाश, पंकज चौरसिया, विनय सोनेजी, मंतोष हजारिया, दिनेश बरकड़े, अंकित अवस्थी, मोहित रिंगे, बृजेश शर्मा, मनीष पटेल, पवन, पीयूष, अंकित रिछारिया, प्रबल, राकेश पटेल, अनुज, एहजाद, उमेश, आकाश, श्याम, कल्पेश, राजू, मनीष पटेल, प्रशांत तिवारी सहित महिला साथियों ने भी हिस्सा लिया।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./630/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुरूषोत्तम नामदेव पिता स्व. हीरालाल नामदेव निवासी भीटा द्वारा ग्राम टेमर प.ह.नं. 18 ख.नं. 165/2 रकबा 0.262 हे. भूमि रजिस्टर्ड फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त भूमि आवेदक के नाम किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्रं. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 12/02/2026 को जारी।
जारी दिनांक :- 12/02/2026
पेशी दिनांक :- 20/02/2026
अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी जबलपुर

इतिहास

कहानी जानकर कांप जाएगी रूह

# लड़कियों के खून से नहाती थी ये रानी, 650 लड़कियों की हत्या की

**बुडापेस्ट।** दुनिया में कई सीरियल किलर्स हुए हैं, जिनके बारे में जानकर लोगों की रूह कांप जाती है। एक महारानी ऐसी ही सीरियल किलर थी, जिसका नाम एलिजाबेथ बाथरी था। इसे इतिहास की सबसे खतरनाक और निर्दयी महिला सीरियल किलर के तौर पर जाना जाता है। एलिजाबेथ बाथरी ने साल 1585 से 1610 के बीच 650 लड़कियों की हत्या कर उनके खून से नहाया था। उसने सभी लड़कियों की हत्याएं अपने महल में की थी। एलिजाबेथ बाथरी हंगरी साम्राज्य के ऊंचे रसूख वाले बाथरी परिवार से थी। उसकी शादी फेरेंक नैडेस्डी नाम के शख्स से हुई थी, जो तुर्कों के खिलाफ युद्ध में हंगरी का नेशनल हीरो था।एलिजाबेथ का 1560 में हंगरी में जन्म हुआ था। वह अपनी खूबसूरती के लिए दूर-दूर तक जानी जाती थी। एलिजाबेथ मानती थी जवान लड़कियों के खून से कोई व्यक्ति जवान रह सकता है।





### लड़कियों को पीटती और भूख से तड़पाती थी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलिजाबेथ लड़कियों को बड़ी तनख्वाह पर नौकरी की पेशकश करती थी। इसके बाद उन्हें परिवार से दूर ले आती थी। उन्हें महल में बंद कर देती थी। इसके बाद उन्हें पीटती थी और भूख से तड़पने के लिए छोड़ देती थी। यहां तक कि उनके हाथों को जला देती थी या फिर काट देती थी। कई बार वह लड़कियों के चेहरे या शरीर के दूसरे अंगों का मांस दांतों से काटकर निकाल लेती थी और अंत में उनकी हत्या कर उनका खून एक टब में इकट्ठा करती थी, जिसमें वह नहाती थी। इसका जिक्र कई किताबों में भी किया गया है।

### मिली थी खौफनाक सजा

साल 1610 में एलिजाबेथ बाथरी को उसके इस जुर्म के लिए गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसके ही महल के एक कमरे में कैद कर दिया गया। कैद में चार साल बाद 21 अगस्त, 1614 को उसकी मौत हो गई। कहा जाता है कि एलिजाबेथ बेहद खूबसूरत थी और अपनी खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती थी। इसकी वजह से उसने 650 लड़कियों की हत्या कर दी थी। जवान दिखने के लिए लड़कियों के खून से नहाती थी।

### कौन-कौन था जुर्म में शामिल?

एलिजाबेथ बाथरी के इस खौफनाक जुर्म में उसके तीन नौकर भी शामिल थे। चूंकि, वो एक ऊंचे रसूख वाली महिला थी, इसलिए वो आसपास के गांवों की गरीब लड़कियों को अपने महल में अच्छे पैसों पर काम करने का लालच देकर बुला लेती थी। लेकिन, लड़कियां जैसे ही महल में आती थीं, वो उन्हें अपना शिकार बना लेती थी। बताया जाता है कि इलाके में लड़कियों की संख्या कम होने पर वह ऊंचे परिवार की लड़कियों को अपना शिकार बनाने लगी थी। जब हंगरी के राजा को उसकी करतूतों के बारे में पता चला तो, उन्होंने मामले की जांच करवाई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। जांच दल ने एलिजाबेथ के महल से कई लड़कियों के कंकाल और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए थे।

# 'माफिया इंक चैंपियनशिप' और आंत्रप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन समिट-2026 में 700 से अधिक छात्र शामिल




**इंदौर।** आईपीएस एकेडमी, इंदौर में आयोजित आंत्रप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन समिट-2026 और इंदौर स्टूडेंट आंत्रप्रेन्योरशिप कॉन्फ्रेंस (ISEC-2026) में शहर के 5 कॉलेजों के 700 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 'भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम का विकास और छात्र आंत्रप्रेन्योरशिप पर उसका असर' विषय पर आधारित इस आयोजन का मुख्य आकर्षण 'माफिया इंक चैंपियनशिप' रहा, जो एक स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट गेम है। जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक चले इस टूर्नामेंट में कैंपस राउंड के बाद 30 छात्र फाइनल में पहुंचे। फिनाले में लाइव गेम के माध्यम से प्रतिभागियों की निर्णय क्षमता और लीडरशिप स्किल्स का परीक्षण किया गया। लब्धि नाहर, पहल जैन, माधवी धुदानी, लक्ष्मी चौधरी, रवि ठाकुर, भावेश निकुम्बे और शीतल सोमानी विजेता रहे। उन्हें कुल 1 लाख रुपए नकद पुरस्कार एवं पेड इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में माफिया इंक के संस्थापक मधुकर केशवमूर्ति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ राठौर सहित हेमंत राजोरिया (आईडीएफसी फर्स्ट बैंक), संजय कुमार शर्मा एवं रोहित प्रसाद (एलआईसी), नेहा गौर (सीईओ, पीआर 24x7), किंजल्क पंचोली, डॉ. मोहित दुबे (प्रो वाइस चांसलर, एमआईटी एडीटी यूनिवर्सिटी) और सुंदर रामकृष्णन सहित कई स्टार्टअप लीडर्स उपस्थित रहे। आयोजन में स्टार्टअप इकोसिस्टम, लीडरशिप और रियल वर्ल्ड स्किल्स पर थिंक टैंक सेशन आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा सह-प्रस्तुत किया गया, जबकि इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन, लक्ष्य एनजीओ, पीआर 24x7, नेक्सस इंदौर और आईपीएस एकेडमी सहयोगी संस्थाओं के रूप में जुड़े रहे।

# दलहन दिवस पर गोदरेज एग्रोवेट ने किसानों के लिए आयोजित किया विशेष आउटरीच कार्यक्रम

**मुंबई।** विश्व दलहन दिवस के अवसर पर गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस ने पांच लाख से अधिक दलहन किसानों तक पहुंचने वाली एक विशेष आउटरीच पहल शुरू की। इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत और टिकाऊ दलहन खेती के लिए सटीक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अरहर, चना और मूंग जैसी प्रमुख फसलों पर ध्यान दिया गया। किसानों को मिट्टी की सेहत, मौसम का प्रभाव, क्रॉप फिजियोलॉजी, खेती के आधुनिक तरीके और सीजन के दौरान कीट-बीमारियों से बचाव के व्यावहारिक उपायों के बारे में जानकारी दी गई। राजवेलु एनके, सीईओ-क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस, गोदरेज एग्रोवेट ने बताया कि किसानों की कृषि ज्ञान को समय पर सुदृढ़ करने से उनकी निर्णय क्षमता बढ़ती है और वे बदलते कृषि परिवेश में बेहतर तरीके से काम कर सकते हैं। इस पहल के माध्यम से गोदरेज एग्रोवेट ने किसानों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित किया और भारतीय दलहन पारिस्थितिकी तंत्र के सशक्त विकास में योगदान देने की दिशा में कदम बढ़ाया।




# क्रिकेट टूर्नामेंट में ना ट्रॉफी, ना कैश... खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड में मिला देसी मुर्गा

**देवरिया।** क्रिकेट टूर्नामेंट का नाम सुनते ही जहन में ट्रॉफी, मेडल या कैश इनाम की तस्वीर उभरती है, लेकिन उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक स्थानीय क्रिकेट टूर्नामेंट ने इनाम की रिवायत ही बदल दी। यहां मैन ऑफ द मैच बने खिलाड़ी को नकद राशि या ट्रॉफी की जगह जिंदा शुद्ध देसी मुर्गा इनाम में दिया गया।

**इनाम का अनोखा ऐलान :** देवरिया के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में कई टीमों ने हिस्सा लिया। मुकाबले पूरे जोश और जुनून के साथ खेले गए। जब पुरस्कार वितरण का वक्त आया तो दर्शकों को लगा कि अब ट्रॉफी या कैश प्राइज दिया जाएगा, लेकिन जैसे ही मैन ऑफ द मैच का नाम पुकारा गया, मंच पर एक तंदुरुस्त देसी मुर्गा लाया गया। खिलाड़ी को वही मुर्गा इनाम में थमा दिया गया। यह नजारा देखते ही मैदान में हंसी, तालियों और हैरानी का माहौल बन गया।




### देसी अंदाज ने जीता दिल

मुर्गा भी बिल्कुल फुर्तीला और ताजा दिख रहा था। खिलाड़ी खुद मुस्कुरा उठा और दर्शकों ने इस लम्हे को मोबाइल में कैद कर लिया।आयोजकों का कहना है कि यह देसी अंदाज में खेल को यादगार बनाने की कोशिश थी। उनका मानना है कि गांव के खेल में स्थानीय संस्कृति की झलक भी होनी चाहिए।

# सोनी पल पर लौट रहा है ज्ञान का सबसे बड़ा मंच – 'कौन बनेगा करोड़पति'

**मुंबई।** भारत का सबसे प्रतिष्ठित गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) 16 फ़रवरी से सोनी पल पर एक बार फिर दर्शकों को ज्ञान, प्रेरणा और परिवार की एकजुटता का अनुभव देगा। शो हर सोमवार से शनिवार, रात 8 बजे प्रसारित होगा। शो को सदी के महानायक अमिताभ बच्चन होस्ट करेंगे, जिनकी गरिमा, आवाज़ और मार्गदर्शन इसे सिर्फ़ मनोरंजन नहीं बल्कि जीवन का अनुभव बनाते हैं। इस सीज़न में कई सेलिब्रिटी मेहमान और रियल हीरोज़ भी हॉट सीट की शोभा बढ़ाएंगे, जिनमें नाना पाटेकर, सोनू निगम, श्रेया घोषाल, विक्रांत मैसी, मनोज कुमार शर्मा, डॉ. अभय बंग, रानी बंग, बमन ईरानी, फराह खान, समय रैना, तन्मय भट्ट, वरुण धवन, कार्तिक आर्यन और विश्वास नागरे पाटिल शामिल हैं। केबीसी सिर्फ़ एक गेम शो नहीं है, बल्कि यह परिवार को एक साथ जोड़ने, संवाद बढ़ाने और सीखने की भावना को जीवित रखने का मंच है। हर सवाल परिवार के सभी सदस्यों—मम्मी, पापा, दादा-दादी और बच्चों—को एक साथ सोचने और जवाब देने के लिए प्रेरित करता है। सोनी पल एक फ्री-टू-एयर चैनल है और इसे सेट-टॉप बॉक्स या डीडी फ्री डिश पर आसानी से देखा जा सकता है।




# प्रकृति का अजूबा, एक शरीर, तीन दिल

**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन वीक के दौरान अक्सर दिल लेने-देने की बातें होती हैं, लेकिन इसी मौके पर एक ऐसा रोचक तथ्य भी जानना जरूरी है जो आपको हैरान कर देगा. जहां इंसान के शरीर में केवल एक दिल होता है, वहीं समुद्र में पाया जाने वाला ऑक्टोपस तीन दिलों का मालिक होता है। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सच्चाई है। ऑक्टोपस के तीनों दिल अलग-अलग काम करते हैं। इसके दो दिल गलफड़ों तक खून पहुंचाते हैं, ताकि उसमें ऑक्सीजन मिल सके, जबकि तीसरा दिल ऑक्सीजन से भरपूर रक्त को पूरे शरीर में भेजता है। एक और दिलचस्प बात यह है कि ऑक्टोपस का खून इंसानों की तरह लाल नहीं, बल्कि नीले रंग का होता है। ऑक्टोपस के दो दिल खून को गलफड़ों तक ले जाकर ऑक्सीजन लेने में मदद करते हैं। वहीं, उसका सिस्टमिक दिल पूरे शरीर की मांसपेशियों और अंगों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाने का काम करता है। जब ऑक्टोपस तैरता है, तो उसका मुख्य दिल कुछ समय के लिए काम करना बंद कर देता है, इसी वजह से वह जल्दी थक जाता है और तैरने के बजाय रेंगना ज्यादा पसंद करता है।

■ वर्ष 2026-27 के लिए जारी हुई आबकारी नीति

■ शराब की बोतलें हो सकेंगी रीसाइकिल

# 1 अप्रैल से फाइबर की फूड ग्रेड बोतल में मिलेगी शराब, आकार तय, पिछले साल से जाम 35 नई दुकानों के शटर भी खोले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पीने- पिलाने के शौकीनों को अप्रैल से देशी और अंग्रेजी शराब फूड ग्रेड की फाइबर की बोतलों में उपलब्ध होगी। राज्य सरकार की वर्ष 2026-27 के लिए बनाई गई शराब नीति के तहत इस बदलाव को मंजूरी दी गई है। सरकार ने पिछले साल 67 नई शराब दुकानें खोलने की अनुमति दी थी। इनमें से 35 दुकानें जन विरोध के कारण खुल नहीं पाई थीं, नई नीति में इन बाकी दुकानों को खोलने का रास्ता साफ किया गया है।

### रीसायकल हो सकेंगी खाली बोलतें

राज्य में शराब पीने वालों के हाथ में फाइबर की जो बोतल, अद्धी या पौवा आएगा, वह उपयोग होने के बाद बेकार फेंकने में नहीं जाएंगी। ये शीशियां रीसाइकल हो सकेंगी। खास बात ये है कि देशी मदिरा की आपूर्ति केवल फूड ग्रेड (आरपीटी- फूड ग्रेड रीसाइकिलेबल पॉलीथ्लेन) में ही की जाएगी। नीति में कहा गया है कि इस बोतल के संबंध में छत्तीसगढ़ प्लास्टिक और अन्य जैव-अनाशित सामग्री (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) नियम, 2023 में निहित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।



### पिछले साल नहीं खुल पाई 35 दुकानें इस बार खुल सकती हैं

पिछले साल की नीति में प्रदेश में मदिरा दुकान विहीन एवं उपयोजना क्षेत्रों तथा अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मदिरा विक्रय पर नियंत्रण के उद्देश्य से 67 नवीन मदिरा दुकानें संचालित किये जाने की अनुमति दी गई थी। इन 67 नवीन मदिरा दुकानों में से वर्तमान में खोले जाने हेतु शेष 35 नवीन मदिरा दुकानों को मदिरा दुकान विहीन क्षेत्र, उपयोजना क्षेत्र तथा अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध मदिरा विक्रय पर नियंत्रण के उद्देश्य संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा नियमानुसार समस्त प्रक्रिया का पालन कर नवीन मदिरा दुकान खोले जाने का प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर नवीन मदिरा दुकान खोली जा सकेगी।

### जरूरत के हिसाब से खुलेंगी प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानें

*वर्ष 2026-27 के लिए मंत्रिपरिषद के निर्णय 21 जनवरी 2026 द्वारा आवश्यकतानुसार पृथक से प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानें संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। इस संबंध में जिलों के कलेक्टर द्वारा नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान संबंधी प्रस्ताव आवश्यक जांच के बाद आबकारी आयुक्त को भेजा जाएगा, जिस पर शासन निर्णय के बाद नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान खोली जा सकेगी।*

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** – मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती

नक्सलियों से हुई थी मुठभेड़

# ऑउट-ऑफ टर्न-प्रमोशन में भेदभाव, हाईकोर्ट में गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में हुए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में साहसिक भूमिका निभाने वाले पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने में भेदभाव करने का आरोप लगा है। इस आपरेशन में शामिल 3 जवानों को प्रमोशन का लाभ नहीं दिया गया। दायर याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने डीजीपी को दो महीने के भीतर निराकरण करने का आदेश दिया है। दरअसल, कांकेर जिले में पदस्थ पुलिस जवान दीपक कुमार नायक, अग्नु राम कोर्राम और संगीत भास्कर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने बताया कि 15 और 16 अप्रैल 2024 को बीएसएफ के साथ संयुक्त रूप से चलाए गए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में तीनों जवान शामिल थे। यह ऑपरेशन कांकेर जिले के कालपर-हापाटोला-छेटेबेठिया क्षेत्र में हुआ, जहां 40-50 सशस्त्र माओवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। इस कार्रवाई में 29 सशस्त्र नक्सली मारे गए, जिनमें 15 पुरुष और 14 महिलाएं शामिल थीं। साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया।हाईकोर्ट ने माना कि, याचिकाकर्ताओं का दावा अभी सक्षम प्राधिकारी के सामने विचाराधीन है। ऐसे में कोर्ट ने इस स्तर पर सीधे पदोन्नति का आदेश न देकर, प्रतिनिधित्व के जल्द निराकरण करने का निर्देश दिया है।

### 54 पुलिसकर्मियों को मिला प्रमोशन

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि इस सफल ऑपरेशन में कुल 187 पुलिसकर्मी शामिल थे, लेकिन शासन ने केवल 54 पुलिसकर्मियों को ही पुलिस विनियम 70(क) के तहत आउट ऑफ टर्न प्रमोशन का लाभ दिया जबकि, याचिकाकर्ता भी समान परिस्थितियों में ऑपरेशन का हिस्सा थे। इसी भेदभाव से आहत होकर उन्होंने 25 जून 2025 को पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज के समक्ष प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया, जो अब तक लंबित है।

## शब्द पहेली - 6137



**बाएँ से दाए**
1.मूर्ख,बेवकूफ (उर्दू-4)
5.संपत्ति-4
9.कटि,पीठ -3
10.प्रणाम,नमस्कार-3
12.अधीन-2
14.पितामह-2
15.कार्य-2
16.पराजय-2
17.अच्छे कुल का-3
19.तरंग,हिलोर-3
21.एक प्रकार की दाल-3
22.ओस,रजनी जल(उर्दू-4)
24.गगन,आकाश-4
25.स्वच्छ करना-5
26.आश्चर्यजनक-4
29.जो लायक न हो-4
33.उल्टी,कै-3
34.रनिवास,जनवासा-3
36.पंक्ति,लाइन-3
37.सुर,लय,आलाप-2
38.दंड,शिक्षा-2
39.पराजय-2
41.झुका हुआ -2
42.कर्म,भाग्य-3
43.भार-3
45.भूल,गलती (उर्दू-4)
46.भाग्य,नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.मां का दुलार-3
4.ताली की आवाज-4
5.अनुभवी-4
6.जुड़वा-3
7.दक्षिणा-2
8.राम के पुत्र-2,2
11.अभिलाषा,-4
13.क्रूस,सूली-3
16.पाचनशक्ति-3
18.ईसाई साध्वी-2
20.जीवनसाथी -5
21.गरबा,नृत्य-2
23.मालिश-3
24.दर्पण,शीशा-3
26.ईश्वर-4
27.बाग,गुलिस्तां-3
28.क्रिकेट में बनते हैं-2
30.दुलारा,पुत्र-2
31.भरोसा,विश्वास-3
32.करामात-4
34.शेविंग करना-4
35.हाथी साधने वाला-4
38.आसान,सीधा-3
40.कपड़े धोने वाला-3
42.बलगम-2
44.सरिता-2

### शब्द पहेली - 6136 का हल



## सूडोकु नवताल - 6147

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## ओमान की टीम को 105 रनों से हराया

# श्रीलंका ने दर्ज की टी-20 विश्व कप के इतिहास में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत

टी-20 विश्व कप 2026 के 16वें मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने ओमान क्रिकेट टीम को 105 रनों से हरा दिया। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की रनों के लिहाज से मिली दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने साल 2007 में केन्या क्रिकेट टीम को 172 रन से हराया था। नीदरलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका 2024 के विश्व कप में 83 रन से हरा चुकी है।



एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

ओमान ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। श्रीलंका के लिए पवन रत्नायके (60), कुसल मेंडिस (61) और दासुन शनाका (50) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 225/5 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में ओमान के लिए कोई भी बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। ओमान की पूरी टीम 120/9 का स्कोर ही बना पाई।

### मेंडिस 2,500 रन पूरे करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने

*मेंडिस ने 45 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले और उनकी स्ट्राइक रेट 135.56 की रही। इस पारी के दौरान उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 2,500 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने हैं। इस प्रारूप में 2,000 से ज्यादा रन बनाने वाले अन्य श्रीलंकाई बल्लेबाज केवल पथुम निसांका और कुसल परेरा हैं। मेंडिस के बल्ले से 102 पारियों में 2,542 रन निकले हैं।*

### पवन का पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक

श्रीलंका के पवन रत्नायके ने 28 गेंदों का सामना किया और कुल 60 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 8 चौके और 1 छक्का निकला। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में पूरा किया। इस खिलाड़ी ने टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के लिए तीसरा सबसे तेज अर्धशतक भी जड़ा। रत्नायके ने 7 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं और 25.20 की औसत से 126 रन बनाए हैं।

### शनाका ने जड़ा सबसे तेज अर्धशतक

श्रीलंका के शनाका ने सिर्फ 20 गेंदों का सामना किया और 50 रन बनाकर आउट हुए। उनके बल्ले से 2 चौके और 5 छक्के निकले। ये उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 7वां और टी-20 विश्व कप में पहला ही अर्धशतक रहा। शनाका ने सिर्फ 19 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह श्रीलंका के लिए इस प्रारूप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। उन्होंने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। शनाका अब टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने पूर्व दिग्गज महेला जयवर्धने का रिकॉर्ड तोड़ा है। महेला ने साल 2007 के टी-20 विश्व कप में केन्या क्रिकेट टीम के खिलाफ सिर्फ 21 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

### मोहम्मद नदीम ने ये बड़ा रिकॉर्ड किया अपने नाम

रिपोर्ट के मुताबिक, 43 साल और 161 दिन के नदीम अब टी-20 विश्व कप में अर्धशतक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के पूर्व दिग्गज सनथ जयसूर्या का रिकॉर्ड तोड़ा। जयसूर्या ने 39 साल और 345 दिन की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ (टी-20 विश्व कप 2009) अर्धशतक लगाया था। इस सूची में तीसरे बल्लेबाज पाकिस्तान के शोएब मलिक हैं, जिन्होंने 39 साल और 279 दिन की उम्र में अर्धशतक (बनाम स्कॉटलैंड, 2021) जड़ा था।

**ग्रुप-बी में पहले स्थान पर है श्रीलंका** : श्रीलंका की यह टी-20 विश्व कप में लगातार दूसरी जीत है। ग्रुप-बी में मौजूद श्रीलंका टीम फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम दूसरे पायदान पर है।

# टी-20 विश्व कप इतिहास में इटली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, नेपाल को दी शिकस्त



**मुंबई।** टी-20 विश्व कप 2026 के 17वें मैच में इटली क्रिकेट टीम ने नेपाल क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम ने 13वें और में लक्ष्य हासिल किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।

**जस्टिन और एंथनी ने लगाए अर्धशतक**

लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने अपने-अपने अर्धशतक लगाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना चौथा अर्धशतक 37 गेंदों में पूरा किया।

### इटली ने आसानी से जीता मैच

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 49 रन तक अपने 3 विकेट गंवाए। इसके बाद भी नेपाल के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा। इस बीच आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अंत में करन केसी ने 11 गेंदों में 18 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में इटली को जस्टिन मोस्का (61*) और एंथनी मोस्का (61*) ने अर्धशतक लगते हुए जीत दिलाई।

### क्रिशन ने लिए 3 विकेट

इटली की ओर से क्रिशन कलुगामागे सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस स्पिनर ने अपने 4 ओवर के कोटे में 18 रन देते हुए 3 विकेट लिए।अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने 20 पारियों में 17.95 की औसत और 6.46 की इकॉनमी रेट के साथ 23 विकेट लिए। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर बेन मानेंटी ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 9 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए।

### मोस्का बंधुओं ने साझेदारी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है। इससे पहले कामरान अकमल और उमर अकमल की भाइयों की जोड़ी ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 96 रन की साझेदारी की थी। इस सूची में तीसरे पायदान पर इटली के बेंजामिन मनेन्टी और हैरी मनेन्टी ने स्कॉटलैंड (2026) के खिलाफ 73 रन की साझेदारी की थी।

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया का दूसरा चरण 23 से गुलमर्ग में

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था। मांडविया ने कहा लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था। गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नोर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी। पिछली बार भारतीय सेना ने सर्वाधिक 18 पदक जीते थे जबकि हिमाचल प्रदेश दूसरे, लद्दाख, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे थे।

### बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर के साथ बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** हनी बैसोया ने छह अंडर 64 स्कोर करके डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स गोल्फ चैम्पियनशिप के तीसरे दौर के बाद पांच शॉट की बढत बना ली। कुतुब गोल्फ कोर्स पर चल रहे टूर्नामेंट में कल दूसरे स्थान पर काबिज बैसोया ने सात बर्डी लगाये और एक बोगी किया। उनका कुल स्कोर 18 अंडर 192 है। सात बार डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर खिताब जीत चुके 29 वर्ष के बैसोया ने पांच साल से कोई खिताब नहीं जीता है।



### अफगान के खिलाड़ियों ने पीएसएल नीलामी से लिए नाम वापस

**कराची।** अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के 11वें चरण से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी से अपने नाम वापस ले लिए। पीएसएल में यह नीलामी पहली बार कराई गई थी। एक फ्रेंचाइजी के मालिक ने शुरू में पुष्टि की थी कि मुजीबुर रहमान, सेद्दीकुल्लाह अटल, मुहम्मद नबी, वकार सलामखेल, फजल हक फारूकी जैसे खिलाड़ियों ने बुधवार को लाहौर में हुई नीलामी के लिए पंजीकरण कराया था लेकिन पेशावर जाल्मी द्वारा अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज से सीधा करार करने पर हुए विरोध के बाद उन्होंने अपने नाम वापस ले लिए।

# जिम्बाब्वे से मुकाबला आज, ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत की लय बनाए रखना चुनौती

**मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में आज सुबह 11 बजे से**

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 19वें मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का सामना जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम से होगा। जहां कंगारू टीम की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर होगी, तो वहीं जिम्बाब्वे 18 साल पुराने इतिहास को दोहराने के इरादे से मैदान में उतरेगा। टी-20 विश्व कप में आखिरी बार जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को साल 2007 में हराया था, जब उसे 5 विकेट से यादगार जीत मिली थी। ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के बीच यह मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में 13 फरवरी को सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।

### जिम्बाब्वे के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हुए हैं। दो मुकाबले कंगारू टीम ने जीते हैं और 1 मैच में जिम्बाब्वे को जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला साल 2018 में खेला गया था। जहां ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से जीत मिली थी। इस विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने अपना पहला मैच आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जीता था। वहीं, जिम्बाब्वे को ओमान क्रिकेट टीम के खिलाफ 8 विकेट से जीत मिली थी।



### टीमें इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया एकादश :** ट्रेविस हेड (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मैट रेनशॉ, कूपर कॉनॉली, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, मैथ्यू कुहनेमैन और एडम जैम्पा।

**जिम्बाब्वे एकादश:** ब्रायन बेनेट, ताडिवानाशे मारुमानी, डियोन मायर्स, ब्रेंडन टेलर (विकेटकीपर), सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्रैड इवांस, वेलिंगटन मसाकाद्जा, रिचर्ड नगारावा और ब्लेसिंग मुजरबानी।

## मोहम्मद नबी पर अंपायर का फैसला न मानने पर लगा जुर्माना

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस शिकस्त के बाद अफगान टीम के लिए एक और बुरी खबर है। दरअसल, अफगानिस्तान के प्रमुख ऑलराउंडर मोहम्मद नबी पर मैच के दौरान अंपायर का फैसला न मानने के लिए जुर्माना लगाया गया है।



**मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा**

*यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 14वें ओवर में हुई, जब नबी की अंपायरों से गेंदबाज लुंगी एनगिडी के रिस्ट बैंड को लेकर काफी देर तक बहस हुई। अंपायर के फैसले पर एतराज जताते हुए नबी ने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 का उल्लंघन किया।*

### मेस्सी चोटिल, इंटर मियामी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध



**फोर्ट लॉडरडेल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवतः हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था।

## भारत का मुकाबला जापान, ऑस्ट्रेलिया, लेबनान से

**अंडर-17 महिला एशिया कप**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार बार के चैंपियन जापान, ऑस्ट्रेलिया और लेबनान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। किर्गिज़ गणराज्य और उज्बेकिस्तान को हराकर 21 वर्षों में पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वह जापान और लेबनान का सामना करेगी।

चीन में यह टूर्नामेंट एक से 17 मई तक सूज़ौ शहर में सूज़ौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम और सूज़ौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

### ग्रुप ए और सी में ये देश शामिल

मेजबान चीन को थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप सी में उत्तर कोरिया, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस और चीनी ताइपे शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

## चेन्नई ओपन : पूनाचा- इसारो की जोड़ी सेफा में, नागल बाहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पूर्व चैंपियन सुमित नागल बृहस्पतिवार को यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के दूसरे दौर में रूस के पेट्र बार बिरयुकोव से हारकर बाहर हो गए। भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल को विश्व रैंकिंग में 305 नंबर पर काबिज बिरयुकोव से दो घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 6-4 6-7 3-6 हार मिली। युगल मुकाबलों में शीर्ष वरीय निकी पूनाचा और प्रयुच्या इसारो ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले लोहिथाक्शा बथीनाथ और अभिनव संजीव शानमुगम को 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना हमवतन एसडी प्रज्वल देव और नितिन सिन्हा की जोड़ी से होगा। वहीं दूसरी वरीय सिद्धांत बांठिया और साकेत मायनेनी की जोड़ी दिन के अंतिम क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुंकुद और जे क्लार्क से 5-7, 4-6 से हारकर बाहर हो गई। दिन के सबसे लंबा मैच चौथे वरीय इलिया सिमाकिन और ऑस्ट्रेलिया के फिलिप सेकुलिच के बीच हुआ जो करीब तीन घंटे तक चला। इसमें सिमाकिन ने सेकुलिच को 4-6, 7-5, 7-6 (1) से हराया।



### समारोह में शामिल होंगे फेडरर टिकट दो मिनट में बिके

**न्यूपोर्ट (अमेरिका)।** रोजर फेडरर ने भले ही टेनिस को अलविदा कह दिया हो लेकिन उनका जादू अब भी प्रशंसकों पर सर चढ़कर बोलता है जिसकी बानगी यहां उन्हें अंतरराष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ़ फेम में शामिल करने के समारोह के टिकटों की भारी मांग में देखने में मिली। फेडरर से जुड़े इस समारोह के सभी टिकट दो मिनट में बिक गए। आयोजकों ने आउटडोर पार्टी के लिए अलग से अतिरिक्त टिकट जारी किए जो हाथों हाथ बिक गए। आखिर में आयोजकों को कहना पड़ा कि उनकी क्षमता सीमित है और वह अधिक टिकट जारी नहीं कर सकते हैं।



**29 अगस्त को होना है कार्यक्रम** : इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी को 29 अगस्त को प्रसारक मैरी कैरिलो के साथ हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया जाएगा। न्यूपोर्ट स्थित इस प्रतिष्ठित हॉल में होने वाले मुख्य समारोह के लिए पहले से उपलब्ध 900 टिकटों के अलावा हॉल अपने 3,600 सीटों वाले स्टेडियम को एक विशेष कार्यक्रम के लिए खोलेगा। इसके बावजूद हॉल की प्रवक्ता मेगन एर्ब्स ने कहा कि 4,500 टिकट दो मिनट के भीतर ही बिक गए।

**मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से**

# यूएई-कनाडा के बीच भिड़ंत आज, दोनों को जीत की दरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2026 के 20वें मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम का सामना आज पहली बार यूएई क्रिकेट टीम से होगा। ये ग्रुप-डी का मुकाबला होगा। टी-20 क्रिकेट के इतिहास में अभी तक कनाडा की टीम एक बार भी यूएई को हराने में सफल नहीं हो पाई है। इस विश्व कप में दोनों टीमों ने अपने पहले मुकाबले हारे हैं। कनाडा और यूएई के बीच यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में आज 13 फरवरी को दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा।



### कनाडा के खिलाफ यूएई का पलड़ा रहा है भारी

टी-20 क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 6 मुकाबले खेले गए हैं। इन सभी मुकाबलों में यूएई को जीत मिली है। आखिरी बार दोनों टीमों के बीच साल 2019 में मुकाबला हुआ था। उसे यूएई ने 14 रन से अपने नाम किया था। टी-20 विश्व कप 2026 में यूएई को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 विकेट से हार मिली थी। वहीं, कनाडा को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 57 रन से हार मिली।

कनाडा की टीम : युवराज समरा, दिलप्रीत बाजवा (कप्तान), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, श्रेयस मूव्वा (विकेटकीपर), हर्ष ठाकर, साद बिन जफर, जसकरण सिंह, डिलन हाइलिगर, कलीम सना और अंश पटेल।

यूएई की टीम : आर्यांश शर्मा (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, मयंक कुमार, सोहैब खान, हर्षित कौशिक, मोहम्मद अरफान, ध्रुव पराशर, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी और मोहम्मद रोहिद खान।

### उम्मीद जीवंत रखने की कोशिश करेगा नीदरलैंड अमेरिका को करनी होगी वापसी

**चेन्नई।** पिछले मैच में जीत हासिल करके वापसी करने वाले नीदरलैंड को शुक्रवार को यहां टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए आक्रामक बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी जो सुपर आठ में पहुंचने की उसकी उम्मीदों को जीवित रखने के लिए जरूरी है। नीदरलैंड को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन इसके बाद उसने अपने अगले मैच में नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की। ऑलराउंडर बास डी लीडे उसके अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। मैच चेन्नई में आज शाम सात बजे से।

## आधुनिक शतरंज में खेल की गहरी समझ ही असली निर्णायक



एजेंसी ▶▶| मदुरै

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने गुरुवार को यहां कहा कि ऐसे युग में जहां खिलाड़ी कंप्यूटर से मिलने वाली सहायता से अभिभूत हैं तब खेल की गहरी समझ आधुनिक शतरंज में एकमात्र असली निर्णायक कारक बन गई है। आनंद ने तीन दिवसीय शतरंज कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में कहा, ''दिलचस्प बात यह है कि आपको जितना अधिक ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है, उतना ही कम आप जान पाते हैं। यदि हर दिन आपको 20-30 नए निष्कर्ष मिलते हैं तो आप उन्हें कैसे समझ पाएंगे। मेरा मानना है कि आज के शतरंज खिलाड़ियों को अलग करने वाली एकमात्र चीज गहरी समझ है। बारीकियों को समझना ही कौशल कई साल पहले जब आनंद ने कंप्यूटर का उपयोग करना सीखा था, तब का उदाहरण देते हुए इस ग्रैंडमास्टर ने कहा कि नए विचारों के प्रति खुला रहना मददगार होता है, लेकिन बारीकियों को समझना एक खिलाड़ी को नए स्तर पर ले जाता है। उन्होंने कहा, ''हमारा दिमाग हमारी क्षमता से कहीं अधिक पैटर्न बनाता है।




विदेशी अभियुक्तों में नेटफ्लिक्स चेयरमैन रीड हेस्टिंग्स, बेला बजरिया सम्मिलित, विदेश मंत्रालय के माध्यम से समन जारी करने का अनुरोध

# 'घूसखोर पंडत' विवादः नीरज पाण्डेय-नेटफ्लिक्स के विरुद्ध आपराधिक मानहानि परिवाद प्रस्तुत

**ब्राह्मण समुदाय की प्रतिष्ठा पर आघात का आरोप**

जबलपुर।

आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडत' के निर्माता-निर्देशक नीरज पांडे व अमेरिका स्थित प्रसारण व डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के शीर्ष अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक मानहानि का परिवाद न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के समक्ष प्रस्तुत किया है। परिवाद में फिल्म के शीर्षक को ब्राह्मण समुदाय के लिए अभद्र, अपमानजनक एवं सामूहिक कलंक करार देते हुए परिवादी वैभव पाठक ने गुरुवार को अधिवक्ताओं की टीम सहित न्यायालय पहुंचकर यह परिवाद सुनवाई हेतु पंजीबद्ध कराया।

परिवाद के अनुसार, फिल्म के निर्माता ने व्यावसायिक प्रचार के लिए 'पंडत' (पंडित का लोकभाषा प्रचलन) उपसर्ग को जानबूझकर 'घूसखोर' जैसे आपराधिक विशेषण से युग्मित किया, जो समस्त ब्राह्मण समुदाय को भ्रष्टाचार से जोड़कर देखने की दुर्भावना का परिचायक है। परिवादी ने तर्कपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया है कि 'पंडित' शब्द केवल एक उपाधि नहीं, वरन् विद्वत्ता, पुरोहिताई, धार्मिक पवित्रता एवं ऐतिहासिक अस्मिता का वाचक है। इसी परंपरा में पंडित जवाहरलाल नेहरू, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जैसी विभूतियां इस उपाधि से समलंकृत हुई हैं।कहा गया है कि फिल्म का शीर्षक 'घूसखोर पंडत' किसी विशिष्ट पात्र का नहीं, वरन् संपूर्ण ब्राह्मण समाज की गरिमा का मखौल उड़ाने का कुत्सित प्रयास है। यह चलन दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिल्मकार सस्ती लोकप्रियता के लिए भड़काऊ शीर्षकों का सहारा लेते हैं, पश्चात आक्रोश भांपते हुए शीर्षक परिवर्तन कर देते हैं, किंतु तब तक समुदाय की



प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंच चुकी होती है।परिवाद में नीरज पांडे (फिल्म निर्माता/निर्देशक) , रीड हेस्टिंग्स (चेयरमैन, नेटफ्लिक्स) , टेड सरंदास (को-सीईओ, नेटफ्लिक्स) , बेला बजरिया (चीफ कंटेंट ऑफिसर, नेटफ्लिक्स) , मोनिका शेरगिल (कंटेंट हेड, नेटफ्लिक्स इंडिया) को प्रस्तावित अभियुक्त बनाया गया है। परिवादी की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी ने न्यायालय से प्रार्थना की है कि प्रस्तावित अभियुक्तों के विरुद्ध संज्ञान लेते हुए दंड प्रक्रिया संहिता ( नवीन ) के अंतर्गत सम्मन जारी किए जाएं। साथ ही, भारत के विदेश मंत्रालय के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में निवासरत अभियुक्तों (रीड हेस्टिंग्स, टेड सरंदास, बेला बजरिया) को आधिकारिक सम्मन प्रेषित करने का निदेश दिया जाए, जिससे विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए उन्हें न्यायिक मंच पर उपस्थित किया जा सके।

## जमीन की खरीद-फरोख्त में फर्जीवाड़ा करने के आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने विवादित जमीन की खरीद-फरोख्त में फर्जीवाड़ा करने के आरोपी जबलपुर निवासी राजेन्द्र कुमार जैन को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस संदीप एन भट्ट की सिंगल बेंच ने कहा कि मामले के रिकॉर्ड से यह स्पष्ट होता है कि आवेदक ने मूल शिकायतकर्ता द्वारा 25 नवंबर 2014 को पॉवर ऑफ अटॉर्नी रद्द किए जाने के बाद विवादित संपत्ति खरीदी थी। यह पूरा लेन-देन नकद में हुआ था। यद्यपि एफआईआर दर्ज करने में 10 वर्ष से अधिक की देरी हुई है, लेकिन इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि आवेदक इस लेन-देन का लाभार्थी है और प्रथम दृष्टया आवेदक के विरुद्ध पर्याप्त सबूत उपलब्ध हैं, उसे राहत नहीं दी जा सकती। पुलिस अधीक्षक ने आवेदक के खिलाफ 5 हजार रुपए रुपये का इनाम भी घोषित किया है क्योंकि वह तब से फरार है।प्रकरण के अनुसार शिकायतकर्ता पुनाकली चौरसिया ने मामले के सह-आरोपी उजयार सिंह लोधी के पक्ष में 2 सितंबर 2014 को एक पॉवर ऑफ अटॉर्नी निष्पादित की थी। यह पावर ऑफ अटॉर्नी 25 नवंबर 2014 को रद्द कर दी गई थी। इसके बावजूद उजयार सिंह ने आवेदक राजेन्द्र जैन को यह जमीन बेच दी। आवेदक के खिलाफ संजीवनी नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। आवेदक की ओर से दलील दी गई कि 10 साल बाद एफआईआर दर्ज कराई गई है। आवेदक को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। यह भी निवेदन किया जाता है कि इस मामले में मुख्य आरोपी उजियार सिंह है, जिसने पॉवर ऑफ अटॉर्नी रद्द होने के बाद संपत्ति बेच दी है। शासन की ओर से तर्क दिया गया कि आवेदक को इसकी जानकारी थी और उसी की सहायता से दस्तावेज तैयार किए गए थे। आरोपी दिए गए पते पर नहीं मिल रहा है और फरार है। उसका मोबाइल भी नहीं लग रहा है।

# फर्नीचर व्यवसायी की अंधी हत्या का राजफाश

**बाईक नंबर और फुटेज के आधार पर आरोपियों को दबोचा**

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गत 8 फरवरी की रात कार में टक्कर लगने के बाद हुए विवाद पर बाईक सवार चार आरोपियों द्वारा चाकू से हमला कर फर्नीचर व्यावसायी की हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्याकांड के मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दरअसल एक आरोपी घटना के बाद मोटरसायकिल छोड़कर भाग गया था जिसके नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई।

रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि 8 फरवरी की रात करीब 11 बजे गोकलपुर में फर्नीचर व्यवसायी अधारताल निवासी एकांश साहू की चार लोगों ने चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। क्रेटा कार को मोटरसायकिल की टक्कर लगने पर विवाद हुआ था, इसी दौरान यह वारदात हुई। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि मुख्य आरोपी शिवम बाजपेयी की मोटर साइकिल कार से टकराई थी। शिवम ने फोन कर अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। सभी ने मिलकर एकांश के साथ मारपीट शुरू कर दी और इसी दौरान चाकू से सीने पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।




### बाइक नंबर से खुला राज

पुलिस ने जांच के दौरान घटना स्थल पर मिली काले रंग की बाईक क्रमांक एमपी 20 केएम 0511 जब्त की थी। रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक से पूछताछ के बाद पुलिस निवाड़गंज पांडे चौक कोतवाली निवासी शिवम बाजपेयी तक पहुंची अमखेरा गोहलपुर निवासी सुधीर चौधरी, नन्हें जैन मंदिर के पास हनुमानताल निवासी अंकित चौरसिया और कांचघर घमापुर निवासी सुमित चौधरी को भी दबोच लिया। इस अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने में रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी और उनकी टीम के साथ क्राइम ब्रांच का विशेष योगदान रहा। टीम ने मोबाइल कॉल रिकॉर्ड्स और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की घेराबंदी की। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और बातचीत में इस्तेमाल किए गए 4 मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 103, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# नर्मदा-हिरन घाटों पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

**तीन दिन चला छापामार अभियान, 4 हजार घनमीटर अवैध रेत नदी में कराई समाहित**

हरिभूमि, जबलपुर।

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए व्यापक छापामार अभियान चलाया गया। नर्मदा एवं हिरन नदी के विभिन्न घाटों पर एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने लगातार तीन दिनों तक कार्रवाई की।

खनिज अधिकारी अशोक राय ने बताया की अभियान के दौरान तहसील सिहोरा अंतर्गत ग्राम देवरी, खिरहेनी, घोराकोनी एवं मढ़ा क्षेत्र में अवैध रेत निकासी रोकने हेतु घाटों की ओर जाने वाले मार्ग अवरुद्ध किए गए तथा नदी किनारे एकत्र रेत को पुनः नदी में समाहित कराया गया।



तहसील कुण्डम के ग्राम कल्याणपुर एवं रानीपुर घाटों पर भी सघन जांच कर पहुंच मार्ग बंद किए गए। वहीं तहसील शहपुरा के भड़पुरा एवं शीतलपुर क्षेत्र में करीब 4000 घनमीटर अवैध रूप से एकत्रित रेत को जेसीबी मशीनों की सहायता से नदी में प्रवाहित कर नष्ट किया गया।

ग्राम सगड़ा झपनी में छापामार कार्रवाई के दौरान लगभग 150 घनमीटर रेत जब्त कर नर्मदा नदी में डलवाई गई। तहसील पाटन क्षेत्र अंतर्गत हिरन नदी के महुआखेड़ा, जूरीकला, पौड़ीकला, गाड़ाघाट, गडवा एवं कैमारी घाटों का औचक निरीक्षण किया गया। गाड़ाघाट से लगे कोनीकला घाट में लगभग 200 घनमीटर रेत अवैध रूप से एकत्रित पाई गई, जिसे जल प्रवाह में डालकर नष्ट किया गया। साथ ही अवैध परिवहन हेतु बनाए गए रास्तों एवं रैम्प को भी ध्वस्त किया गया।

कार्रवाई के दौरान सिहोरा क्षेत्र में 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रेत परिवहन करते हुए जब्त किए गए। संबंधित प्रकरण खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से खनिज माफियाओं में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण पर फिर टली सुनवाई

जबलपुर। सुप्रीम कोर्ट मे मप्र में ओबीसी आरक्षण के मामले की सुनवाई फिर एक बार टल गई। दरअसल, गुरूवार को जस्टिस नरसिम्हा एवं जस्टिस आलोक अराधे की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई नियत थी। एक बजे के बाद बेंच नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि अब मामले की सुनवाई अगले सप्ताह बुधवार को संभावित है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले में सभी पक्षों की अंतिम बहस होना है।




## निजी स्कूल के हास्टल से लापता 2 छात्र अलमारी में मिले

**परिजनों से बात नहीं कराने और प्रताड़ना के आरोप**

**जबलपुर।** जबलपुर के माढ़ोताल क्षेत्र में स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के हॉस्टल से बुधवार रात दो छात्र अचानक लापता हो गए। देर रात मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने लगभग 3 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को दस्तयाब कर लिया। दोनों ही छात्र कक्षा में रखी अलमारी में ही छिपे मिले। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि रात में दोनों छात्र हॉस्टल में नहीं मिले जिस पर बाद माढ़ोताल थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम रात करीब 12 बजे स्कूल पहुंची। स्कूल गेट के सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। फुटेज में दोनों छात्र परिसर से बाहर जाते दिखाई नहीं दिए। इसके बाद हॉस्टल और स्कूल परिसर में सघन तलाशी ली गई। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद दोनों छात्र कक्षा की अलमारी में छिपे मिले। उनकी पहचान सार्थक पटेल और आलोक के रूप में हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।पूछताछ में छात्र सार्थक पटेल ने बताया कि वह दोनों अपने घर जाना चाहते थे और इस संबंध में अपने माता पिता से फोन पर बात करना चाह रहे थे लेकिन दो सप्ताह से उनकी घर पर बात नहीं कराई जा रही थी। हर बार बहाना बना दिया जाता था। रविवार को बात कराने का आश्वासन दिया गया, लेकिन बात नहीं कराई गई, इसके बाद बुधवार शाम करीब 7 बजे वह अपने साथी के साथ कक्षा में गया और अलमारी में छिप गया। बच्चों ने प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि मामला प्रताड़ना का है या परिवारजनों से संवाद नहीं कराने का। इसकी जांच की जा रही है।




आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

**श्रीमती शकूंतला गोयल, बिलासपूर : प्र.** मेरी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, उसे गले में खराश के साथ बार–बार खाँसी आ रही है। कृपया उपचार बताये।

**उ. बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** 1 चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे। **बैद्यनाथ खदिरादी बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में 3 बार चुसे तथा **बैद्यनाथ कासामृत** 2–2 चम्मच सुबह–शाम लें।

**श्री राज शाहू, दुर्ग : प्र.** मुझे 3–4 दिन से बुखार है तथा पुरे शरीर में दर्द व अकड़न लग रही है।

**उ. बैद्यनाथ महासुदर्शन काढ़ा** 3 चम्मच बराबर पानी के साथ भोजन पश्चात सुबह–शाम लें। साथ में **बैद्यनाथ महायोगराज गुग्गुलु तथा सर्वज्वरहर लौह** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन पश्चात पानी के साथ लें।

**श्री राजेश गांधी, राजनांदगांव : प्र.** मुझे 1 सप्ताह से सर्दी, जुकाम है तथा शरीर में बुखार है एसा लगता है।

**उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस तथा त्रिभुवनकिर्ती रस** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन के पश्चात पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** 1 चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ लें।

**श्रीमती अशोक बोदनकर, रायपूर : प्र.** मेरी उम्र 58 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।

**उ. बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ रुमार्थो टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ रुमा ऑईल** दर्द की जगह लगायें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.) प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतु सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 844 844 4935 I www.baidyanath.co




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240